CMYK

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, रविवार 15 फरवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 30 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 26 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




क्या अब भाजपा सरकार यह तय करेगी शंकराचार्य कौन होगा: अविमुक्तेश्वरानंद पेज 2



भारत- पाक का महामुकाबला आज, बुमराह और कुलदीप भारत के प्रमुख हथियार होंगे खेल टाइम्स



भारत से रिश्तों में बांग्लादेश का हित जरूरी: तारिक रहमान पेज 11



प्यार, सस्पेंस और एक्शन का संगम है 'ओ रोमियो' बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### कोयला घोटाले में ईडी की कार्रवाई, 100.44 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** गैरकानूनी कोयला खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 100.44 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त कर ली है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत की गई है। मामला ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के लीज एरिया में बड़े पैमाने पर अवैध खनन और कोयला चोरी से जुड़ा है। जांच में सामने आया है कि इस पूरे रैकेट को अनूप मांझी उर्फ लाला के नेतृत्व में एक सिंडिकेट चल रहा था। आरोप है कि सिंडिकेट ने बड़े पैमाने पर अवैध खुदाई कर कोयला निकाला और फिर उसे पश्चिम बंगाल की कई फैक्ट्रियों तक पहुंचाया। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि इस काम में स्थानीय प्रशासन की सक्रिय मदद ली जा रही थी। ईडी की जांच में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सिंडिकेट ने एक फर्जी ट्रांसपोर्ट चालान शुरू किया था, जिसे 'लाला पैड' कहा जाता था। यह चालान गैर-मौजूद कंपनियों के नाम पर टैक्स इनवॉइस की तरह जारी किया जाता था। ट्रक ड्राइवरों को फर्जी चालान के साथ 10 या 20 रुपये का एक नोट भी दिया जाता था।

### भारत-अमेरिका व्यापार मुद्दे पर राजनीति गर्माई

**नई दिल्ली/रांची।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों, कपास आयात और उसके भारतीय किसानों व वस्त्र उद्योग पर प्रभाव को लेकर खुली सार्वजनिक बहस की चुनौती दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में श्री दुबे ने राहुल गांधी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए आरोप लगाया कि वह भारत-अमेरिका व्यापार और टैरिफ संरचना को लेकर बड़ा झूठ फैला रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया था कि अमेरिकी बाजार में भारतीय परिधानों पर 18 प्रतिशत शुल्क लगता है, जबकि बांग्लादेश को शून्य शुल्क का लाभ मिलता है।

### मप्र-उप्र, राजस्थान समेत 5 राज्यों में पारा 30 डिग्री के पार

**नई दिल्ली।** देश के पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 13 से 16 फरवरी तक दो विस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हैं। इससे अगले दो दिन में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में पहाड़ों पर बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। वहीं मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ में दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार हो चुका है। मध्य प्रदेश में शुक्रवार को 15 से ज्यादा शहरों में दिन का टेम्परेचर 30 डिग्री पार पहुंच चुका है। रात में भी पारा 10 डिग्री से ज्यादा है। उत्तर प्रदेश के कई शहरों में पारा 30 डिग्री सेल्सियस के पार हो चुका है। बांदा में अधिकतम तापमान 31.2डिग्री सेल्सियस और प्रयागराज में 30.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। छत्तीसगढ़ में औसतन तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश का सबसे अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री सेल्सियस जगदलपुर में दर्ज किया गया।

## नोएडा में बॉटनिकल गार्डन से सेक्टर 142 तक मेट्रो गलियारे को हरी झंडी

- 11.56 किलोमीटर लंबे विस्तारित गलियारे को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी से सटे नोएडा में बॉटनिकल गार्डन से नोएडा सेक्टर 142 तक मेट्रो के 11.56 किमी लंबे विस्तारित गलियारे को मंजूरी प्रदान की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में यहां शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना को मंजूरी प्रदान की गई, जिसकी जानकारी सूचना एवं प्रसारण तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को दी। श्री वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रिमंडल ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के बॉटनिकल गार्डन से नोएडा सेक्टर 142 तक विस्तारित गलियारे को मंजूरी दी है। यह गलियारा 11.56 किलोमीटर लंबा होगा और इसमें आठ एलिवेटेड स्टेशन होंगे। इस गलियारे के चालू होने पर नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क 61-62 किमी का हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस गलियारे का निर्माण यहां के अवसंरचना विकास में एक बड़ी तरक्की है और शहर में मेट्रो रेल नेटवर्क के बड़े विस्तार के तौर पर काम करेगा।


## अफसर रिटायर होकर 20 साल पुस्तक प्रकाशित नहीं करा सकेंगे

### आदेश जारी कर सकती है केंद्र सरकार, पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब पर विवाद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार रिटायरमेंट के बाद सीनियर पोस्ट पर रहे अधिकारियों के लिए 20 साल का कूलिंग-ऑफ पीरियड लागू करने पर विचार कर रही है। इस दौरान अफसर अपनी सर्विस से जुड़ी किताब प्रकाशित नहीं कर सकेंगे। हाल ही में पूर्व आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अनपब्लिश किताब विवादों में है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। कई मंत्रियों का मानना था कि मिलिट्री अधिकारियों समेत अहम पदों पर रहे अधिकारियों के लिए रिटायरमेंट के बाद किताब लिखने से पहले एक निश्चित




कूलिंग-ऑफ पीरियड होना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक यह मुद्दा कैबिनेट के आधिकारिक 27 प्वाइंट्स के एजेंडे में शामिल नहीं था, लेकिन सामान्य चर्चा के दौरान उठा। हालांकि, इस पर जल्द ही आदेश जारी हो सकता है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 4 फरवरी को संसद परिसर में पूर्व आर्मी चीफ मनोज मुकुंद नरवणे की अनपब्लिश किताब को लेकर पहुंचे थे। पूर्व आर्मी चीफ नरवणे के मेमायर 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' को लेकर विवाद 2 फरवरी को शुरू हुआ था। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मेमायर में बताई गई घटनाओं का जिक्र करने की कोशिश की, और सरकार ने इस पर कड़ा ऐतराज जताया, क्योंकि किताब पब्लिश नहीं हुई थी। बाद में राहुल गांधी किताब की एक कॉपी संसद में लाए, ताकि यह साबित हो सके कि किताब मौजूद है। जल्द ही, किताब का पीडीएफ सोशल मीडिया पर शेयर होने लगा। संसद से सामने आए मुद्दे पर दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। डिजिटल और दूसरे फॉर्मेट में मैन्युस्क्रिप्ट के गैर-कानूनी सर्कुलेशन की जांच शुरू कर दी। किताब की पब्लिशर पेंगुइन इंडिया ने एक बयान में कहा कि किताब से जुड़ा जितना हिस्सा सर्कुलेशन में है, कॉपीराइट का उल्लंघन है। इसके बाद नरवणे ने चुप्पी तोड़ी और पब्लिशर के स्टैंड का समर्थन कर कहा कि किताब पब्लिश नहीं हुई। न ही जनता के लिए उपलब्ध कराई गई है। जनरल एमएम नरवणे 2019 से 2022 तक सेना प्रमुख रहे। उनकी आत्मकथा 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' में उनके सैन्य करियर के साथ-साथ 2020 के भारत-चीन लद्दाख सीमा विवाद, गलवान घाटी की घटनाएं, अग्निपथ योजना और रणनीतिक निर्णयों का जिक्र बताया गया है। रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि 31 अगस्त 2020 को पैंगोंग त्सो के दक्षिणी किनारे पर कैलाश रेंज में हुए डेवलपमेंट के बारे में उनका ब्यौरा और भारतीय सेना को चीनी उकसावे का जवाब कैसे देना चाहिए, सरकार ने इस पर तुरंत कोई पॉलिटिकल निर्देश नहीं दिया था। यही विवाद की वजह है। किताब जनवरी 2024 में पब्लिश होनी थी।

# कांग्रेस आतंकियों को कंधे पर बैठाती है: मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा: कांग्रेस नेता घुसपैठियों को बचाने में लगे हैं

- असम दौरे पर पीएम ने भाजपा के पक्ष में जनादेश का भरोसा जताया
- पुलवामा में हुए आतंकी हमले का भी जिक्र करते हुए कहा: भारत ने जिस तरह आतंकियों को सजा दी, वो पूरी दुनिया ने देखा

गुवाहाटी, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने शनिवार को असम दौरे पर जनसभा में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले का जिक्र किया। पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ नीतियों का जिक्र करते हुए कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने पूर्वोत्तर भारत में विकास कार्यों को दी जा रही प्राथमिकता को भी रेखांकित किया।

असम में इस साल विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। चुनाव की औपचारिक घोषणा से चंद हफ्ते पहले राज्य को शनिवार को विकास परियोजनाओं की सौगात मिली। बढ़ती सियासी सरगर्मियों के बीच चुनावी बिगुल फूंकते हुए पीएम मोदी ने एक तरफ जहां भाजपा के कार्यकाल में हुए फैसलों और विकास परियोजनाओं का उल्लेख किया, तो दूसरी तरफ विपक्षी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस को भी आड़े हाथ लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर आतंकियों को कंधे पर बिठाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस नेता घुसपैठियों को बचाने में लगे हैं। उन्होंने भाजपा के पक्ष में जनादेश का भरोसा जताते हुए कहा कि आने वाले चुनावों में जनता भारी बहुमत से भाजपा की सरकार चुनेगी। कांग्रेस पर तुष्टिकरण के आरोप लगाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर को नजरअंदाज कर कांग्रेस पार्टी ने हमेशा फंड आवंटित करने से परहेज किया। उन्होंने भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के कार्यकाल में किए जा रहे फैसलों को रेखांकित करते हुए शनिवार को लोकार्पण के बाद खोले गए भास्कर सेतु समेत कई अन्य परियोजनाओं का भी उल्लेख किया। पुलवामा आतंकी हमले की सातवीं बरसी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज ही पुलवामा हमले की बरसी है।



### मोदी वायुसेना के एयरक्राफ्ट से असम के हाईवे पर उतरे

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को असम दौरे पर पहुंचे। पीएम पहले चाबुआ एयरफील्ड पहुंचे थे। इसके बाद वे वायुसेना के सी-130 एयरक्राफ्ट से डिब्रूगढ़ पहुंचे। प्लेन ने यहां मोरन बाइपास पर इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ईएलएफ) पर लैंडिंग की। मोदी ऐसा करने वाले पहले प्रधानमंत्री बने। प्रधानमंत्री बोले कि जब मैं प्लेन से मोरन हाईवे पर उतरा तो नया इतिहास बन गया।

कभी नॉर्थ ईस्ट का नाम आते ही लोग सोचते थे कि छोड़ो टूटी सड़क मिलेंगी तो कब ही पहुंचेंगे। आज यहां हाईवे पर हवाई जहाज भी लैंड करते हैं। पीएम मोदी का प्लेन शनिवार सुबह करीब 10 बजे मोरन बाइपास पर बनी ईएलएफ पर उतरा। यह एयरस्ट्रिप सैन्य रणनीति के लिए अहम है। यह इलाका चाइना बॉर्डर से लगभग 300 किमी दूर ही है। मोरन हाईवे पर पीएम की मौजूदगी में राफेल, सुखोई समेत 16 लड़ाकू विमान एरियल शो किया। इस दौरान विमान हाईवे से ही लैंडिंग और टेकऑफ करके दिखाया। डेमो 30 मिनट तक चला। पीएम ने इसके बाद ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मन सेतु और आईआईएम गुवाहाटी के टेंपरेरी कैंपस का उद्घाटन किया। पीएम मोदी का यह पिछले तीन महीने में तीसरा असम दौरा है।

# जज अपनी सीमाएं पहचानें, गलतियों से सीखें: सीजेआई

### कॉमनवेल्थ देशों के जजों की बैठक में कहा

शाह टाइम्स ब्यूरो



- दिखावे से ज्यूडिशियल लीडरशिप को नुकसान
- CJI ने न्यायिक नेतृत्व को देखने के तरीके में बदलाव की जरूरत बताई

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा है कि न्यायिक नेतृत्व इस कारण कमजोर नहीं होता कि जज परफेक्ट नहीं हैं, बल्कि तब प्रभावित होता है जब जज यह दिखाने लगते हैं कि वे बिल्कुल परफेक्ट हैं।

उन्होंने न्यायिक नेतृत्व को देखने के तरीके में बदलाव की जरूरत बताई। साथ ही सुझाव दिया कि राष्ट्रमंडल (कॉमनवेल्थ) देशों में न्यायिक शिक्षा, बार (वकील) और बेंच (जज) को जोड़ने के लिए एक संस्था बनाई जानी चाहिए। दिल्ली में कॉमनवेल्थ ज्यूडिशियल एजुकेटर्स (सीजेई) की 11वीं द्विवार्षिक बैठक के उद्घाटन समारोह में मुख्य भाषण देते हुए उन्होंने कहा कि जज और न्यायिक संस्थाएं दोनों ही सीखने, सुधार करने और आगे बढ़ने में सक्षम होते हैं। सीजेआई ने कहा कि जजों का काम केवल पुराने फैसलों (नजीर) की जानकारी रखना ही नहीं है, बल्कि कानून की ऐसी व्याख्या करना भी है जो आज के समय में न्याय दिला सके। इतिहास में सबसे सम्मानित न्यायिक नेता वे थे, जिन्होंने खुद को पूर्ण नहीं बताया। वे अपनी सीमाओं को समझते थे, गलती की संभावना को स्वीकार करते थे और सीखने के लिए तैयार रहते थे। विनम्रता केवल व्यक्तिगत गुण नहीं है, बल्कि एक पेशेवर सुरक्षा कवच भी है। यह गुण हर न्यायिक अधिकारी को सिखाया जाना चाहिए। कार्यक्रम के विषय न्यायिक नेतृत्व के लिए शिक्षा पर उन्होंने कहा कि लंबे समय से यह माना जाता रहा है कि जज नियुक्ति के बाद पूरी तरह तैयार और परिपूर्ण हो जाते हैं। लेकिन यह सोच सही नहीं है। जजों को अपनी सीमाओं का एहसास होना चाहिए। गलती की संभावना से सतर्क और सीखने के लिए तैयार रहना चाहिए। कानून एक जीवंत चीज है, जो दुनिया के साथ बदलता है।

### ब्रह्मपुत्र के नीचे टनल बनेगी, ट्रेन और दूसरे वाहन चलेंगे

**नई दिल्ली।** असम में ब्रह्मपुत्र नदी से नीचे दो ट्यूब वाली सुरंग बनेगी, जिसके एक ट्यूब से सड़क और दूसरी से रेलवे लाइन गुजरेगी। मंत्रिमंडल के आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस परियोजना को मंजूरी दी गई।

# पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में निखिल गुप्ता को 24 साल की सजा

- दोषी भारतीय नागरिक ने न्यूयॉर्क कोर्ट में गुनाह कबूला
- 29 मई को सजा का औपचारिक ऐलान किया जाएगा

न्यूयॉर्क, वार्ता

खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के मामले में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को 24 साल की जेल की सजा सुनाई गई। निखिल ने अमेरिका के न्यूयॉर्क की कोर्ट में गुनाह कबूल कर लिया है। 29 मई को सजा का औपचारिक ऐलान किया जाएगा।

अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने एक्स पर पोस्ट कर निखिल गुप्ता के अपराध कबूलने की जानकारी दी। एफबीआई के मुताबिक, यह साजिश एक अमेरिकी नागरिक की हत्या के लिए रची गई थी, जिसे अमेरिकी एजेंसियों ने समय रहते नाकाम कर दिया। यूएस अटॉर्नी ऑफिस के बयान के मुताबिक, निखिल गुप्ता उर्फ 'निक' ने सेकंड सुपरसिडिंग इंडिक्टमेंट में लगाए गए तीनों आरोपों को स्वीकार किया है। इन आरोपों में मर्डर- फॉर- हायर, मर्डर-फॉर- हायर की साजिश और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश शामिल है। गुरपतवंत सिंह पन्नू को भारत सरकार ने एक जुलाई 2020 को यूएपीए के तहत आतंकी घोषित किया था। उस पर भारत में अलगाववाद को बढ़ावा देने का आरोप है। पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में निखिल गुप्ता को 30 जून 2023 को चेक रिपब्लिक पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद 14 जून 2024 को निखिल को अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया था। निखिल पर अमेरिका में केस चलाया गया, जहां उसने खुद को निर्दोष बताया था। अमेरिकी एजेंसियों के मुताबिक, भारत के एक पूर्व अफसर विकास यादव ने निखिल गुप्ता से पन्नू की हत्या की साजिश रचने को कहा था।

# ट्रेड डील से कपास किसानों को नुकसान: राहुल गांधी

### सोशल मीडिया पोस्ट में बोले- व्यापार समझौता आगे कुआं, पीछे खाई की हालत में फंसाने वाला जाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ट्रेड डील से कपास उगाने वाले किसानों और कपड़ा उद्योग पर उल्टा असर पड़ेगा।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शनिवार को अपने वीडियो पोस्ट में राहुल ने आरोप लगाया कि 18 फीसदी टैरिफ बनाम 0 फीसदी समझाता हूं, कैसे झूठ बोलने में माहिर प्रधानमंत्री और उनकी कैबिनेट इस पर भ्रम फैला रहे हैं और किस तरह से वो भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से देश के कपास किसानों और टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स को धोखा दे रहे हैं। राहुल गांधी बोले- अगर हम अमेरिकी कपास मंगवाते हैं तो हमारे किसान बर्बाद हो जाएंगे। अगर नहीं मंगवाते, तो हमारा टेक्सटाइल उद्योग तबाह हो जाएगा। पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा कि बांग्लादेश को अमेरिका में गारमेंट्स निर्यात पर 0 फीसदी टैरिफ का फायदा दिया जा रहा है, शर्त बस इतनी है कि वो अमेरिकी कपास आयात करें। राहुल गांधी ने बताया कि भारत के गारमेंट्स पर 18 फीसदी टैरिफ की घोषणा के बाद जब मैंने संसद में बांग्लादेश को मिल रही खास रियायत पर सवाल उठाया, तब मोदी सरकार के मंत्री का जवाब आया, अगर यही फायदा हमें भी चाहिए, तो अमेरिका से कपास मंगवानी होगी। आखिर, ये बात तब तक देश से छुपाई क्यों गई और, ये कैसी नीति है? क्या यह सचमुच में कोई विकल्प है - या फिर 'आगे कुआं, पीछे खाई' की हालत में फंसाने वाला जाल, पोस्ट में राहुल गांधी बोले अगर हम अमेरिकी कपास मंगवाते हैं, तो हमारे अपने किसान बर्बाद हो जाएंगे। अगर नहीं मंगवाते, तो हमारा टेक्सटाइल उद्योग पिछड़कर तबाह हो जाएगा और अब बांग्लादेश यह संकेत दे रहा है कि वह भारत से कपास आयात भी कम या बंद कर सकता है। राहुल गांधी ने वीडियो में यह भी कहा कि भारत में टेक्सटाइल उद्योग और कपास की खेती आजीविका की रीढ़ हैं। करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी इन्हीं पर टिकी है। इन क्षेत्रों पर चोट का मतलब है लाखों परिवारों को बेरोजगारी और आर्थिक संकट की खाई में धकेल देना। एक दूरदर्शी और राष्ट्रहित में सोचने वाली सरकार ऐसा सौदा करती जो कपास किसानों और टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स - दोनों के हितों की रक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करती, लेकिन इसके ठीक उलट, नरेंद्र 'सरेंडर' मोदी और उनके मंत्रियों ने ऐसा समझौता किया है, जो दोनों क्षेत्रों को गहरी चोट पहुंचाने वाला साबित हो सकता है।



## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री, खड़गे ने पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पुलवामा आतंकवादी हमले में शहीद बहादुर सुरक्षाकर्मियों को शनिवार को उनके बलिदान के लिए नमन किया। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने पुलवामा आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले बहादुर सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ष्सुरक्षाकर्मियों का सर्वोच्च बलिदान देश की स्मृति में सदैव अंकित रहेगा। उन्होंने कहा कि उनका बलिदान प्रत्येक नागरिक को एक मजबूत और सुरक्षित भारत के निर्माण की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 में इसी दिन पुलवामा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर नायकों को याद किया और कहा कि राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा, संकल्प और सेवा हमारी सामूहिक चेतना में सदा के लिए अंकित रहेगी।

### एसएससी एमटीएस में नकलची गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (मेरठ यूनिट) और उत्तराखंड एसटीएफ की संयुक्त टीम ने देहरादून के कोतवाली क्षेत्र में एसएससी एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ) परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नीतीश कुमार निवासी ग्राम सुरजीपुर, पोस्ट भाटपाररानी, जनपद देवरिया यूपी तथा भास्कर नैथानी निवासी मोहल्ला सरस्वतीपुरम, लेन नंबर 4, पोस्ट नाथ वाला, जनपद देहरादून (उत्तराखंड) के तौर पर हुई है। इन्होंने प्रॉक्सी सर्वर सेटअप कर रिमोट एक्सेस के जरिए प्रश्नपत्र हल कराए।

# शंकराचार्य पर टिप्पणी को लेकर अखिलेश यादव का हमला, वाणी ही खोलती है पोल

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मुआवजा वितरण में पारदर्शिता नहीं बरती गई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी द्धसपाऋ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शंकराचार्य पर की गई कथित टिप्पणी को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि पहन ले कोई जैसे भी 'चोले', पर उसकी वाणी पोल खोले। शंकराचार्य के संबंध में अपमानजनक शब्दों का प्रयोग शाब्दिक हिस्सा है और यह पाप की श्रेणी में आता है। अखिलेश यादव ने अपने एक्स हैंडल पर ट्वीट करते हुए कहा है कि ऐसे बयान देने वाले के साथ-साथ सदन में मेज थपथपाकर समर्थन करने वाले भी नैतिक रूप से जिम्मेदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भाजपा विधायक जनता के बीच जाएंगे तो उन्हें जवाब देना पड़ेगा। जनता सड़क पर उनका सदन लगा देगी। सपा प्रमुख ने महाकुंभ से जुड़े मुद्दों को भी उठाते हुए आरोप लगाया कि मौतों के सही आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए और मुआवजे के वितरण में पारदर्शिता नहीं बरती गई। उन्होंने सवाल किया कि जिन पीड़ितों तक मुआवजा नहीं पहुंचा, उसका पैसा कहां गया। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन पर खुद मुकदमे रहे हों, वे दूसरों के 'धर्म-पद' पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं रखते।

### भाजपा सरकार तय करेगी, शंकराचार्य कौन होगा: अविमुक्तेश्वरानंद

**वाराणसी।** सीएम योगी द्वारा विधानसभा में शंकराचार्य के मुद्दे पर दिए गए बयान के बाद शनिवार को काशी से शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त कीऔर कहा कि सीएम के बयान से ऐसा प्रतीत होता है कि जिसे वे प्रमाण-पत्र देंगे, वही शंकराचार्य कहलाएगा। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि क्या अब बीजेपी या यूपी सरकार यह तय करेगी कि शंक. राचार्य कौन होगा।

# नॉर्थ-साउथ ब्लॉक से सेवातीर्थ व कर्तव्य भवनों में स्थानांतरण की मंजूरी

नई दिल्ली, वार्ता

■ अब मंत्रिमंडल की बैठकें सेवातीर्थ में होंगी, आज का भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने नार्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक से प्रधानमंत्री कार्यालय को 'सेवातीर्थ' तथा 'कर्तव्य भवनों' में स्थानान्तरण को मंजूरी प्रदान कर दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि नए प्रधानमंत्री कार्यालय का नामकरण 'सेवातीर्थ' किया गया है। मोदी ने शुक्रवार को इसे राष्ट्र को समर्पित किया था। साउथ और नार्थ ब्लॉक का निर्माण अंग्रेजों ने भारत को गुलामी की बेड़ियों में जकड़े रहने के लिए किया था। वर्ष 1947 में भारत को गुलामी से तो मुक्ति मिली, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों ने इन भवनों से ही अपने कार्यों का निष्पादन किया। प्रधानमंत्री कार्यालय भी साउथ ब्लॉक के इस भवन से कार्य करता रहा है। शुक्रवार को अंतिम बार केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक साउथ ब्लॉक में हुई। अब मंत्रिमंडल की बैठकें सेवातीर्थ में होंगी। साउथ ब्लॉक परिसर ने गुलामी से आज़ादी और फिर स्वतंत्र भारत की अनेक ऐतिहासिक घटनाओं को देखा है, गढ़ा है। इस परिसर ने देश के 16 प्रधानमंत्रियों के नेतृत्व में बने मंत्रिमंडल के महत्वपूर्ण फैसले होते देखे हैं। बीते दिनों में यहां मंत्रिमंडल की बैठकों में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साउथ ब्लॉक के इन कमरों ने विभाजन की विभीषिका भी देखी, युद्ध और आपातकाल की चुनौतियों को भी देखा और शांतिकाल की नीतियों पर भी चिंतन और मनन किया। इन्होंने टाइपराइटर से लेकर डिजिटल गवर्नेंस तक, तकनीक की लंबी छलांग को महसूस किया है। आज का भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत आज एक सुरक्षित और सक्षम राष्ट्र के रूप में उभरकर सामने आया है और देश विकसित भविष्य के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसके लिए एक आधुनिक, तकनीकी और पर्यावरण के प्रति अनुकूल कार्यालय की आवश्यकता थी। नया परिसर एक ऐसा कार्यक्षेत्र है, जो यहां काम करने वाले हर कर्मयोगी की उत्पादकता बढ़ाए, सेवाभाव के उसके संकल्प को प्रोत्साहित करे। इसी भाव के साथ साउथ ब्लॉक के उद्घाटन के करीब 95 वर्षों के बाद, 13 फरवरी 2026 से सरकार इन भवनों को खाली कर रही है और 'सेवातीर्थ' तथा 'कर्तव्य भवनों' में स्थानांतरित हो रही है। यह प्रतीकात्मक रूप से गुलामी के अतीत से 'विकसित भारत' के भविष्य की ओर बढ़ने की ओर देश का एक और कदम है। नॉर्थ और साउथ ब्लॉक को 'युगे युगीन भारत राष्ट्रीय संग्रहालय' का हिस्सा बनाया जाए। यह हमारी हजारों वर्ष पुरानी सभ्यता से पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। यह संग्रहालय, हमारी सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाएगा और हमारे गौरवशाली अतीत को समृद्ध भविष्य से जोड़ेगा।

## नौकरी की गारंटी होगी वानिकी विश्वविद्यालय की डिग्री: योगी

# युवाओं को मिलेगा रोजगार, किसानों की आय बढ़ेगी

गोरखपुर, वार्ता



■ आज केमिकल और पेस्टिसाइड्स के इस्तेमाल के चलते गिद्धराज की संख्या कम होती जा रही और वे मर रहे, आज दुनिया के सामने पर्यावरण सबसे बड़ी चुनौती: मुख्यमंत्री

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर के कैम्पियरगंज में बनने जा रहे प्रदेश के पहले वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय (फॉरेस्ट्री एंड हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी) की डिग्री नौजवानों के लिए नौकरी की गारंटी होगी।

योगी ने शनिवार को गोरखपुर के जंगल कौड़िया ब्लॉक में पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि इस विश्वविद्यालय से डिग्री और डिप्लोमा लेकर निकलने वाले युवाओं के लिए देश और दुनिया में रोजगार के व्यापक अवसर होंगे और साथ ही यह विश्वविद्यालय अन्नदाता किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कैम्पियरगंज में बने गिद्धराज जटायु संरक्षण केंद्र का उल्लेख करते हुए कहा कि कृतज्ञता ज्ञापित करना हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। वह सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु की सवारी भी हैं। उन्होंने कहा कि आज केमिकल और पेस्टिसाइड्स के इस्तेमाल के चलते गिद्धराज की संख्या कम होती जा रही और वे मर रहे हैं। ऐसे में गिद्धराज के प्रति कृतज्ञता जताने और उनको संरक्षण देने के लिए कैम्पियरगंज में संरक्षण केंद्र बनाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब कैम्पियरगंज में प्रदेश का पहला वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय बनाया जाएगा। यहां युवाओं को जो डिप्लोमा व डिग्री मिलेगी, वह देश-दुनिया में नौकरी की गारंटी वाली होगी। योगी ने कहा कि आज दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण प्रदूषण की है। वायु प्रदूषण से फेफड़े खराब होंगे और धीरे-धीरे पूरा शरीर खराब हो जाएगा।

### गलत जांच रिपोर्ट लगाई, तो दर्ज होगी एफआईआर

**गोरखपुर।** सीएम योगी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी मामले में जांच के दौरान यदि गलत रिपोर्ट लगाई जाती है, तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। योगी ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देश दिया कि हर मामले का निष्पक्ष जांच करके ही उसका निस्तारण होना चाहिए। किसी भी प्रकरण में लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और आश्वस्त किया कि हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण कराएंगे।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थन में उतरी अखिल भारतीय संत समिति

**वाराणसी।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और सीएम योगी आदित्यनाथ के बीच विवाद के बीच सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर निशाना साधते हुए कहा कि कान छिदवाने से और भगवा पहन लेने से कोई योगी नहीं हो जाता। इस बयान पर अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने तीखी प्रतिक्रिया दी। अखिल भारतीय संत समिति ने अखिलेश के बयान की घोर निंदा की है। स्वामी जितेंद्रानंद ने कहा कि सपा नेता किसी के साधु, संत या संन्यासी होने का प्रमाण-पत्र नहीं बांट सकते। शंकराचार्य पद को लेकर जो सवाल हैं, जिनके गुरु के नाम से उच्चतम न्यायालय में केस अभी निर्णय तक नहीं पहुंचा है।

# सुषमा स्वराज ने सत्ता को सेवा के प्रतिमानों पर प्रतिष्ठित किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ योगी ने भाजपा नेता की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री यो**गी आदित्यनाथ ने भारतीय राजनीति के क्षितिज पर अपनी विद्वत्ता, शालीनता और ओजस्विता की अमिट छाप छोड़ने वाली 'पद्म विभूषण' से सम्मानित वरिष्ठ नेता सुषमा स्वराज की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि सुषमा स्वराज का जीवन भारतीय राजनीति में शुचिता, सामर्थ्य और संवेदना की ऐसी त्रिवेणी था, जिसने सत्ता को 'सेवा' के उच्चतम प्रतिमानों पर प्रतिष्ठित किया। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में मर्यादा, संवाद और समर्पण की जो परंपरा स्थापित की, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणाोत बनी रहेगी। योगी ने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना के साथ उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा और देशवासियों के लिए मार्गदर्शक का कार्य करता रहेगा। गौरतलब है कि पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज का आज जन्मदिन है। भले ही वह इस दुनिया में ना हो लेकिन लोगों के मन में आज भी उनकी एक अच्छी छवि है। हरियाणा के अंबाला में जन्मीं सुषमा जी ने 52 दिनों के छोटे कार्यकाल के लिए दिल्ली की सीएम के रूप में काम किया। इस पद पर आसीन होने वाली वह पहली महिला थीं। । सुषमा स्वराज का जन्म 14 फरवरी 1952 को पंजाब द्धअब हरियाणाऋ के अंबाला छावनी में एक ब्राह्मण परिवार में हरदेव शर्मा और श्रीमती लक्ष्मी देवी के घर हुआ था।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 83674.92
निफ्टी 25807.20



सोना 155920
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 242433
प्रति किलो



# एक लाख करोड़ के अर्बन चैलेंज फंड को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी

नई दिल्ली, वार्ता

■ यूसीएफ परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार कुल एक लाख करोड़ रुपये देगी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शहरों में बुनियादी ढांचों के विकास के लिए एक लाख करोड़ रुपये के अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ) को मंजूरी प्रदान की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि यूसीएफ के तहत परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार कुल एक लाख करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देगी, जिससे चार लाख करोड़ रुपये के बुनियादी ढांचों का विकास होगा। केंद्र सरकार यूसीएफ से परियोजना राशि के 25 प्रतिशत के बराबर योगदान देगी, बशर्ते कम से कम 50 प्रतिशत राशि बाजार से म्यूनिसिपल बॉन्ड, बैंक लोन और सार्वजनिक-निजी साझेदारी (पीपीपी) के जरिए जुटाई गई हो। शेष राशि का योगदान राज्य सरकारें और शहरी निकाय अपनी तरफ से या अन्य माध्यमों से कर सकते हैं। इसके लिए 10 लाख या उससे अधिक की आबादी वाले सभी शहर पात्र होंगे। ऐसे शहरों की अनुमानित संख्या 2,025 है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की राजधानियों के मामले में आबादी की कोई सीमा नहीं है। इसके अलावा एक लाख या उससे अधिक की आबादी वाले सभी मुख्य औद्योगिक शहर भी यूसीएफ का लाभ लेने के पात्र होंगे। राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारें अपनी परियोजनाओं में वित्तीय मदद के लिए केंद्र के पास आवेदन करेंगी जिनके समाज और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों के आंकलन के आधार पर उसे यूसीएफ के तहत वित्तीय मदद देने या न देने का फैसला किया जाएगा।

## सोना और चांदी धड़ाम, दोनों धातुओं की कीमत गिरी

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी खरीदारों के लिए बड़ा मौका है। सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट आई है। सोना करीब 3 हजार रुपये तक सस्ता हो गया है, जबकि चांदी के दाम 16,700 रुपये कम हो गए हैं। ये लगातार दूसरे दिन बड़ी गिरावट है। बुलियन मार्केट में हाजिर सोने का भाव 1.55 लाख रुपये/10 ग्राम से करीब 3,000 रुपये कम होकर 1.52 लाख रुपये/10 ग्राम रह गया है, ये भाव 24 कैरेट गोल्ड का है। दूसरी ओर चांदी के दाम 16 हजार रुपये से ज्यादा गिर गए हैं और इसका भाव 2,59,133 रुपये/किलो से अब 2,42,433 रुपये/किलो हो गया है।

शनिवार को दिल्ली के स्थानीय ज्वैलरी मार्केट में 24 कैरेट सोने का भाव 1,55,920 रुपये/10 ग्राम के करीब चल रहा है, वहीं ज्वैलरी बनवाने वाले 22 कैरेट सोने का भाव 1,42,940 रुपये/10 ग्राम चल रहा है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,55,770 रुपये, जबकि 22 कैरेट सोना 1,42,790 रुपये/10 ग्राम के भाव बिक रहा है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के अनुसार 24 कैरेट सोने का भाव, 1,55,650 से गिरकर 1,52,765 प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चांदी की कीमतों में भी जोरदार गिरावट दर्ज की गई है। एक किलो चांदी का भाव 16,700 घटकर 2,42,433 हो गया है, जबकि पहले यह 2,59,133 के स्तर पर था। वायदा बाजार और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी देखी जा रही है।

# चावल सस्ता, चीनी हुई महंगी दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए। गेहूं में टिकाव रहा जबकि चीनी की कीमत बढ़ गई। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार. चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 106 रुपये घटकर 3,753 रुपये प्रति क्विंटल पर रही।

गेहूं की कीमत 2,856 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। आटा 23 रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में उतार. चढ़ाव रहा। मसूर दाल औसतन 83 रुपये सस्ती हुई। चना दाल 68 रुपये और तुअर दाल 29 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। वहीं, उड़द दाल 20 रुपये और मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 186 रुपये और पाम ऑयल 173 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल 78 रुपये और सरसों तेल 55 रुपये मजबूत हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वनस्पति 32 रुपये सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 22 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल. दलहन: दाल चना 7717.18 रुपये, मसूर काली 8021.25 रुपये, मूंग दाल 10136.12 रुपये, उड़द दाल 10648.94 रुपये, तुअर दाल 11055.72 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : द्धभाव प्रति क्विंटलऋ गेहूं दड़ा 2855.71 रुपये और चावल 3752.76 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3340.61 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4316.55 रुपये और गुड़ 4982.94 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# हमें वफादारी के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं: ओवैसी



वंदे मातरम् विवाद पर बोले ओवैसी बाबरी पर फैसला गलत था

**नई दिल्ली।** हैदराबाद सांसद और एआईएमआईएम मुखिया असदुद्दीन ओवैसी से एक न्यूज एजेंसी के साथ इंटरव्यू में देशभर की राजनीति, संसद सत्र और वंदे मातरम विवाद को लेकर कई बाते कहीं हैं। उन्होंने नो-कॉन्फिडेंस मोशन और लोकसभा में राहुल गांधी के खिलाफ प्रिविलेज मोशन पर कहा कि न तो मुझसे पूछा गया और न ही मैंने लोकसभा स्पीकर के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन पर साइन किया। प्रिविलेज मोशन में कुछ भी नहीं है और कुछ नहीं होगा।

उन्होंने वंदे मातरम विवाद पर कहा कि हमारा संविधान 'हम लोग' से शुरू होता है। उन्होंने कहा कि भारत माता की जय से नहीं, संविधान का आर्टिकल 25 धर्म की आजादी के बुनियादी अधिकार की गारंटी देता है। क्या वे राष्ट्रगान खत्म करना चाहते हैं! मेरे धर्म की आजादी का क्या? हमें वफादारी के किसी सर्टिफिकेट की ज़रूरत नहीं है। मातरम विवाद संघ और बीजेपी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कि जिस तरह से बीजेपी और आरएसएस देश को आगे बढ़ा रहे हैं, यह एक धार्मिक देश बन जाएगा। असम सीएम हेमंता बिस्वा की वीडियो पर ओवैसी ने कहा कि यह नरसंहार है। अगर मैंने वह वीडियो बनाया होता, तो सोचो देश में क्या होता, कोई उससे सवाल नहीं कर रहा, वह एक ऑटो ड्राइवर से कह रहा है कि अगर वह मियां है, तो उसे 2 रुपये कम दो। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मुझे अब भी लगता है कि बाबरी मस्जिद पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला गलत था। अब संभल, काशी, मथुरा, मध्य प्रदेश भी खुल गए हैं। जस्टिस जेएस वर्मा ने सही कहा कि सुप्रीम कोर्ट सुप्रीम है, लेकिन गलती न करने वाला नहीं है। ओवैसी ने योगी के बयान में

## कानपुर में कोडीन कफ सिरप मामले में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**कानपुर।** कोडीन कफ सिरप मामले में पुलिस ने 25 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ अक्टूबर में एफआईआर दर्ज की गई थी।

डीसीपी क्राइम श्रवण सिंह ने बताया कि 12 अक्टूबर को औषधि विभाग की ओर से छापेमारी में देवनगर के रहने वाले आरोपी सुमित केसरवानी के अनवरगंज स्थित मेडिकल स्टोर से भारी मात्रा में कोडीन कफ सिरप व अल्पराजोलम टैबलेट्स बरामद की गई थीं। आरोपी पर विभाग की ओर से एनडीपीएस एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा भी दर्ज हुआ था।

डीसीपी क्राइम श्रवण सिंह ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि मेडिकल स्टोर संचालक ने दवाइयों की खरीद-बिक्री संबंधी डिजिटल डाटा को डिलीट कर दिया था। संचालक द्वारा कई फर्जी फर्में बनाकर दवाइयों व कोडीन सिरप को जमकर बेचा गया। शहर में कोडीन कफ सिरप मामले को लेकर दो दिनों पहले ही सारनाथ थाना पुलिस टीम ने कानपुर निवासी मुख्य अभियुक्त विनोद अग्रवाल की 5.18 करोड़ रुपये की संपत्तियों को फ्रीज किया था। इस मामले में आरोपी विनोद अग्रवाल को भी अरेस्ट कर जेल भेजा जा चुका है। डीसीपी क्राइम श्रवण सिंह ने बताया कि अब जिन अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो गई है, उनसे पूछताछ के बाद इस पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा। आरोपियों ने पूछताछ में कई अहम जानका. रियां दी हैं।

# अब यूपी में 25 साल पुराने मकान तोड़कर बनाए सकेंगे अपार्टमेंट

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ यूपी में जर्जर सोसाइटी का होगा रीडेवलपमेंट
■ शहरी पुनर्विकास नीति-2026 को भी मंजूरी

**लखनऊ।** योगी सरकार ने राज्य में 25 साल पुराने जर्जर भवनों और तीन साल से बंद पड़े उद्योगों को तोड़कर उनके स्थान पर हाउसिंग सोसायटी बसाने या फिर अपार्टमेंट बनाने रास्ता साफ कर दिया है। सरकार ने इसके लिए शहरी पुनर्विकास नीति-2026 को भी मंजूरी दे दी है।

शहरी पुनर्विकास नीति-2026 के तहत यह प्रोजेक्ट उन्ही मकान और भवन पर लागू होगा, जो 1500 वर्ग मीटर भूमि पर बने हुए होंगे। पहले प्राधिकरण की तरफ से उनका स्ट्रक्चर ऑडिट किया जाएगा। इसमें देखा जाएगा कि मकान किस स्थिति तक जर्जर हो चुका है। मकान या भवन की स्थिति देखकर प्राधिकरण इसके रीडेवलपमेंट की अनुम. ति दे देगा। हालांकि एकल आवासीय या एकल भवन सरकार के इस नीति के दायरे में नहीं आएंगे। विकास प्राधिकरणों की तरफ पुनर्विकास योजना का काम खुद करना होगा। सरकार के फैसले के मुता. बिक लीज पर आवंटित भूमि जैसे नजूल भूमि, इंप्रूवमेंट ट्रस्ट और अन्य शासकीय भूमि जिसके फ्री-होल्ड में परिवर्तन नहीं हुआ है, उन्हें भी ऐसे किसी योजना और प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता है। हालांकि तीन साल से बंद पड़े उद्योग और घाटे में चल रही इकाइयों पर हाउ. सिंग सोसायटी बसाने या फिर अपार्टमेंट बनाने की अनुमति दी जा सकेगी। नॉन कन्फर्मिंग उद्योगों, , शासकीय, निगमों की खाली, कारागार, बस टर्मिनल, डिपो (बस स्टॉप छोड़कर) पर भी ये योजना लागू हो सकेगी। हाउसिंग सोसाइटी और रेजीडेंट वेलफेयर सोसायटी भी सरकार के इस योजना का लाभ ले सकते हैं। उन्हें इसमें शामिल होने के लिए संबंधित विकास प्राधिकरणों को आवेदन देना होगा। हालांकि इसके लिए सोसाइटी के दो तिहाई सदस्यों की अनुमति आवश्यक है। अप्रूवल मिलने के 6 महीने के अंदर वहां रहने वालों से घर खाली कराना होगा और 1 साल के अंदर काम शुरू कराना होगा। शहरी पुनर्विकास नीति-2026 के तहत हो रहे निर्माण काम तो तीन साल के भीतर पूरा करना होगा, ऐसा नहीं होने पर दो साल का विस्तार दे दिया जाएगा। ईडब्ल्यूएस व एलआईजी के 10-10 फीसदी मकान बनाने पर शेल्टर फीस में छूट दी जाएगी। इसके अलावा अगर कोई भवन तोड़ा जाता है, उसे फिर से नया बनाया जाता है, तो वहां रहने वालों को दूसरे स्थानों पर रहने की व्यवस्था की जाएगी या किराया दिया जाएगा। भवन फिर से तैयार होने पर मकान के आवंटन पहले की ही तरह किए जाएंगे। अगर ऐसा संभव नहीं होता है, तो लॉटरी सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा।

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

## मंडी, सिखेड़ा और मंसूरपुर में हुई घटना, पुलिस ने दुर्घटना करने वाले वाहन को लिया कब्जे में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हुई है। एक मामला नई मंडी के गांव मखियाली का है तो दूसरा मामला सिखेडा क्षेत्र का है। मसूंरपुर में भी दुर्घटना में युवक की मौत हुई है। फिलहाल घटना से परिवार में कोहराम मच गया। और पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस ने दुर्घटना करने वाले वाहनों को भी अपने कब्जे में कर लिया है।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के निकटवर्ती गांव मखियाली निवासी 22 वर्षीय सुहैल पुत्र शहजाद मजदूरी करता था। हाल में वह भोपा रोड स्थित भागेश्वरी फैक्ट्री में मजदूरी करता था। बताया जाता है कि सुहैल बहुत ही गरीब परिवार से था और सुहैल के पिता शहजाद भी मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते है। बताया जाता है कि फैक्ट्री में काम करते समय सुहैल मशील की चपेट में आ गया और उसका शरीर लहुलूहान होकर क्षत-विक्षत हो गया। जैसे ही यह खबर परिवार के लोगों को लगी तो यहां को. हराम मच गया। फिलहाल पुलिस ने सुहैल का पोस्टमार्टम करा दिया है। पुलिस का कहना है कि अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं आई है।

वहीं दूसरी और सिखेडा थाना क्षेत्र के गांव भंडूर निवासी 40 वर्षीय संजीव कुमार पुत्र पाल्ले राम मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। घटना शुक्रवार रात की है। संजीव कुमार फिलहाल एक फैक्ट्री में काम कर रहा था और जब वह बाइक द्वारा अपने गांव वापस लौट रहा था तो वह सिलवर टॉन फैक्ट्री के निकट तेज गति से आए ट्रॉले ने अपनी चपेट में लेकर बुरी तरह से कुचल डाला जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे और कुछ ही देर में यहां ग्रामीणों की भीड इकट्ठा हो चुकी थी ग्रामीणों की भीड से पहले ही घटना करने वाले ट्रॉले को अपने कब्जे में कर लिया था। इस घटना से गांव में शोक छाया हुआ है।

वहीं एक अन्य घटना मंसूरपुर थाना क्षेत्र की चौकी बेगराजपुर के गांव नरा जडौदा के निकट की है। थाना खालापार के एक गांव वहलना निवासी 48 वर्षीय संजय कुमार पुत्र प्रेम सिंह को अज्ञात वाहन ने कुचल डाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और दुर्घटना करने वाले वाहन को पकडने के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले, लेकिन वाहन नहीं मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया है। बता दे कि जनपद में आए दिन दुर्घटनाओं के मामले सामने आ रहे है। जिनमें निर्दोष लोगों की लगातार जाने जा रही है। इसके पीछे वाहनों की तेज गति हो या फिर अन्य, लेकिन दुर्घटनाओं में लोगों की मौत होने से जहां परिवार को पालन पोषण के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तो वहीं पुलिस के लिए भी यह मामले सिर दर्द बन रहे है। फिलहाल लोग यही मांग कर रहे है कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कोई ठोस कदम उठाया जाए।

# जिला बार संघ चुनाव : दसवी बार प्रमोद त्यागी के सिर सजा अध्यक्ष पद का ताज, सुरेंद्र मलिक महासचिव बने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बार संघ के चुनाव का आखिरी राउंड पूरा होने के साथ ही सभी प्रमुख पदों के परिणाम घोषित कर दिए गए। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई, जिसके बाद अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में प्रमोद त्यागी ने 602 मत हासिल कर जीत दर्ज की। खास बात यह रही कि प्रमोद त्यागी 10वीं बार मुजफ्फरनगर जिला बार संघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मौ. अंजुम खान (543 मत) को 59 वोटों से पराजित किया। अन्य प्रत्याशियों में अनिल जिंदल को 508 मत, सुरेंद्र पाल मैनवाल को 177 मत तथा अर्जुन सिंह को 57 मत मिले। महासचिव पद पर सुरेंद्र कुमार मलिक ने 587 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। इस पद पर प्रदीप कुमार मलिक को 412 मत, जितेंद्र कुमार को 396 मत, नवाब अली चौधरी को 350 मत और विकास त्यागी को 138 मत प्राप्त हुए। वरिष्ठतम उपाध्यक्ष पद पर चंद्रवीर चौधरी ने 680 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। जबकि ईश्वर चंद त्यागी को 477 मत, धर्मेंद्र कुमार पुंडीर को 336 मत तथा नरेंद्र सिंह कश्यप को 322 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद के चुनाव में नीशुकांत शर्मा 620 मतों के साथ विजयी रहे।

वहीं मुनव्वर हुसैन को 548 मत, सुधीर कुमार चौहान को 412 मत, अमित कुमार जैन को 133 मत तथा सुभाष चंद्र गर्ग को 127 मत प्राप्त हुए। चुनाव अधिकारी ज्ञानेंद्र त्यागी की देखरेख में पूरी चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई और उनके द्वारा आधिकारिक रूप से परिणाम घोषित किए गए।

चुनाव परिणाम सामने आने के बाद विजयी प्रत्याशियों को साथी अधिवक्ताओं की ओर से बधाई दी गई।

## अन्य पदों पर निर्वाचित प्रत्याशियों को मिले वोट

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ उपाध्यक्ष के दो पद पर राधेश्याम त्यागी 628 तथा सनसवीर बालियान 522 मत पाकर निर्वाचित हुए जबकि अब्दुल हक को 493, देवेंद्र कुमार केल को 455, शोकेंद्र कुमार को 428 ,संदीप कुमार डबास को 486 एवं स्वर्ण सिंह को 257 वोट मिली।

उपाध्यक्ष के दो पद पर अमित मैनी 857 वोट तथा अमित भारद्वाज 555 वोट पाकर निर्वाचित हुए । कृष्ण पाल 290, नीरज कुमार 235 ,मोहम्मद गुलबहार त्यागी 482 ,मोहम्मद यासीन 329 व सुरेंद्र चौधरी 471 वोट पाकर रह गए। सह सचिव के तीन पदों पर गीता रानी 865, निशा रानी 689 व मोहम्मद ताजीम 723 वोट पाकर चुने गए। जुबेर त्यागी 597, पंकज कुमार 259, मीनाक्षी द्विवेदी 574, राजीव कुमार सिंघल 417, शांतनु पुंडीर 551 वोट ही बटोर सके। वरिष्ठ सदस्य हेतु शशि प्रभा, जय कुमार नायडू, तरुण सौदे, दीपक कुमार धीमान, प्रशांत कुमार राजा व मुस्तकीम अली चुने गए जबकि कनिष्ठ सदस्य पद पर मोहम्मद ताहिर राव, शिखा चौधरी, नितिन कुमार राठी, प्रभात बालियान, कमरूना गौर एवं प्रिंस गोलियान चुने गए हैं।

# जहां मिलेंगे बंटी-बबली, तोड़ देंगे हड्डी पसली के नारों से सहमे नव युगल



**होटल-रेस्टोरेंटों में चलाया शिव सेना ने सर्च अभियान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार दोपहर क्रांति सेना और शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने पुलवामा आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान 14 फरवरी को 'ब्लैक डे' के रूप में मनाया गया और शहर के होटल-रेस्टोरेंट में सर्च अभियान भी चलाया गया। कार्यकर्ता जहां मिलेंगे बंटी बबली तोड़ देंगे हड्डी पसली के नारे लगाकर घूमते रहे।

दोनों संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहले अपने-अपने कार्यालयों पर एकत्र हुए। यहां शहीदों की तस्वीरों पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने हाथों पर काली पटी बांधकर आतंकवाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस भी आज मुस्तैद रही वहीं रेस्टोरेंट और होटल मालिकों ने हंगामा के दर से अपने प्रतिष्ठानों में लव बर्ड्स को एंट्री नहीं दी।

क्रांति सेना की अलग-अलग टीमे दिन भर होटल व रेस्टोरेंटो में प्रेमी युगलों को ढूंढती रही। उन्होने होटल मालिको को सीधी चेतावनी दी कि कोई भी संदिग्ध या नाबा. लिग जोडा पाया गया तो कार्यकर्ता उनको सबक सिखाएगे। इसकी पूरी जिम्मेदार होटल मालिक की होगी। कई होटलों के कमरो में आपत्तिजनक सामाग्री मिलने पर कार्यकर्ताओं ने हंगामा भी किया। स्थिति काबू करने के लिए पुलिस बुलानी पडी।



मुजफ्फरनगर: निर्वाचित होने के बाद समर्थकों संग जश्न मनाते प्रमोद त्यागी व सुरेन्द्र मलिक।

# सोने के बिस्कुट और सिक्के चोरी में शातिर गिरफ्तार

**पार्सल मंगाकर करते थे धोखाधड़ी, तीन जेल पहुंचे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शासन के दिशा निर्देश पर जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान में शातिरो पर कडी कार्यवाही कर रही है। नई मंडी पुलिस ने एक नए मामले का खुलासा करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार करते हुए सोने के बिस्कुट, सिक्के और मोबाइल बरामद करने का दावा किया है।

शनिवार को पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि मेलन कम्पनी के सुपरवाईजर विनोद पाल ने जानकारी दी थी कि एमाजॉन कम्पनी से सोने के बिस्कुट व सिक्के के पांच पार्सल ऑर्डर किए गए थे। उन्होने यह भी जानकारी दी थी कि ऑर्डर के बाद ब्लुडॉर्ट कम्पनी द्वारा दिए गए पते पर पार्सल पहुंचा दिया गया। जहां पार्सल मंगाने वाले व्यक्ति ने डिलीवरी बॉय से सम्पर्क कर पार्सल ले लिया था। उन्होने जानकारी दी कि पार्सल के बॉक्स से बीच में ही धोखाधडी कर सोने के सिक्के और सोने के बिस्कुट निकालकर खाली बॉक्स वापस कर दिए। जिसका मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। उन्होने जानकारी दी थी दिनेश कुमार पुत्र रामकरण मीणा, सुर्या पुत्र बाबुलाल और भूप सिंह पुत्र राम स्वरूप निवासी जयपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से दो सोने के सिक्के, दो सोने के बिस्कुट और चार मोबाइल बरामद किए है। एसएसपी ने बताया कि यह गिरोह ई-कॉमर्स कम्पनी अमेजन से सोने व चांदी के सिक्के और बिस्कुट के प्रीपेड ऑर्डर अलग-अलग शहरों के नाम पते बदलकर करते है और किसी भी गरीब व्यक्ति की आईडी पर सीम लेकर उसी से ऑर्डर करते है। यह गिरोह जिस शहर के नाम से ऑर्डर करते है डिलीवरी बॉय से आने से पहले उस शहर में पहुंच जाते है। इसके बाद डिलीवरी बॉय से कैशबैक का बहाना देकर पार्सल वापस देकर केंसिल करा देते है। यह गिरोह डिलीवरी बॉय को अपने विश्वास में लेते है और उन्हे पांच-पांच सौ रूपये देकर ठगी का काम करते है। यह गिरोह आईडीएफसी बैंक के खाते से एमेजन एप पर कीमती सोने के सिक्के व बिस्कुट ऑर्डर करते है और पार्सलों को भी डिलीवरी बॉय से लेकर चोरी से सोने के बिस्कुट निकालकर पार्सल को पुन: पैक कर कैशबेक का बहाना देकर केंसिल करा देते है। जब तक इस मामले का खुलासा होता है वह दूर निकल जाते है।

उन्होने बताया कि यह गिरोह डिलीवरी बॉय से पार्सल लेने के बाद उसके बातों में उलझा लेते है और पार्सल से सिक्के व बिस्कुट निकाल. कर उन्हे खाली डिब्बे थमा देते है इसके अवज मे वह डिलीवरी बाय को 500 रूपये भी दे देते है। यह गिरोह मेरठ, गौरखपुर, प्रयागराज सहित कई जनपदों में ठगी का काम कर चुके है।

# छात्र की पिटाई के बाद मेडिकल कॉलेज में हंगामा

## छात्रों ने प्रदर्शन कर की कार्रवाई की मांग, चार गार्ड पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एनएच-58 के मसूंरपुर क्षेत्र स्थित मेडिकल कालेज में प्रशिक्षु डॉक्टर (छात्र) के साथ हुई मारपीट का मामला तूल पकड़ रहा है। यह मामला शुक्रवार को शुरू हुआ और शनिवार को डॉक्टर व अन्य स्टाफों ने धरना प्रदर्शन करते हुए कानूनी कार्यवाही की मांग की। इस मामले में पुलिस दो दिन से लगी हुई है। शनिवार को इस संबंध में दो गार्ड के खिलाफ दर्ज किए गए मुकदमे के बाद मामला शांत हुआ।

गौरतलब है कि शुक्रवार की शाम कॉलेज का एक डॉक्टर क्रिकेट खेलकर आया था और बाइक अंदर ले जाने को लेकर डॉक्टर व गार्ड के बीच मामूली कहासुनी हुई।

आरोप है कि गार्ड ने अपने साथियो के साथ मिलकर डॉक्टर के साथ मारपीट कर दी, हालांकि इस मामले में तरह-तरह की गर्म-गर्म चर्चाए है, लेकिन शनिवार की सवेरे यह मामला तूल पकड गया। कॉलेज के स्टाफ ने कार्यवाही न होने से खिनन होकर धरने प्रदशर्न के साथ नारेबाजी शुरू कर दी। इस समय यहां कॉलेज के छात्र भी मौजूद रहे।

सभी की एक ही मांग थी कि बदसूलकी करने वाले गार्ड के खिलाफ कार्यवाही की जाए, हालांकि सूचना के बाद शुक्रवार की रात भी पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। और शनिवार को भी मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्यवाही का आश्वासन देकर छात्र को शांत किया।

इस समय सीओ खतौली भी मौके पर पहुंच चुके थे जिन्होने धरना प्रदर्शन, नारेबाजी कर रहे स्टाफ को शांत किया। फिलहाल पुलिस का कहना है कि डॉक्टर की ओर से तहरीर ले ली गई है और इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। यह मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आ चुका है और फिलहाल मामला शांत हो गया है।

## पुलवामा हमले के शहीदों को किया नमन

**मुजफ्फरनगर।** पुलवामा में हुए हमले में देश के लिए शहीद हुए बहादुर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तुलसी पार्क में भारती के वीर सपूतों के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष देशराज चौहान, जिला महामंत्री अभिषेक गर्ग, नगर अध्यक्ष गिरीजेश विश्वकर्मा, नगर मंत्री संदीप धीमान, पुरकाजी ब्लॉक अध्यक्ष अंकित राजपूत, ब्लॉक महामंत्री मिथुन कल्याण, सदर ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण वर्मा, ब्लॉक महामंत्री अनमोल राजप. ूत,जगमोहन धीमान, पारस पांचाल, शोभित दीक्षित, कार्तिक, ऋतिक कल्याण, अक्षय कुमार, ऋषभ पाल, अंशुमन वर्मा, हिमांशु प्रजापति, विशेष शर्मा, आदित्य शर्मा रहे।

# नॉन वेज हब मीनाक्षी चौक पर दुकानें प्लास्टिक कवर से ढकीं

**शिवरात्रि के मद्देनजर पुलिस अधिकारियों ने किया निरीक्षण।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** महाशिवरात्रि पर्व पर ऐहतियात बरतते हुए जिला प्रशासन ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाली सभी मीट की दुकानों को तिरपाल (पन्नियो) से ढकवा दिया है। अफसर ने दूरदर्शिता भरा कदम उठाते शांतिपूर्ण ढंग से पर्व संपन्न कराने के लिए यह कार्यवाही की है।

महाशिवरात्रि पर्व पर हरिद्वार की हर की पौड़ी से गंगाजल लेकर दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों की ओर जाने वाले शिव भक्त कांवड़िए मुजफ्फरनगर जिले से होकर गुजरते हैं। इसी मार्ग पर शहर का मीनाक्षी चौक नॉन वेज हब कांवड़ मार्ग के बीच में स्थित है यहां मीट की दुकानों को ढका गया है, हालांकि अधिकतर होटल स्वामियों ने खुद ही होटल में भी पर्दे लगाने शुरू कर दिए थे। उन्होंने कहा, ष्हमारा मकसद यह है कि शिवरात्रि नजदीक है, कांवड़ यात्रा भी चल रही है। यहां से गुजरने वाले शिव भक्ति को किसी तरह की यह सुविधा न हो। उन्होंने बताया कि उन्हें प्रशासन से पर्दे लगाकर काम करने की हिदायत मिली थी, जिसका पालन करते हुए उन्होंने ये पर्दे लगाए हैं। सीओ सिटी सिद्धार्थ मिश्रा और अन्य अधिकारियों ने यहां का निरीक्षण कर दुकानों को ढकवाया गया है। साथ ही, पुलिस अधिकारियों ने होटलों के बाहर रखे उनके स्टॉल को पीछे हटवाया गया।




मुजफ्फरनगर: शिवरात्रि पर्व के मद्देनजर अतिक्रमण हटवाते पुलिस अधिकारी।

# हर-हर महादेव जयघोष से आस्था में डूबा शहर

## जलाभिषेक की तैयारियों को शिवालियों में की गई सुन्दर सजावट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रविवार को मनाए जाने वाले महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां जोरों पर है इसी के साथ शहर में जल लेकर पहुंचे शिव भक्तों के सैलाब से वातावरण भक्तिमय हो उठा है। महाशिवरात्रि पर्व रविवार को मनाया जाएगा जिसके चलते प्रमुख शिवालयों से लेकर मोहल्लों में स्थित छोटे-बड़े मंदिरों तक विशेष सजावट की गई है। मंदिर परिसरों में रंग-बिरंगी रोशनी, पुष्पमालाओं और आकर्षक झांकियों से को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। शहर के हृदय स्थल शिव

चौक पर भी विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। यहां भगवान आशुतोष का श्रृंगार प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी अत्यंत भव्य और मनमोहक ढंग से किया गया।

कांवड़ यात्रा के चलते शहर का मुख्य मार्ग पूरी तरह शिवमय नजर आया। रुड़की रोड से लेकर रामपुर तिराहा और शहर से होकर गुजरने वाली जीटी रोड तक कांवड़ियों की भारी आवाजाही रही।मंदिर समितियों द्वारा दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं, जिनमें पेयजल, प्रसाद वितरण और सुरक्षा व्यवस्था शामिल है।

इधर, कांवड़िए गंगाजल लेकर श्हर-हर महादेवश और 'बम-बम भोले' के जयघोष के साथ अपने-अपने गंतव्य की ओर बढ़ते रहे। भगवा वस्त्रों में सजे शिव भक्तों की टोलियां श्रद्धा और अनुशासन के साथ यात्रा कर रही थी, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय रहा। फूलों, रोशनी और विशेष अलंकरण से सजे शिव. लिंग के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। शिव चौक पर प्रात: काल से ही जलाभिषेक का सिलसिला आरंभ होजाएगा, जो देर रात तक जारी रहेगा। शहर के विभिन्न मोहल्लों नई मंडी, गांधी कॉलोनी, कूकड़ा रोड, जनकपुरी, प्रेमपुरी और अन्य क्षेत्रों में स्थित शिव मंदिरों में भी दिनभर तैयारियों का दौर चलता रहा। मंदिर प्रबंधन समितियों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने मिलकर साफ-सफाई, सजावट और प्रकाश व्यवस्था को अंतिम रूप दिया। जिला प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# पोस्टमार्टम प्रक्रिया में बड़ा बदलाव, फोरेंसिक विशेषज्ञ की निगरानी में होगा पीएम

## शासन ने लिया निर्णय, ओपीडी और ऑपरेशन करने वाले डॉक्टरों को मिलेगी राहत, मरीजों की परेशानी होगी खत्म

**जनपद में डॉ. अजय कुमार एडीशनल सीएमओ व नगर स्वास्थ्य अधिकारी अजय प्रताप शाही हैं फोरेंसिक मेडिसन विशेषज्ञ**

**सलाउद्दीन अब्बासी**

**मुजफ्फरनगर।** जिस तरह शासन बड़े मुद्दों को लेकर चाहे वो आईएसएस का मामला हो या फिर कोई संगीन मामला हो या इसको लेकर गंभीर है तो पुलिस प्रशासन भी अपराधियों पर लगाम कसने के लिए हर हत्थकंडे इस्तेमाल कर रहे है। बात फिर वहीं शासन की आती है अब शासन पोस्टमार्टम को लेकर भी नए आदेश जारी करने जा रहा है। या यूं कहा जाए कि प्रदेश में पोस्टमार्टम (शव विच्छेदन) प्रक्रिया को और प्रारर्शी और वैज्ञानिक बनाने के लिए नए निर्देश जारी किए है। अब तक पोस्टमार्टम होने की प्रक्रिया पर नजर डाली जाए तो सीएचसी और जिला अस्पताल के डॉक्टर की ड्यूटी पोस्टमार्टम के लिए लगाई जाती थी, हालांकि पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर एमबीबीएस होते है, लेकिन अब शासन ने स्पष्ट आदेश जारी किए है कि पोस्टमार्टम मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के नेतृत्व मे मेडिकल कॉलेज के फोरेंसिक मेडिसन विशेषज्ञों द्वारा कराए जाएगे। इस नए आदेश और प्रक्रिया की जानकारी की जाए तो यह संज्ञान में आया है कि पोस्टमार्टम करने वाला डॉक्टर कम से कम फॉरेंसिक मेडिसन होना चाहिए। दूसरे रूप में इसे यह भी कहा जा सकता है कि यदि जिला अस्पताल, सीएचसी, गांव कस्बे के सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों की ड्यूटी पोस्टमार्टम हाउस पर लगाई जाने से यहां आने वाले मरीजों को बड़ी ही कठिनाई का सामना करना पड़ता है, क्योकि डॉक्टर सर्जन हो, आई विशेषज्ञ हो या फिजीशन हो कुल मिलाकर कोई भी विशेषज्ञ डॉक्टर हो यदि उसकी ड्यूटी पोस्टमार्टम हाउस पर लगाई जाती है तो यहां आने वाले मरीजों को परेशान होना पड़ता है। शासन ने इस ओर भी संज्ञान लिया कि यदि किसी डॉक्टर को ऑपरेशन करना हो और मरीज को समय दिया गया हो तो ऐसे में पोस्टमार्टम ड्यूटी डॉक्टर के लिए परेशानी का सबब बनेगी।

फिलहाल शासन ने राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के सभी सरकारी स्वायत्तशाली और निजी मेडिकल कॉलेजों में फोरेंसिक विभाग के चिकित्सकों को निरधारित शर्तो के तहत पोस्टमार्टम प्रक्रिया में शामिल किए जाने के आदेश दिए है। यूपी शरीर रचना परिक्षण अधिनियम 1956 के तहत लावारिश शवों का पोस्टमार्टम निजी कॉलेजों में होने के भी आदेश दिए गए है। साथ यह भी आदेश हुए है कि अपराध या मेडिकल बोर्ड के जुडों मामलो के निजी संस्थान शामिल नहीं होगा। राज्य सरकार का दावा है कि नई व्यवस्था से पोस्मार्टम प्रक्रिया अधिक विश्वसनीय और पारर्शी विधि सम्मत होगी। नए निर्देशों को देखा जाए तो पूरी प्रक्रिया यूपी मेडिकल मेन्युअल और राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगी। शासन ने यह भी आदेश दिए है कि रिपोटिंग की जिम्मेदार संबंधित सीएमओ और संबंधित संस्थान के फारेंसिक विभाग की होगी। फिलहाल शासन के इस निर्देश के निजी मेडिकल कॉलेजों में भी पोस्टमार्टम शुरू करने से पहले समिति का निरीक्षण जरूरी रखा गया है। और सभी जिलों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित होगी।

पोस्टमार्टम करने की प्रक्रिया: मृत्यु के सही कारण समय और तरीके का पता लगाने के लिए एक विशेषज्ञ डॉक्टर पैथोलोजिस्ट या फोरेंसिक मेडिसन विशेषज्ञ द्वारा की जाने वाली एक कानूनी और चिकित्सा प्रक्रिया है इसमें मृत्यु के 06 घंटे लेकर दस घंटे के भीतर पुलिस की सहमति और सरकारी की सहमति से किया जाता है। बता दे कि अब से पहले जनपद में अस्पतालों में ड्यूटी करने वाले डॉक्टर ही पोस्टमार्टम करते आए है, जबकि पोस्टमार्टम के लिए फोरेंसिक मेडिसन का होना जरूरी है, क्योकि पोस्टमार्टम के लिए यह डिग्री उपयुक्त मानी जाती है। फोरेंसिक की डिग्री करके आने वाले डॉक्टर ही शव देखकर यह लिख पाते है कि घटना का कब कितने घंटे पूर्व, किस तरह और कितनी दूर से की गई है, जबकि आम डॉक्टर पुरी तरह इसको जान नहीं पाते। अब एमबीबीएस के बाद पीजी की हुए डॉक्टर ही पोस्टमार्टम कर सकेगे। फिलहाल जनपद में फोरेंसिक के विशेषज्ञ अजय कुमार जो एडिशसनल सीएमओ है और नगर स्वास्थ्य अधिकारी अजय कुमार शाही है।

शोक सन्देश



आपको अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित करना पड रहा है
कि हमारे पूजनीय पिताजी श्री अजय शर्मा (तम्बाकू वाले)
सुपुत्र स्वर्गीय श्री ओमदत्त शर्मा ( पूर्व नगर संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शाहपुर)
का स्वर्गवास 6 फरवरी 2026, दिन शुक्रवार को हो गया था। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
जिनकी रस्म तेरहवी दिनाँक 16 फरवरी 2026, दिन सोमवार को होनी निश्चित हुई है।

कार्यक्रम
सोमवार, 16 फरवरी, 2026
हवन........................8 बजे प्रात:
ब्रह्म-भोज........................11 बजे प्रात:
रस्म पगड़ी........................2 बजे दोपहर

शोकाकुल परिवार
पुत्र: भाग्य शर्मा (शाह टाइम्स, पत्रकार)
मुकुन्द शर्मा
एवं समस्त परिवार

-: स्थान :-
जैन धर्मशाला, मौहल्ला महाजनान
कस्बा शाहपुर (मु० नगर)
मो० 8077564044

प्रगति प्रेस, शाहपुर- 8445564119

# एसआईआर में सपा नेता प्रदीप डबास ने पकड़ा बड़ा फर्जीवाड़ा

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशों का पालन करते हुए सपा के एक सक्रिय कार्यकर्ता प्रदीप डबास ने विगत दिवस एसआईआर अभियान में बीएलओ और उनके सहयोगियों का बडा फर्जीवाड़ा पकड़ा है। आरोप है कि बीएलओ ने एक बड़ी पार्टी के दो नेताओं के साथ मिलकर एक गांव में अभी भी मौजूद मुस्लिम समाज के 138 लोगों के वोट काट दिए। यह फर्जीवाडा सपा नेता ने अपनी सक्रियता के चलते किया। सपा नेता ने इसकी शिकायत बुढ़ाना के नये एसडीएम और तहसीलदार से करने की बात कही है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर में यह बडा फर्जीवाडा हुआ है। जिसमें सपा नेता के द्वारा लगाए गये आरोप के मुताबिक महिला बीएलओ सुनीता ने एक पार्टी के दो नेताओं राकेश व पवन के साथ मिलकर उन 138 मुस्लिम लोगों की वोट फार्म नंबर 07 भरवाकर काट दी जो अभी भी जिंदा हैं और गांव सुल्तानपुर में ही रह रहे हैं। इन सभी लोगों को फार्म नंबर 7 यह कहकर भरवाया गया कि हम आपकी वोट बना रहे हैं। इनमें से अधिकांश लोग अनपढ़ बताए गये हैं।

जो इस बात को समझ ही नहीं पाए और उन्होंने बीएलओ और दोनों नेताओं के कहने पर फार्म नंबर 7 भर दिए। इस बात का पता किसी ग्रामीण द्वारा युवा सपा नेता प्रदीप डबास को लगा तो उन्होंने अपनी सक्रियता से एक हफ्ते के भीतर यह फर्जीवाड़ा पकड़ा। इस मामले में सपा नेता प्रदीप डबास ने बाकायदा इन 138 लोगों की लिस्ट वायरल भी कर दी और बताया कि ग्राम सुल्तानपुर में भाजपा द्वारा 138 वोट चोरी का मामला प्रकाश में आया है। उन्होंने ये चोरी पकडी है। चुनाव आयोग संज्ञान ले और चोर के खिलाफ कडी से कडी कार्यवाही करे।

सपा नेता प्रदीप डबास ने फिलहाल इसकी शिकायत समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेशध्द उपाध्यक्ष डाक्टर सत्येंद्र पाल से की है तो उन्होंने सोशल मीडिया पर वायरल हुई पूरी लिस्ट सपा हाईकमान को भेजें जाने की बात कही। इस मामले में प्रदीप डबास ने बुढ़ाना एसडीएम कृष्णकांत बिवकर्मा और बुढ़ाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव से मिलने की बात कही है।

कुल मिलाकर एक छोटे से गांव से ही जब इतनी वोट कथित तौर पर बीएलओ के द्वारा नेताओं के कहने पर काटी जा रही है तो बाकी गांवों में क्या नहीं हुआ होगा यह जांच का विषय है। यह मामला पूरे गांव सुल्तानपुर के अलावा आसपास के गांवों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है।



### क्या कहते हैं एसडीएम.........

**बुढ़ाना।** जब इस संबंध में बुढ़ाना एसडीएम कृष्णकांत बिवकर्मा से फोन पर बात की गयी तो उन्होंने बताया कि बुढ़ाना क्षेत्र में किसी भी गांव में कोई भी वोट कटने का मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

# बिना नंबर प्लेट कार से आए युवकों का पैट्रोल पंप पर हंगामा

**2000 रुपये का पैट्रोल भरवाकर की मारपीट, तीन दबोचे**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप पर बिना नंबर प्लेट लगी कार से पहुंचे युवकों द्वारा पेट्रोल भरवाने के बाद भुगतान मांगने पर बवाल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम रामनगर थाना सिंघावली अहीर, जनपद बागपत निवासी सुबोध गिरी पुत्र उदयवीर गिरी ने थाना खतौली में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि सफेद रंग की स्विफ्ट कार में सवार कुछ युवक उनके पेट्रोल पंप पर आए और 2000 रुपये का पेट्रोल भरवाया। जब पंप पर तैनात सैल्समैन मनोज शर्मा ने भुगतान की मांग की तो आरोप है कि युवकों ने अभद्रता शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर आरोपितों ने सैल्समैन के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी, जिसके आधार पर थाना खतौली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

जांच के दौरान पुलिस ने ग्राम कूकड़ा थाना नई मंडी, जनपद मुजफ्फरनगर निवासी एजाज पुत्र इश्तिकार, सुऐब पुत्र गुलसनम तथा आदिल पुत्र यामीन को नामजद किया। शनिवार सुबह पुलिस टीम ने दबिश देकर कूकड़ा स्थित एक मकान से तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपितों से पूछताछ की जा रही है और प्रकरण में विधिक कार्रवाई जारी है।

## आरडीएफ की आड़ में कूड़ा जलाने पर पेपर मिल सील



**मुजफ्फरनगर।** जनपद में आरडीएफ ईंधन के रूप मे उपयोग एवं परिवहन किये जाने के सम्बन्ध में आ रही शिकायतों पर प्रभावी रूप से कार्यवाही किये जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा 22 दिसम्बर 2025 को टीम का गठन किया गया था। उक्त टीम द्वारा आज आरडीएफ उपयोग करने वाली पेपर इकाईयों जोकि जौली रोड, भोपा रोड एवं मेरठ रोड पर स्थापित है, का निरीक्षण नगर मजिस्ट्रेट की अगुवाई में किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम में क्षेत्रीय अधिकारी, सहायक पर्यावरण अभियन्ता, अवर अभियन्ता उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,, सम्भागीय परिवहन अधिकारी एवं टैक्स कलैक्टर नगर पालिका परिषद उपस्थित थे। गठित टीम द्वारा भोपा रोड स्थित मै0 शाकुम्बरी पेपर, मेरठ रोड स्थित मै0 एरिस्टो क्राफ्ट पेपर, मै0 गैलेक्सी पेपर एवं मै0 कृष्णांचल पेपर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शाकुम्बरी पेपर, एरिस्टो पेपर मिल में आरडीएफ के प्रोसेसिंग हेतु स्थापित ट्रॉमल प्लांट को सील किया गया एवं मै0 गैलेक्सी पेपर तथा मै0 कृष्णांचल पेपर को निरीक्षण में वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था प्रभावी रूप से संचालित न होने के दृष्टिगत आरडीएफ ब्वायलरों को सील कर आरडीएफ के उपयोग को निषिद्ध किया गया।

## तहसीलदार ने एसआईआर नोटिसों का किया समाधान

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के ग्राम परासौली में स्थित प्राइमरी स्कूल नंबर एक में शनिवार के दिन बुढ़ाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव ने पहुंचकर एसआईआर के नोटिस का समाधान अपनी मौजूदगी में किया। जिसमें गांव परासोली के काफी जिम्मेदार व्यक्तियों ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया। जिसमें सभी बीएलओ के अलावा समाजसेवी बाबू अंसारी और आसिफ राना आदि सैंकड़ों ग्रामीण मुख्य रूप से मौजूद रहे। काफी एसआईआर नोटिसों का तत्काल समाधान होते ही ग्रामीणों ने बुढ़ाना तहसीलदार का आभार जताया और उनसे अन्य गांवों में भी इसी तरह से एसआईआर के नोटिसों का निस्तारण करने का आग्रह किया।

# सम्भलहेड़ा में घटिया निर्माण सामग्री से ग्रामीणों में रोष

**मीरापुर।** ग्राम सम्भलहेड़ा में निर्माणाधीन लिंक मार्ग में घटिया सामग्री के प्रयोग और मानकों की अनदेखी के आरोपों को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त हो गया। श्री सिद्धपीठ पंचमुखी महादेव मंदिर, सम्भलहेड़ा को पानीपत-खटीमा मार्ग से जोड़ने वाले इस मार्ग पर चल रहे कार्य को ग्राम प्रधान रिहान अंसारी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने रुकवा दिया और मौके पर विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा बिना समुचित भराव किए ही सड़क पर पत्थर डालकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नवनिर्मित हिस्से की जांच करने पर बड़ी खामियां सामने आईं। ग्राम प्रधान रिहान अंसारी ने बताया कि श्री सिद्धपीठ पंचमुखी महादेव मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और क्षेत्रीय विकास को देखते हुए प्रशासन ने इस मार्ग के चौड़ीकरण और उच्च गुणवत्ता वाली सड़क निर्माण का निर्णय लिया था, लेकिन ठेकेदार द्वारा मानकों की अनदेखी किए जाने से उद्देश्य पर पानी फिरता नजर आ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास के नाम पर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने एसडीएम जानसठ राज. कुमार भारती से शिकायत कर निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में ग्राम प्रधान रिहान अंसारी के साथ खालिद समीर, अरविंद कुमार, हुमायूं सिद्दीकी, साबिर अंसारी, सोनू, अरुण कुमार, सुमित कुमार, जावेद, आलिम, बाबू चौधरी, गिन्नी, बंटी, हेमंत शर्मा, हाजी इरशाद सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।





**मुजफ्फरनगर।** चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह बड़े उत्साह, उमंग और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक बिशंबर पंचाल ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में देवेंद्र कश्यप (राष्ट्रीय अध्यक्ष, सामाजिक न्याय पार्टी) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन उप प्रधानाचार्या सानया निगम ने किया। प्रधानाचार्य अमर पांचाल ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालाा। नर्सरी वर्ग की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत बटर फ्लाई डांस, स्ज्ञळ विद्यार्थियों का वेलकम सॉन्ग तथा बच्चों की सेव ट्रीज़ थीम प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कक्षा 1-2 के विद्यार्थियों ने मोटिवेशनल थीम और टाइमलेस टड्न्स के माध्यम से प्रेरणादायक संदेश दिया। कक्षा 4 के विद्यार्थियों ने सावित्रीबाई फुले श्रद्धांजलि तथा फेस्टिवल ऑफ इंडिया प्रस्तुति से दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरीं।वरिष्ठ वर्ग की प्रस्तुतियों में नारी शक्ति नाटक, कल्चर डांस, तथा मुख्य अतिथि के स्वागत में विशेष नृत्य कार्यक्रम ने समारोह की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कक्षा 4-5 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभद्रि आधारित नाटड प्रस्तुति ऑपरेशन सिंदूर रही, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया तथा विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

## बीटीईयूपी के परीक्षा परिणाम में श्री राम पॉलिटेक्निक का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग परीक्षा परिणाम में बीटीईयूपी से मान्यता प्राप्त श्री राम पॉलिटेक्निक, रूड़की रोड़, मुजफ्फरनगर के विद्यार्थियों ने खुद को साबित किया। मैकेनिकल इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष में मौ0 आयन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सर्वोच्च उपलब्धि हासिल की, सिविल इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष में दीपक कुमार ने प्रथम, इसी क्रम में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष में आकाश ने प्रथम स्थान कम्प्यूटर साइस प्रथम वर्ष में राखी ने प्रथम स्थान, मैकेनिकल इंजी. नियरिंग आटो मोबाइल प्रथम वर्ष में मौ0 हयात ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सर्वोच्च उपलब्धि हासिल की, इसी क्रम में इलैक्ट्रोनिक्स एवं कम्यूनिकेशन इंजी0 प्रथम वर्ष में समर धीमान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में भी श्रीराम पॉलिटेक्निक का दबदबा स्पष्ट रूप से देखने को मिला, जहाँ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में क्रिस, सिविल इंजीनियरिंग में नागेश तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में नमन धीमान, कम्प्यूटर साइस में वंशुल, मैकेनिकल आटो में रोहन कुमार इलैक्ट्रोनिक्स एवं कम्यूनिकेशन इंजी0 मे सुमित ने प्रथम स्थान प्राप्त कर निरंतर उत्कृष्टता की परंपरा को बनाए रखा। तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में भी विद्यार्थियों ने अपनी परिपक्वता और तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए मैकेनिकल इंजीनियरिंग में आर्यन, सिविल इंजीनियरिंग में नेहा, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में अनुराग सिह, कम्प्यूटर साइस में क्षतिज त्यागी ,मैकेनिकल आटो में सोहेल अहमद, इलैक्ट्रोनिक्स एवं कम्यूनिकेशन इंजी0 मे मो0 जुनेद ने प्रथम स्थान दिलाकर यह प्रमाणित किया कि संस्थान विद्यार्थियों को न केवल परीक्षा में बल्कि व्यावहारिक तकनीकी ज्ञान में भी सक्षम बना रहा है।संस्थान के संस्थापक चेयरमैन डॉ0 सुभाष चंद कुलश्रेष्ठ ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# बीआईटी संस्थान में साहित्य क्लब ने किया शिवाजी जयंती समारोह का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** बीआईटी संस्थान में साहित्य क्लब के सौजन्य से शिवा. जी जयंती समारोह उत्साह, अनुशासन और सम्मान के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रभक्ति, नेतृत्व क्षमता और सांस्कृतिक चेतना का विकास करना रहा। इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, संघर्ष और आदर्शों पर प्रकाश डाला गया।

समारोह के अंतर्गत आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीएससी नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर की छात्राएं लिपिका और कशिश ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया।

साबिर ने द्वितीय तथा निशा ने तृतीय स्थान हासिल कर अपनी लेखन प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल, उपनिदेशक डॉ. पुष्पनील वर्मा तथा डीन डॉ. अजय सिंह उपस्थित रहे। अपने संबोधन में निदेशक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन साहस, स्वाभिमान और कुशल नेतृत्व का प्रतीक है, जिससे युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। उपनिदेशक डॉ. वर्मा ने छात्रों को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संद. ेश दिया, जबकि डीन डॉ. अजय सिंह ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। निबंध प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सीएस विभाग की मीनाक्षी सिंह और फार्मेसी विभाग की खुशबू चौधरी ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों द्वारा विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साहित्य क्लब का यह आयोजन छात्रों में राष्ट्रीय गर्व और सांस्कृतिक जागरूकता को मजबूत करने में सफल रहा।

# परिवार के साथ मिलकर करें योग : ब्रह्ममूर्ति योगतीर्थ



**मोरना।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ स्थित ध्यान योग आश्रम एवं आयुर्वेद शोध संस्थान में आयोजित पांच दिवसीय योग साधना शिविर के चौथे दिन सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया। हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन से पधारे योगऋषि ब्रह्ममूर्ति योगतीर्थ महाराज ने कहा कि आज के तनावपूर्ण और तेज़ रफ्तार जीवन में शारी. रिक-मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए योग साधना सबसे सरल और प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहा है। रोज़ाना सिर्फ 20-30 मिनट की योग साधना से तनाव, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, अनिद्रा जैसी समस्याओं पर काबू पाया जा सकता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। परिवार के साथ मिलकर योग करें, बच्चों को सिखाएं क्योंकि स्वस्थ परिवार ही स्वस्थ समाज और राष्ट्र की नींव है। शिविर को मां अन्नपूर्णागिरि आश्रम के महामंडेश्वर गोपालदास महाराज, आचार्य ओमेन्द्र उर्फ मुखिया, स्वामी आदित्यदेव तथा स्वामी सदानंद महाराज ने भी विचार व्यक्त किए और योग करो और जीवन संवारो का आह्वान किया। शिविर के आयोजन में प्रोफेसर सत्येंद्र आर्य, हरपाल सिंह, वेदपाल सिंह, सचिन और विपिन सहरावत की मुख्य भूमिका रहे।

**NOTICE**

I, **AALIYA JABIN**, daughter of **MOHAMMED SABIR** R/o Village Baghonwali, Muzaffarnagar, do hereby declare that my father's name has been changed from **"MOHAMMED SABIR"** to **"MOHAMMAD SABIR"** for all official records and future purposes.

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी सन् 2010 अनुक्रमांक 0288424 इण्टरमीडिएट अंकपत्र रास्ते में कहीं गुम हो गया है। जिस किसी व्यक्ति को अंकपत्र मिल गया हो इस मोबाईल नं0 8126677818 पर सम्पर्क करें।
**आशु रानी पुत्री विजयपाल,**
ग्राम- बेहडा सादात,
मुजफ्फरनगर।

## भुगतान न मिलने से परेशान युवक ने पुलिस से की शिकायत

**खतौली।** कस्बे में मेहनताना न मिलने का एक मामला सामने आया है, जिसमें एक युवक ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम ताजपुर निवासी नितिन कुमार ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर अपनी बकाया रकम दिलवाने की मांग की है।

पीड़ित के अनुसार 19 दिसंबर को उसने ग्राम फुल्लत निवासी एक व्यक्ति के मुर्गी फार्म पर पांच सीसीटीवी कैमरों का संपूर्ण सेटअप तैयार किया था। दोनों पक्षों के बीच कार्य के बदले 20 हजार रुपये भुगतान तय हुआ था। नितिन का आरोप है कि काम पूरा करने के बाद उसे केवल तीन हजार रुपये ही दिए गए, जबकि 17 हजार रुपये अब भी बकाया हैं। नितिन कुमार का कहना है कि वह कई बार संबंधित व्यक्ति से फोन और व्यक्तिगत रूप से मिलकर भुगतान की मांग कर चुका है, लेकिन हर बार उसे आश्वासन देकर टाल दिया गया। बकाया राशि न मिलने से उसे आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए उसकी मेहनत की शेष रकम दिलाने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है।

# थानेदार पर जबरन मकान खाली कराने का लगाया आरोप

## पीड़ित ने जनसुनवाई में दर्ज कराई शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना/भौरांकला।** थानाध्यक्ष पर एक मकान को जबरदस्ती खाली करवाने का आरा. ेप लगा है। पीड़ित ने शनिवार को अपनी शिकायत जनसुनवाई में दर्ज कराते हुए उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

मिली जानकारी के अनुसार चांदवीर पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम भौराकलां ने जनसुनवाई में अपनी शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि वह एक गरीब मजदूरी पेशा व्यक्ति है।

उसका एक दाद ईलाही मकान ग्राम भौराकलां में ही स्थित है। जिसमे वह और उसका परिवार रहता है। जिस पर उसका ही कब्जा है। गांव के दबंग विपिन पुत्र रघबीर सिंह और भौरांकला थाने के एसएचओ मानविन्द्र ने उसे उसका मकान खाली करने की धमकी दी। भौरांकलां थाने के एसएचओ जबरदस्ती उसे उसके घर से उठाकर थाना भौरांकला ले गये। जहां उसको करीब 2 घंटे तक अवैध हिरासत में बैठाए रखा और डराते धमकाते हुए कहा कि आज ही एक घंटे के अन्दर अपना मकान खाली कर दे अन्यथा तेरे पर झूठे मुकदमे लगाकर मैं तुझे 14 साल के लिए जेल में भिजवा दूंगा। एसएचओ द्वारा उसका व उसके परिवार का आर्थिक मानसिक उत्पीडन किया जा रहा है। जिससे वह काफी तंग है। पीडित ने उच्चाधिकारियों से विपिन व एसएचओ के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

### क्या कहते हैं भौरांकला एसएचओ.....

**बुढ़ाना/भौरांकलां।** जब इस आरोप के संबंध में शाह टाइम्स ने भौरांकला एसएचओ से फोन पर बात की तो उन्होंने बताया कि मैं किसी भी मकान पर कोई कब्जा नहीं करा रहा। आरोप झूठे हैं। जो मकान है उसका पक्का बैनामा विपिन के पास है जबकि झूठा आरोप लगा रहे चांदबीर के पास मकान का कोई भी बैनामा नही है।

# आईपीएल रोहाना में लगा दो दिवसीय चिकित्सा शिविर

**मुजफ्फरनगर।** इंडियन पोटाश लि. इकाई रोहाना कलां में दो दिवसीय हैल्थ मेडिकल कैम्प का आयोजन आई.पी.एल. ग्रुप ने सामा. जिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अन्तर्गत आई. पी. एल. फाउंडेशन की ओर से भव्य एवं सफल आयोजन किया गया।मेडिकल कैम्प का शुभारंभ इकाई प्रमुख लो. केश कुमार और विभागाध्यक्ष (गन्ना) के. पी. मलिक ने दीप प्रज्जलित एवं माल्यार्पण कर किया। मेडिकल कैंप के इस शिविर में मिटी, मानव, पशु एंव गन्ने से संबधित जानकारी तथा स्वास्थ्य जांच और अन्य जागरूकता गति. विधियाँ सम्पन्न की गई। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता और पर्यावरणीय संतुलन को प्रोत्साहित करना है।

मैडिकल कैम्प में ग्रामीणों, किसानों और पशुपालकों को नि: शुल्क स्वास्थ्य लाभ मिला। कैम्प में 400 लोगो की स्वास्थ्य जाँच, 35 मिट्टी के नमूनों की जाँच और 30 से अधिक पशुओं की जांच की गई। मेडिकल कैम्प मे गन्ने से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी डॉ0 अवधेश डागर ने बसंतकालीन गन्ना बुवाई के विषय में कृषको को विस्तृत जानकारी दी गई ।साथ ही विभागाध्यक्ष (गन्ना) के.पी. मलिक द्वारा गन्ने का बीज बदलाव और बुवाई के समय गन्ना बीज को सीड ट्रीटमेन्ट तथा खेत की जुताई में ट्राइकोडर्मा लगाने की सलाह दी गई। मेडिकल कैम्प में डाक्टरो द्वारा ग्रामीणों की ब्लड प्रेशर, शुगर, आँख, दाँत और महिला स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई। मरीजों को आवश्यक जेनरिक दवाएं, मल्टीविटामिन नि: शुल्क वितरित किए गए। वन हैल्थ मेडिकल कैम्प में आई.पी.एल.रोहाना कलां मिल के अतिरिक्त गन्ना प्रबंधक, सजीव चौधरी,उप गन्ना प्रबन्धक अमित राणा, सहायक गन्ना प्रबंधक संजय मालिक सम्मानित किसान आदि उपस्थित रहें।



# रायपुर अटेरना में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा



**बुढ़ाना।** गांव रायपुर अटेरना के श्री प्यारे जी महाराज मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व की पूर्व संध्या पर शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के चलते भव्य कलश शोभा यात्रा निकली। यात्रा गाजे बाजे व हर हर महादेव के जयघोष के बीच निकली। यात्रा में 101 कलश व्रतियों ने श्रद्धा व भक्ति भाव से भाग लिया। शोभायात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर गांव के मार्गों को निक. ाली गयी। जिन देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा हुई उन्हें सुसज्जित वाहन पर विराजमान कर गांव का भ्रमण कराया गया। जहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और वातावरण भक्तिमय बन गया। श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में पवित्र जल भरा। इसके बाद श्रद्धालु मंदिर पहुंचे जहां विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापना हुई। यहां ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा। महोत्सव को लेकर क्षेत्र में उत्सवपूर्ण माहौल बना था। प्राण प्रतिष्ठा शिवजी, पार्वती, गणेश, रिद्धी सिद्धी, कार्तिकेय की हुई जो आयोजक पंडित जोगेंद्र शास्त्री के सानिध्य में ग्रामीणों की और से काशी से आए पंडित आशीष कौशिक, पंकज कौशिक, निखिल कौशिक, अतुल, सूर्य नारायण ने की। महिलाओं ने क्षेत्रपाल भूमिया खेड़ा की परिक्रमा भी की। पुजारी सुखदेव गिरी ने ग्रामीणों को आशीर्वाद दिया। यहां प्रधान तेजपाल, मनोज, संदीप प्रधान, मुकेश प्रधान, रामपाल भगतजी, मक्खन लाल, जय भगवान, राकेश, कुलदीप शर्मा, राज. कुमार, रामोतार, मनोज, दीपक जिद्दी, विपुल, प्रवीण आदि मौजूद रहे।

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मिले अभिषेक पंवार

**बुढ़ाना।** जनपद की जिला पंचायत के वार्ड नंबर 21 से सदस्य पद का चुनाव लड़ रहे गांव वैल्ली के अभिषेक पंवार ने बताया कि वे विगत दिवस लखनऊ में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मिले और उनको अपने वार्ड क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया। जिस पर उन्होंने समस्त समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया है। मिली जानक. ारी के अनुसार जिला पंचायत मुजफ्फरनगर के वार्ड नंबर 21 के सदस्य पद के उम्मीदवार अभिषेक पंवार ने शनिवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव इटावा, गांव बिटावदा, गांव बसी खुर्द और गांव चंधेडी सहित अन्य आधा दर्जन से भी अधिक गांवों का दौरा कर मतदाताओं से अपने लिए डोर टू डोर घूमकर वोट मांगे और वार्ड क्षेत्र में संपूर्ण विकास करने का वायदा किया। सभी ने अभिषेक पंवार के सिर पर हाथ रखकर जीत का आशीर्वाद दिया और चुनाव में पूरी मेहनत करने को कहा। दूसरी और अभिषेक पंवार ने बताया कि वे विगत दिवस लखनऊ में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मिले थे और उनको अपने वार्ड क्षेत्र की समस्याएं बताई थी।

# गीतापुरी भूड़ में कुत्तों को पकड़ने की कोशिश पर बवाल

**एनिमल वेलफेयर टीम ने रोकी कार्रवाई**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गीतापुरी भूड़ क्षेत्र में शनिवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब कुछ लोगों द्वारा कुत्तों को पकड़कर अन्य स्थान पर छोड़ने की कोशिश की गई। सूचना मिलते ही एलआईसी एनिमल्स वेलफेयर टीम के प्रतिनिधि अभिनव यदुवंशी मौके पर पहुंचे और पकड़े गए कुत्तों को तुरंत मुक्त कराया।

मौके पर मौजूद व्यक्ति ने टीम को बताया कि उसे एक प्रधान पद के संभावित दावेदार द्वारा पैसे देकर कुत्तों को पकड़ने और क्षेत्र से बाहर छोड़ने के लिए कहा गया था। यह बात सामने आते ही मामला और तूल पकड़ गया। संस्था के संस्थापक पुनीत अरोरा ने संबंधित दावेदार से फोन पर बातचीत की। दावेदार का कहना था कि क्षेत्र में एक कुत्ता कई लोगों को काट चुका है, इसलिए उसे हटवाया जा रहा था।

हालांकि टीम की जांच में पता चला कि एक मादा कुतिया ने हाल ही में बच्चों को जन्म दिया है और वह अपने पिल्लों की सुरक्षा के कारण आक्रामक व्यवहार कर रही थी। पुनीत अरोरा ने स्पष्ट कहा कि किसी भी पशु को पकड़कर अवैध रूप से स्थानांतरित करना कानून का उल्लंघन है और यह पशु क्रूरता की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी कुत्ते से संबंधित शिकायत है तो उसका समाधान प्रशासन, ग्राम पंचायत और पशु चिकित्सा विभाग की निगरानी में कानूनी एवं वैज्ञानिक तरीके से किया जाना चाहिए।संस्था ने चेता. वनी दी है कि भविष्य में इस तरह की कोई भी अवैध कार्रवाई सामने आने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

साथ ही प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर पशु कल्याण नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की मांग की गई ।

# सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की हुई मौत

**बुढ़ाना/फुगाना।** सड़क हादसे के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गयी। देर रात समाचार लिखे जाने तक मृतक व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पायी थी।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मिली जानकारी के अनुसार फुगाना थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह एक सड़क हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना मेरठ वाया करनाल हाइवे पर फ्लाई ओवर के नीचे सड़क पर हुई। जिसमें साइकिल पर सवार करीब 45 वर्षीय एक व्यक्ति को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तब किसी के द्वारा सूचना मिलते ही फुगाना पुलिस तुरन्त मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को सीएचसी बुढ़ाना ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तब फुगाना पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए हर संभव प्रयास किया लेकिन मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। शव पर पंचनामा भरने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# एसडीएम ने चौकी प्रभारी व चौकीदारों संग की मीटिंग

**बुढ़ाना।** नये एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा ने थाना दिवस पर जनसमस्याएं सुनी। उन्होंने बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह और कोतवाली बुढ़ाना के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री की मौजूदगी में आगामी त्योहारों पर ग्राम प्रधानों से अपने अपने गांवों मे शांति व्यवस्था बनवाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर बार की तरफ इस बार भी सभी त्यौहार बुढ़ाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से निपटें इसके लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट है।

एसडीएम ने क्षेत्र के सभी चौकी प्रभारियों, ग्राम प्रधानों और गांव के चौकीदारों की उपस्थिति में शिकायतें सुनी। उन्होंने रमजान और होली जैसे त्योहारों को लेकर धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर आपसी सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया। इसके अलावा उन्होंने महाशिव. रात्रि के पर्व पर कई दिनों से चल रही कांवड़ यात्रा को लेकर सख्त निर्देश दिए। एसडीएम ने सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी शिव भक्त को यात्रा मार्ग में कोई असुविधा न हो।



बताया जाता है कि बुढ़ाना के नये एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा के पदभार संभालने के बाद से ही लगभग सभी कार्यालय में फाइलों के पारदर्शी निस्तारण और जनसुनवाई में तेजी दिखाई पड़ रही है। उनकी यह सक्रियता बुढ़ाना में सुशासन और प्रशासनिक सजगता की नई मिसाल पेश कर रही है। यहां क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह, एसएसआई ललित कुमार शर्मा, कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार व गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के प्रभारी ललित कुमार कसाना सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

# प्रकृति के नवरंगों से सराबोर रहा न्यू होराइजन स्कूल का बसन्त उत्सव

**मुजफ्फरनगर।** न्यू होराइजन स्कूल में बसंत उत्सव प्रकृति की नवपल्लवित आभा, उल्लास और रंगों की सतरंगी छटा के साथ अत्यंत भव्य एवं मंत्रमुग्ध कर देने वाले वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस सांस्कृतिक महोत्सव की गरिमा को और ऊँचाइयाँ प्रदान करने हेतु मुख्य अतिथि चेयरपर्सन नगर पालिका मीनाक्षी स्वरूप तथा गेस्ट ऑफ ऑनर ईओ प्रज्ञा सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के पावन अनुष्ठान से हुआ, जिसके आलोक ने समस्त परिसर को सकारात्मक ऊर्जा, मंगलभाव और उत्साह से आप्लावित कर दिया।इस अवसर पर प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित फैंसी ड्रेस एवं ड्रॉइंग प्रतियोगिता ने दर्शकों का मन मोह लिया। नर्सरी के नन्हे-मुन्ने बच्चे कीट-पतंगों एवं पशु-पक्षियों के मनो. हर रूपों में सजे-धजे, बाल-सुलभ मुस्कान के साथ मंच पर छा गए। एलकेजी के विद्यार्थियों ने भारत के विविध राज्यों की संस्कृति, परंपरा और वेशभूषा को जीवंत प्रस्तुति में ढालकर 'एक भारतकृश्रेष्ठ भारत' की अनुपम झलक दिखाई। यूकेजी की ओपन कैटेगरी में बच्चों की कल्पनाशीलता और आत्मविश्वास देखते ही बनता था।कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मक सोच से बसंत ;तु की कोमलता, रंगीन कली-कुसुम और उल्लास को कागज़ पर साकार कर दिया। बच्चों के हाथों पर बने रंग-बिरंगे टैटू आकर्षण का केंद्र बने, जिससे पूरा विद्यालय परिसर रंगीन, उत्सवमय और आनंदोल्लास से सराबोर हो उठा।

मुख्य अतिथि द्वारा विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतियोगिताओं में सहभागी सभी प्रतिभागियों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया, जिससे बच्चों का उत्साह द्विगुणित हो गया और चेहरों पर अपार आनंद झलक उठा।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में आशा जैन, मुद्रा वर्मा, पूर्णिमा




कंबोज, अनु कुच्छल, अल्पना गोयल, नीरू शर्मा एवं अंजली मित्तल की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिसने आयोजन की शोभा को और निखार दिया।कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनाक्षी मित्तल ने सभी बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा इस सफल आयोजन में सहयोग देने वाले समस्त शिक्षकों एवं अभिभावकों के प्रति कृतज्ञता सहित धन्यवाद ज्ञापित किया। यह बसंत उत्सव बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और प्रतिभा को पंख देने वाला, मन को मंत्रमुग्ध कर देने वाला एक स्मरणीय एवं प्रेरणादायी आयोजन सिद्ध हुआ।

# डीएम ने स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखी

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने आज चौधारी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम मुजफ्फरनगर में निर्माण कार्यदायी संस्था, उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. निर्माण प्रखण्ड सहारनपुर द्वारा निर्माण करवायें जा रहें भारोत्तोलन हाल, वालीवाल कोर्ट निर्माण एवं बहुउददेशीय के जीणोद्धार कार्य का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान चिनाई कार्य में प्रयुक्त हो रही ब्रिक एवं मेटीरियल की गुणवत्ता सहीं नहीं पायी गयी तथा नवनिर्मित भारोत्तोलन हॉल में चिनाई कार्य में प्रयुक्त हो रही ब्रिक पर आये सफेद कलर के शौरा को दूर करने के सख्त निर्देश दिये गये।

बहुउदेशीय कीड़ाहाल जीर्णोद्धार निरीक्षण के समय बैडमिन्टन हाल की छत में लगी प्रोफाईल शीट में प्रकाश के जो छिद्र दिखायी दे रहें है उनको तत्काल दूर करने के सख्त निर्देश दिये गये। बहुउदेशीय कीडाहाल चौन्जरूम के कमरे एवं खिडकियों को कोर्नर की धार को सही करने से उनके प्लास्टर में मिश्रण को सही अनुपात में की जाने हेतु निर्देश दिए। क्रिकेट पवेलियन में रंगाई पुताई का कार्य तथा टॉयलेट में फिनिशिंग का कार्य मानक के अनुरूप किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में कराये जा रहे उक्त कार्यों में अनियमितता पाये जाने पर कार्यदायी संस्था के अवर अभियन्ता को प्रतिकूल प्रविष्टि एवं उनका स्पष्टीकरण प्राप्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा सम्बन्धित ठेकेदार के विरूद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने एवं उसे किये



जाने वाले भुगतान में कटौती किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिला कीडा स्टेडियम में निरीक्षण के दौरान अन्य कार्यक्रम का आयोजन होना पाया गया है, जोकि शासनाद. `शो के नियमों का उल्लंघन है जिसके लिये जिला किड़ाधिकारी को चेतावनी निर्गत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सन्दीप इन्दौरिया, अधिशासी अभियन्ता, उप्र राज्य निर्माण सहक. ारी संघ लि सहारनपुर, जिला क्रीड़ाधिकारी, उप जिला क्रीड़ाधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के अन्य अभियन्ता उपस्थित रहें।

# फार्मर रजिस्ट्री के लाभ और हानियां बताई

**बुढ़ाना।** शनिवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव मंदवाड़ा में स्थित पंचायत घर पर ग्राम पंचायत मंदवाड़ा के सचिव राहुल कुमार सिंह और पंचायत सहायक अब्दुल मन्नान ने संयुक्त रूप से आसपास के गांवों के काफी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की। इस दौरान गौष्ठी का भी आयोजन किया गया।

जिसमें युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के लाभ और नुकसान भी बताएं और कहा कि आने वाले समय में उन्हीं किसानों को सरकार की सारी योजनाओं का लाभ मिलेगा जो किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री करा लेंगे और जो किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री नहीं करवाएंगे उनको मिलने वाली सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा। उसके जिम्मेदार वह सभी खुद होंगे। इसलिए



मेरी सभी किसान भाइयों से अपील है कि उनको अपनी फार्मर रजिस्ट्री जरूर करवा लेनी चाहिए क्योंकि आने वाले समय में सरकारी योजनाओं का लाभ जिन किसान भाइयों ने अपनी फार्मर रजिस्ट्री करवा ली है उन्हें ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। इस दौरान यहां पर काफी कृषक उपस्थित रहे और सभी ने फार्मर रजिस्ट्री बनवाने की बात कही।

# दयानंद इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

**बुढ़ाना।** शनिवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के बड़ौत रोड पर स्थित दयानन्द इण्टर कालिज में छात्र छात्राओं, उनके अभिभावकों और स्टाफ ने कालेज का वार्षिकोत्सव बड़ी ही धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ में मनाया। जिसमें काफी विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत कर प्रोग्राम में चार चांद लगा दिए। सभी ने अलग अलग प्रस्तुतियां देकर अतिथियों को भी तालियां बजवाने पर मजबूर कर दिया।

इस कार्यक्रम का उदघाटन बुढाना उपजिलाधिकारी कृष्णकांत ब्विवकर्मा ने अपने कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया। उपजिलाधिकारी कृष्णकांत ने सभी विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए हमेशा कठिन परिश्रम करने का मूल मंत्र दिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता देहाती फिल्मों के हास्य अभिनेता मास्टर देव शर्मा ने की। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर प्रोजेक्ट भी बनाये।

जिस पर विद्यालय में आने वाले कई आगन्तुकों ने उससे सम्बंधित प्रश्न भी पूछे। जिनका विद्यार्थियों ने सही विश्लेषण करते हुए अपनी प्रतिभा का कौशल दिखाया। विद्यार्थियों ने वन्दे मातरम्, राम आयेगें पर योग अभ्यास, महाभारत एक्ट तथा ;षि दयानंद जी



के अंतिम क्षणों पर शानदार प्रस्तुति दी। जिसमें बाहर आये अतिथियों को ताली बजाने पर मजबूर कर हर कोई विद्यार्थियों की प्रतिभा को देखकर मंत्रमुग्ध हो गया। यहां कालेज प्रबंधक तेजपाल सहरावत, संचालिका श्रीमती उमेश सहरावत, प्रधानाचार्य संजीव कुमार, अंग्रेजी प्रवक्ता शिव कुमार, देव शर्मा, बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद त्यागी, हरेन्द्र, अमित, नरेश, सोनू कुमार, नितिन, सुनीता, अनिता, सीमा, विदुषी, रजनी, दीपा आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## युवक किशोरी को बहला फुसलाकर फरार

**बुढ़ाना/भौरांकला।** भौरांकला क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने एक नवयुवक पर उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी और किशोरी की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार भौरांकला थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने भौरांकला पुलिस को बताया कि उसकी लगभग 17 साल की पुत्री को बीती 11 फरवरी की दोपहर लगभग 12 बजे रियान नाम का एक नवयुवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पीड़ित पिता ने पुलिस से अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाते हुए आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर भौरांकला पुलिस ने आरोपी रियान के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद किशोरी और उसको भगाकर ले जाने वाले आरोपी रियान की तलाश शुरू कर दी है।

# इन्द्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल में खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया भाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना मे शुक्रताल मार्ग स्थित इन्द्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल के प्रांगण में दो दिवसीय खेल उत्सव का भव्य शुभारंभ प्रबंधक विराज तोमर ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया वहीं सरस्वती वन्दना ष्माँ सरस्वती शारदेष् की शानदार प्रस्तुति रिदा,जोया, ऐनी, तनिष्क, प्रियांशी, उमंग, खुशी,रिम्शा ने दी।

दूसरी प्रस्तुति पंजाबी डांस की रही जिसमें फातिमा, सृष्टि,माही, आरोही, सीदरा, प्रतिज्ञा ने शानदार प्रस्तुति दी। हेड गर्ल मिसाल ए जहरा कक्षा 11 विज्ञान वर्ग और हेड बॉय अमृत कक्षा 11 विज्ञान वर्ग ने मार्च पास्ट का नेतृत्व करते हुए अरावली हाउस, नीलगिरी हाउस, शिवालिक हाउस और विंध्याचल हाउस जिनका नेतृत्व अभिजीत कक्षा 11 विज्ञान वर्ग, लक्की कक्षा 11 विज्ञान वर्ग, शौर्य कक्षा 11 विज्ञान वर्ग और हिमांशु कक्षा 11 विज्ञान वर्ग द्वारा किया गया । पहले दिन खेलो में पार्टनर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अहमद और साद ने और द्वितीय तरुण और वेदांश ने प्राप्त किया। बुक बैलेंस दौड़ प्रतियोगिता में भव्य ने प्रथम और निधि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया लेमन दौड प्रतियोगिता में अद्विका,हिफ्जा, राजलक्ष्मी क्रमश, प्रथम, द्वितीय ओर तृतीय रहे। कक्षा पांच वन लेग रेस में हुमेरा, रुश्दा और पलक ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांचवीं से 100 मीटर रेस प्रतियोगिता में लक्ष्य,आयुष और शिवांक ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर रेस प्रतियोगिता में सारांश, जतिन और अबुजर ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन आयत कक्षा 11 कॉमर्स और ख्रष्टि कक्षा 11 कॉमर्स वर्ग द्वारा किया गया।

प्रधानाचार्या रीता शर्मा ने कहा खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है और ऐसे आयोजन ही बच्चों की छिपी प्रतिभा को पहचानने में मदद करते है। आयोजन को सफल बनाने के लिए खेल शिक्षक व शिक्षिका ऋषभ मलिक और अरुणा, संयोगिता, आस्था, पूजा सहरावत, प्रीति शर्मा,हनी अंतल, मीनाक्षी, मानसी, अलका तोमर, रेखा, नीटू आदि ने अहम योगदान दिया।

## मिनी साइंस एग्जीबिशन में नवाचार की झलक

**मुजफ्फरनगर।** श्री गिरधारी लाल जैन मेमोरियल पब्लिक स्कूल द्वारा जैन औषधालय, प्रेमपुरी में आयोजित पैरेंट्स-टीचर्स मीटिंग सह मिनी साइंस एग्जीबिशन अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुई। जिसमें हजारों की संख्या में अभिभावकों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की।इस अवसर पर विद्यालय के लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने विज्ञान आधारित एक से बढ़कर एक उत्कृष्ट मॉडल, प्रयोग एवं प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए।

# सिग्नल कोर के स्थापना दिवस पर जुटे पूर्व सैनिक व भाजपाई

**मोरना।** सिग्नल कोर के 116 वे स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे पूर्व सैनिको सहित भाजपाईयों, समाज सेवियों व बड़ी संख्या मे महिलाओ ने भाग लिया। कार्यक्रम मे पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

मोरना -शुकतीर्थ मार्ग पर स्थित राठी फार्म हाउस पर आयोजित कार्यक्रम के संयोजक कैप्टन देवपाल राठी ने कहा की राष्ट्रीय सैनिक संस्था संगठन को मजबूत कर एकता भाई चारे की शक्ति के संदेश को फैलाएं।देश सेवा की भावना को जाग्रत करने का काम करें तथा अनुशासित समाज की स्थापना के कार्य मे जुटे रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा की पुलवामा की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। देश पर बलिदान होने वाले सैनिको को नमन।

भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी, प्रधानाचार्य कैप्टन प्रवीण चौधरी ने सैनिको के प्रति सम्मान को प्रकट करते हुए कहा की पूर्व सैनिको की संस्था शुकतीर्थ क्षेत्र मे लगातार देश भक्ति के कार्यक्रम का आयोजन कर राष्ट्र भक्ति की भावना को जाग्रत करने का पुनीत कार्य कर रही है। लंदन से आई मीरा दीदी व बीके प्रवेश दीदी ने कहा की पश्चिम के देश आज भारतीय संस्कृति को अपना रहे हैं। योग ध्यान साधना के द्वारा पश्चिम के नागरिक भी मानसिक व शारीरिक लाभ ले रहे हैं।प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन के. पी.सिंह ने कहा की देश की तरक्की के लिये नागरिकों मे राष्ट्र के प्रति समर्पण होना चाहिए। राष्ट्र सेवा भावना से कर्तव्यनिष्ठा बढ़ेगी। कार्यक्रम मे पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया।



इस अवसर पर कैप्टन प्रदीप वशिष्ठ,मेजर धर्मपाल सिह, लेफ्टिनेंट हीरालाल, सूबेदार अशोक कुमार, विंग कमांडर विपुल राठी, मेजर मनोज राठी,विवेक राठी,मेजर निरंजन सिंह, स्वामी भजनान्द महाराज, सूबेदार सरदार दर्शन सिंह,राजेन्द्र राठी,फौजी सुधीश सिंह,हरिप्रकाश चौहान ,दिलावर सिंह, रामकुमार शर्मा, प्रियांशी दीदी,बीके श्रवण आदि मौजूद रहे।

# तेलंगाना जीत पर एआईएमआईएम की बैठक

**बुढ़ाना।** तेलंगाना के हालिया नगर निकाय चुनावों में ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने बढ़िया प्रदर्शन करते हुए नगरपालि. काओं और नगर निगमों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। यह बात ऑल इंडिया मजलिस ए इत्ते. हादुल मुस्लिमीन के जिला पंचायत सदस्य पद के उम्मीदवार सै"यद बाबर ने शनिवार के दिन अपने बुढ़ाना स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाने के दौरान कही।

उन्होंने बताया फिलहाल जारी परिणामों के अनुसार पार्टी ने 69 सीटों पर जीत हासिल की। जिसमें नगरपालिकाओं में 47 सीटें और नगर निगमों की 22 सीटें शामिल हैं। यहां पर कार्यकर्ताओं ने इस बात पर खुशी का इजहार किया और कहा कि यूपी में भी पार्टी आगामी चुनाव में बढ़ोतरी ही करेगी। यहां सभी ने सांसद असदुदीन ओवेसी के हाथों को मजबूत करने और उनकी निति



पर ही काम करने पर जोर दिया। सभी ने जल्दी ही डोर टू डोर अभियान चलाकर सदस्य बनाने की बात कही। यूसुफ को सफीपुर पटी का ग्राम उपाध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान यहां पर मुख्य रुप से जिला महासचिव आज़म फारूकी, बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष अब्दुल रहीम, बुढाना विधानसभा क्षेत्र के उपाध्यक्ष राशिद अंसारी, बुढाना विधानसभा क्षेत्र के महासचिव कादिर सिद्दीकी, बुढाना ब्लॉक अध्यक्ष कारी गफ्फार राणा, बुढाना विधानसभा क्षेत्र के सचिव अब्दुल वहाब, इरफान सिद्दीकी, यासीन सलमानी, मांगे सलमानी और अब्दुल कय्यूम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़ में आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा एवं अंतिम दिन अत्यंत रोमांचक मुक. ाबलों तथा भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ। बीसीए एवं बी. एससी. विभागों के मध्य आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने खेल भावना, अनुशासन एवं टीम वर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

अंतिम दिन खेले गए निर्णायक मुकाबले में दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन से मैच रोमांचक बना रहा। दर्शकों एवं प्राध्यापकों की उत्साहवर्धक उपस्थिति ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। मैच का शुभारंभ प्राशांत गुप्ता द्वारा टॉस कराकर किया गया। उन्होंने दोनों टीमों के कप्तानों को शुभकामनाएँ देते हुए खेल को पूर्ण अनुशासन एवं खेल भावना के साथ खेलने का संदेश दिया। टॉस की औपचारिकता के साथ ही मुकाबले की शुरुआत हुई और खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह एवं ऊर्जा के साथ मैदान में अपना प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट के तीसरे दिन खेले गए मुक. ाबले में बीसीए श्बीश टीम ने टॉस जीतकर बी.एससी. द्धसी.एस.ऋ टीम को पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय दिया। बीसीए श्बीश टीम के कसान ने रणनीतिक ख्रष्टिकोण अपनाते हुए पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, ताकि लक्ष्य का पीछा करते समय स्थिति स्पष्ट रहे। बी.एससी. टीम मैदान में उतरते ही संयमित शुरुआत के साथ पारी को आगे बढ़ाने का प्रयास करती दिखाई दी, वहीं बीसीए श्बीश टीम के गेंदबाजों ने सटीक लाइन और लेंथ से दबाव बनाने की कोशिश की। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने खेल भावना और अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे मुक. ाबला रोमांचक बन गया। टूर्नामेंट के तीसरे दिन खेले गए मुकाबले में बीसीए श्बीश टीम ने टॉस जीतकर बी.एससी. टीम को पहले बल्लेबाजी करने का अवसर दिया। बी.एससी. टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्धारित ओवरों में 226 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के बल्लेबाजों ने आक्रामक एवं संयमित खेल का परिचय देते हुए मजबूत साझेदारियाँ कीं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीसीए श्बीश टीम ने पूरा प्रयास किया, किंतु बी.एससी. टीम की सशक्त गेंदबाजी और सटीक क्षेत्ररक्षण के सामने वह 143 रन ही बना सकी। अंततः बी. एससी. टीम ने 83 रनों से शानदार जीत दर्ज की। मैच के दौरान खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और दर्शकों के उत्साह से मैदान में रोमांच चरम पर रहा।समापन समारोह के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं और ऐसे आयोजन व्यक्तित्व निर्माण में सहायक सिद्ध होते हैं।

मैच के समापन अवसर पर बीसीए टीम के मैनेजर अनुज गोयल एवं बी.एससी. टीम के मैनेजर हर्षित गोयल ने अपनी-अपनी टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। बीबीए विभागाध्यक्ष श्री राजीव पाल सिंह तथा बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव तायल ने सभी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

टूर्नामेंट के आयोजक रोहन त्यागी, खेल अधिकारी लवी वर्मा एवं समस्त प्राध्यापकगण के सहयोग से यह प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। मुकाबले को निष्पक्ष एवं अनुशासित ढंग से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अंपायर रजत शर्मा एवं निरंकार शर्मा, बीसीए टीम के मैनेजर अनुज गोयल एवं बी.एससी. टीम के मैनेजर हर्षित गोयल को मैच के अंत में स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बीबीए विभाग से, दीपक गर्ग, मोहम्मद अंजर, संजय शर्मा उपस्थित रहे। वहीं बीसीए एवं बी. एससी. विभाग से, देवेश भारद्वाज, निरंकार शर्मा, हीमांशु शर्मा, मोहित गोयल, हर्षिता, रोबिन मलिक, पवन बालियान, शशांक भारद्वा, राहुल शर्मा, शेखर, अंकुर अग्रवाल चन्दना दीक्षित भी मौजूद रहे

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# करंट लगने से संविदाकर्मी की मौत से दुखी परिजनों ने किया हंगामा





**एसडीएम ने मौके पर आकर मृतक आश्रितों को 10 लाख रुपये दिए जाने का दिया आवश्वासन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** सकौती के जंगल मे एक किसान के खेत मे लगे ट्रांसफार्मर पर फ्यूज लगाने के दौरान विद्युत लाइन मे करंट दौडने से लाईनमैन संविदाकर्मी सचिन (35) की झुलसने से मौंके पर ही मौत हो गई। परिजनो ने ग्रामीणों के साथ मिलकर जमकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन के साथ विभागीय अधिकारी मौके पर पहुँची और ग्रामीणों व परिजनो को समझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण नही माने।

एसडीएम संदीप त्रिपाठी ने मृतक के आश्रितों को दस लाख की आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वा. सन दिया। लेकिन ग्रामीण लिखित मे पत्र देने की मांग पर अडे रहे। चार घंटे की मशक्कत के बाद एसडीओ व जेई ने लिखित पत्र पर हस्ताक्षर कर शव का पोस्टमार्टम कराने को राजी किया गया। इसके बाद फिर ग्रामीण भडक गए और एक्सईएन को मौके पर बुलाकर मुहर के साथ पत्र प्राप्त करने की मांग लेकर बिडौली मार्ग को जाम कर दिया। जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक विरेंद्र कसाना मौके पर पहुॅचें और ग्रामीणों को समझाकर बुझाकर समय मांगा ताकि एक्सईएन को मौके पर बुलाया जा सके। पुलिस की फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य संकलित किए।

चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव सकौती मे सुबह करीब पौने दस बजे खोडसमा बिजली उपकेन्द्र के अन्तर्गत आने वाले सकौती के जंगल मे संविदाकर्मी सचिन कुमार निवासी नाईनंगला किसान बिजेन्द्र पुत्र जयपाल के खेत मे विद्युत लाइन ठीक करने के लिए पहुॅचा था। उसी दौरान विद्युत लाइन मे करंट दौड गया। झुलसे जाने के कारण सचिन की मौके पर ही मौत हो गई। सचिन की मौत की खबर जैसे की ग्रामीणों को लगी तो मौके पर भीड जुट गई। हादसे की जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी संदीप यादव फोर्स के साथ मौके पर पहुॅचें और हादसे की जानकारी करते हुए शव को पोस्टमार्टम कराने का परिजनो से आग्रह किया गया। परि. जनो ने शव को पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। जिस पर एसडीओ साहब सिंह व जेई अकबर आजम अन्य विद्युत कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। लेकिन ग्रामीण उच्चाधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अडे रहे। सूचना मिलने पर एसडीएम संदीप त्रिपाठी मौके पर पहुॅचें और मृतक के आश्रितो को दस लाख की आर्थिक सहायता देने का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत किया। जिसके बाद ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने अपनी नई मांग रखी कि हमे लिखित आश्वासन दीजिए।घंटो बाद अधिकारियों की राय बनी और ग्रामीणों के लिखित मांगपत्र पर एसडीओ व जेई ने हस्ताक्षर कर ग्रामीणों को शांत किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया जाने लगा।

इसके बाद ग्रामीणों ने फिर से विद्युत विभाग के एक्सईएन को मौके पर बुलाकर मांगपत्र पर मुहर लगाकर हस्ताक्षर कराने की मांग लेकर बिडौली-चौसाना मार्ग को जाम कर दिया। आनन फानन ने एसओ वीरेन्द्र कसाना फोर्स के साथ मौके पर पहुॅचें और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया।

इस दौरान ग्रामीणों व एसओ के बीच तीखी नोकझोक हुई। लेकिन पुलिस को ग्रामीणों की मांग माननी पडी। पुलिस ने ग्रामीणों को एक घंटे मे एक्सईएन को मौके पर बुलाने का समय मांगा। जिस पर जाम खोला गया। खबर लिखे जाने तक ग्रामीण अपनी मांगो पर अडे रहे।

## ग्रामीण से 5 हजार की साइबर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** गांव रामपुर खेड़ी निवासी बृजेश गिरी ने बताया कि उनके घर पर शादी का कार्यक्रम चल रहा था, जिस कारण वह काफी व्यस्त थे। इसी दौरान उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया, जिसने खुद को उनका रिश्तेदार बताया। कॉल करने वाले ने बताया कि उसका पुत्र बीमार है और इलाज के लिए तुरंत रूपए की जरूरत है। ठग के झांसे में आकर पीड़ित ने उसके द्वारा भेजे गए बारकोड के माध्यम से 5 हजार रूपए भेज दिए। थोड़ी देर के बाद साइबर्थक की फिर से कॉल आई और बाकी पांच हजार रूपए डालने के लिए कहा।कुछ समय बाद जब उन्हें शक हुआ तो उन्होंने मामले की जानकारी ली, जिस पर पता चला कि यह साइबर ठगी थी।इसके बाद पीड़ित ने तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई व थाने की साइबर पुलिस को भी पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

# हाईवे पर तेज धमाके के साथ फटा टायर, बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मन्ना माजरा के निकट नेशनल हाईवे पर शुक्रवार की देर शाम को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दिल्ली से आ रहे एक छोटा हाथी (मालवाहक वाहन) का अचानक टायर फट गया।



तेज धमाके की आवाज से आसपास के लोग सहम गए। हालांकि चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, मालवाहक वाहन दिल्ली से फेविकोल व अन्य सामान लेकर आ रहा था। जैसे ही वाहन मन्ना माजरा के समीप हाईवे पर पहुंचा, अचानक पिछले पहिए का टायर फट गया। टायर फटते ही वाहन कुछ देर के लिए अनियंत्रित हुआ, लेकिन चालक ने ब्रेक और स्टेयरिंग पर संतुलन बनाए रखते हुए गाड़ी को संभाल लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास मौजूद लोग घबरा गए और कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हो गया। मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। वाहन चालक दीपक कुमार ने बताया कि टायर फटने से गाड़ी को मामूली नुकसान हुआ है। सभी लोग सुरक्षित हैं और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। एहतियातन स्थिति पर नजर रखी गई। बाद में चालक ने मौके पर ही टायर बदलवाकर वाहन को दुरुस्त कराया और अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गया।

# आरोपों का किया खंडन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुंभरी देवी गौ ग्रास समिति के अध्यक्ष डॉ। अनिल कुमार बंसल जी ने कान्हा गाय फीडिंग पर लगाए गए निराधार आरोपों का स्पष्ट शब्दों में खंडन किया है। उन्होंने कहा कि हकिसी भी संस्था का उद्देश्य समाज के सहयोग से प्राप्त निधि को पूर्ण पारदर्शिता और निष्ठा के साथ सेवा कार्यों में लगाना होता है। कान्हा काऊ फीडिंग फाउंडेशन निरंतर गौसेवा, चारा व्यवस्था एवं सामाजिक सेवा के कार्यों में समर्पित भाव से कार्य कर रही है। डॉ। बंसल जी ने यह भी कहा कि बिना तथ्यों के लगाए गए आरोप न केवल संस्था की छवि को आघात पहुंचाते हैं, बल्कि समाज में अनावश्यक नकारात्मकता फैलाते हैं, जिससे सेवा कार्य प्रभावित होते हैं। उन्होंने समाज के सभी सज्जनों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सेवा कार्यों में सहयोग एवं समर्थन बनाए रखें, ताकि गौसेवा और सामा. जिक कार्य निरंतर आगे बढ़ते रहें। सेवा का मार्ग सदैव पारदर्शिता, विश्वास और सहयोग से ही सशक्त होता है।

## एक नजर

### रात्रि गश्त में पुलिस ने किए दो आरोपी अवैध तमंचों समेत गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जनपद में चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के तहत थाना कैराना पुलिस ने दो आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध हथियार बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के आदेश पर 13 फरवरी की रात अभियान चलाया जा रहा था। अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना के नेतृत्व में रात्रि गश्त के दौरान पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए शोएब पुत्र वाजिद निवासी ग्राम खुरगान थाना कैराना और उस्मान पुत्र लाला निवासी मोहल्ला गांधीनगर थाना कांधला को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से दो अवैध तमंचे व दो जिंदा कारतूस ।315 बोर बरामद हुए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार त्यागी, उपनिरीक्षक गौरव चौहान, हेड कांस्टेबल राहुल कुमार, कांस्टेबल भानू, कांस्टेबल उधम सिंह, कांस्टेबल शशि तथा कांस्टेबल विपिन पोसवाल शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अवैध हथियारों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के गठन को बैठक आहुत



**शामली।** उत्तर प्रदेशीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ, शामली शाखा के गठन को लेकर शनिवार को सीएचसी परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान महासंघ की जिला शाखा के गठन पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। कर्मचारियों की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर शंकर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार, तथा जिला मंत्री मुजफ्फरनगर संजय कुमार को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। इसके बाद चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न कराया गया। जिसमें लोक निर्माण विभाग से लोकेश कुमार को संरक्षक, सीएचसी शामली से वेदपाल को जिलाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग से प्रदीप कुमार को जिला मंत्री तथा शिक्षा विभाग से सिकन्दर सैनी को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। अध्यक्षता कर रहे ठाकुर लखनवीर सिंह ने नवनिर्वाचित पदा. धिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि 15 दिनों के भीतर जनपद शामली में महासंघ की पूर्ण शाखा का विस्तार करने का आहवान किया। बैठक में उपस्थित कर्मचारियों ने संगठन को मजबूत बनाते हुए कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर हनीफ अहमद मौजूद रहे।

### दुकान को लेकर चल रहे विवाद में सीएम को भेजा पत्र

**शामली।** शहर के मोहल्ला मलूकशाह गांधी चौक निवासी एक व्यापारी ने अपनी दुकान को लेकर चल रहे विवाद के संबंध में मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर स्वयं एवं अपने परिवार की जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। पीडित ने कुछ लोगों पर झूठे मुकदमों में फंसाने और दुकान खाली कराने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। व्यापारी संजीव बंसल पुत्र स्व। राजेन्द्र बंसल ने भेजे पत्र में बताया कि उनकी माता द्वारा वर्ष 1995 में पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से गांधी चौक में दुकान खरीदी गई थी। बाद में वर्ष 2020 में पंजीकृत वसीयत के आधार पर वह उक्त संपत्ति के स्वामी बने और वर्तमान में उसी दुकान में अग्रवाल गारमेन्ट्स के नाम से व्यापार कर रहे हैं। लेकिन फरवरी 2025 में कुछ लोगों द्वारा दुकान पर हस्तक्षेप करते हुए बेदखल करने का प्रयास किया गया। इस संबंध में उन्होंने सिविल न्यायालय में वाद दायर किया, जो वर्तमान में विचाराधीन है। आरोप लगाया गया है कि विवाद के दौरान दबाव बनाने के उद्देश्य से उनके विरुद्ध विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की गई, दुकान को सील किया गया तथा बाद में उन्हें और उनके भाई को एक आपराधिक मुकदमे में नामजद कर दिया गया। व्यापारी का कहना है कि दुकान खाली कराने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा है और परिवार को झूठे मामलों में फंसाने की आशंका बनी हुई है। पीडित ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए उन्हें और उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए तथा किसी भी प्रकार की उत्पीड़नात्मक कार्रवाई से बचाया जाए।

# जमीन व चकरोड विवादों पर की त्वरित कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की जमीन, चकरोड, अवैध कब्जे, नाली-कूल संबंधित शिकायतों पर अधिकारियों ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए कई प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया। शनिवार को थाना भवन नगर के थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान क्षेत्र के फरियादी जमीन विवाद, चकरोड, अवैध कब्जा, नाली-कूल सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर पहुंचे। क्षेत्राधिकारी ने शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए संबंधित राजस्व विभाग के हल्का लेखपाल को मौके पर जाकर स्थिति का सत्यापन करने और निष्पक्ष निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि समाधान दिवस में कुल पांच शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी दो प्रार्थना पत्रों के लिए हल्का लेखपाल को मौके पर जाकर जांच करने के आदेश दिए गए हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ उप निरीक्षक इंदर सेन, पुलिस टीम तथा राजस्व विभाग के कानूनगो सुनील दत्त अंकुर भूपेंद्र जितेंद्र सुजीत राहुल हल्का लेखपाल मौजूद रहे।

## दंपति घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर स्थित द गोल्ड पब्लिक स्कूल के निकट शुक्रवार देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। शामली जनपद के थाना आदर्श मंडी क्षेत्र अंतर्गत कस्बा बनत निवासी अजीत अपनी पत्नी ममता के साथ बाइक से बागपत जनपद के कस्बा छपरौली स्थित रिश्तेदारी में गए हुए थे। शुक्रवार देर शाम दंपति बाइक से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे थाना क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर द गोल्ड पब्लिक स्कूल के समीप पहुंचे, तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क से गुजर रहे राहगीरों ने सूचना 108 एंबुलेंस को दी।

मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों को नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने अजीत की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि प्राथमिक उपचार के बाद महिला को छुट्टी दे दी गई।खबर लिखे जाने तक इस संबंध में थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

# कैराना युवक की पाकिस्तानी गैंगस्टर संग फोटो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र के एक युवक की फेसबुक आईडी से पाकिस्तानी गैंगस्टर व आतंकी शहजाद भट्टी की हथियारों के साथ तस्वीरें प्रसारित होने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुकऔर एक्स पर स्क्रीनशॉट वायरल होने के बाद पुलिस महानिदेशक द्धडीजीपीत्रू कार्यालय ने संज्ञान लेते हुए शामली पुलिस को जांच के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार, सहारनपुर के गंगोह निवासी रोहित प्रधान ने शुक्रवार को 'एक्स' व फेसबुक पर पोस्ट साझा कर आरोप लगाया कि कैराना के गांव बसेड़ा निवासी एक युवक का पाकिस्तानी आतंकी शहजाद भट्टी समेत कुछ संदिग्ध विदेशी व्यक्तियों से संपर्क है। पोस्ट में युवक की फेसबुक प्रोफाइल के स्क्रीनशॉट भी लगाए गए, जिसमें शहजाद भट्टी और एक अन्य युवक हथियारों के साथ दिखाई दे रहे हैं। मामला तूल पकड़ने पर डीजीपी कार्यालय ने तत्काल रिपोर्ट तलब की। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने बताया





कि प्रकरण की जांच के लिए सीओ कैराना, क्षेत्राधिकारी अपराध, प्रभारी निरीक्षक थाना कैराना तथा साइबर थाना प्रभारी को सोशल मीडिया पर प्रदर्शित प्रोफाइल का सत्यापन कर आवश्यक विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रारंभिक तकनीकी जांच में यह तथ्य सामने आया है कि युवक की जो हथियारों वाली तस्वीर वायरल की गई है, वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तैयार की गई प्रतीत होती है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है और संबंधित युवक से पूछताछ भी की जा रही है।एसपी ने स्पष्ट किया कि जिले की शांति व्यवस्था भंग करने या भड़काऊ व भ्रामक पोस्ट प्रसारित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर मामले की निष्पक्ष जांच जारी है।

## धोखे से गाय बेचने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** क्षेत्र के गांव मंटी हसनपुर निवासी आनंद ने 46 हजार रूपए में खरीदी गई गाय के दूध उत्पादन को लेकर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पीड़ित का कहना है कि तय शर्तों के अनुसार गाय 18 लीटर दूध देने वाली बताई गई थी, लेकिन वास्तविकता में वह मात्र 5 लीटर ही दूध दे रही है। क्षेत्र के गांव मंटी हसनपुर निवासी आनंद पुत्र कश्मीरा ने थाना प्रभारी निरीक्षक को दी तहरीर में बताया कि उसने लगभग 20 दिन पहले ग्राम भावसा थाना तीतरो जिला सहारनपुर निवासी व्यक्ति आरोपी हरपाल से 46,000 रूपए में एक गाय खरीदी थी। सौदे के समय आरोपी ने दावा किया था कि गाय प्रतिदिन 18 लीटर दूध देती है। आनंद के अनुसार मौके पर आरोपी ने दूध निकालकर दिखाया, लेकिन उस समय भी केवल 5 लीटर ही दूध निकला। इस पर आरोपी ने कहा कि दो-तीन दिन में दूध पूरा हो जाएगा लेकिन तीन सप्ताह बीत जाने के बाद भी गाय ने 5 लीटर से अधिक दूध नहीं दिया। पीड़ित ने जब फोन कर इस संबंध में जानकारी मांगनी चाही तो हरपाल ने स्पष्ट कहा मैंने तो यही तय करके दी थी, जितना दे रही है अत: मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है। आनंद द्वारा गाय वापस ले जाने का आग्रह करने पर आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि जो तेरे से जो होता हो कर लेना, मैं गाय वापस नहीं लूंगा। पीड़ित ने इस पूरे प्रकरण की शिकायत करते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर मिलने पर थाना पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की पूरी जांच कराई जा रही है, तथ्यों की पुष्टि के बाद आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क पर जलभराव से लोग परेशान, वीडियो वायरल कर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला रायजादगान में लंबे समय से सड़क पर हो रहे जलभराव की समस्या को लेकर लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में कस्बा निवासी डॉक्टर वसीम ने सड़क पर भरे पानी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए पालिका अध्यक्ष व कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

शनिवार को कस्बा निवासी डॉ। वसीम द्वारा वायरल किए गए वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि मोहल्ले की सड़क पर लगातार पानी भरा रहता है, जिससे आमजन के साथ-साथ स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव के कारण लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है, वहीं गंदा पानी जमा रहने से बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना हुआ है।पीड़ितों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार नगर पालिका से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

पालिका अध्यक्ष व कर्मचारियों द्वारा समस्या के समाधान में रुचि न लेने से मोहल्लेवासियों में नाराजगी है मोहल्ले के अन्य लोगों का कहना है कि जलभराव के चलते उनका जनजीवन प्रभावित हो गया है और रोजमर्रा के कार्यों में बाधा उत्पन्न हो



रही है। अंतत: परेशान होकर डॉ। वसीम ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी बात उच्च अधिकारियों तक पहुंचाई है।पीड़ितों ने जनपद के उच्च अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान कराने की मांग की है।

# कूड़े के ढेर पर मिली नवजात, गले में बंधा था कपड़ा, हत्या के प्रयास में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर में कूड़े के ढेर पर लावा. रिस हालत में मिली नवजात बालि. का के मामले में पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बालिका के गले में कपड़ा बंधा था और मुंह से खून निकल रहा था। उसकी नाल भी नहीं कटी थी। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, विगत चार फरवरी की शाम करीब पांच बजे गांव मलकपुर निवासी दिनेश कुमार ने ग्राम प्रधान के घर के सामने कूड़े के ढेर पर एक बोरी में कपड़े में लिपटी नवजात को देखा। पास जाकर देखने पर बच्ची के गले में कपड़ा बंधा मिला। ग्रामीणों ने तत्काल गांव की दाई को बुलाकर नाल कटवाई और बच्ची को उपचार के लिए कैराना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

बाद में चाइल्ड हेल्पलाइन शामली की टीम ने थाना कैराना में रोजनामचा संख्या दर्ज कराते हुए नवजात को संयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार बच्ची की हालत नाजुक बनी हुई है। बाल कल्याण समिति (न्यायपीठ) शामली ने मामले का संज्ञान लेते हुए थाना कैराना को एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

इसके बाद पुलिस ने किशोर न्याय अधिनियम 2015 और भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि नवजात को कूड़े के ढेर पर फेंकना गंभीर अपराध है। बच्ची के साथ क्रूरता किए जाने की आशंका है।आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है और संदिग्धों से पूछताछ की तैयारी है। मामले की सूचना उच्चाधिकारियों को भी दे दी गई है। पुलिस का दावा है कि दोषियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# विराट हिन्दू सम्मेलन में संस्कृति को संजाने का आह्वान






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** विराट हिंदू सम्मेलन में हिंदू समाज की रक्षा, सामाजित समरसता, सास्कृतिक मूल्यो की रक्षा,संगठित रहने और संस्कृति को संजोने का आह्वान किया

मराठा कालिन मंदिर जस्सुवाला के सभागार मे हिंदू सम्मेलन आयोजन संमिति की ओर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विराट हिंदू सम्मेलन संगीत गोयल की अध्यक्षता, डाद्ग संजय राणा के संचालन मे आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथियों ने हिंदू समाज को संगठित रहने तथा अपनी संस्कृति और परंपराओं को संजोकर रखने का आह्वान किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए किसान संघ के प्रांतिय संगठन मंत्री रामपाल सिंह ने कहा कि इतिहास साक्षी है कि जब-जब हिंदू समाज में विभाजन की दरार उत्पन्न हुई, तब-तब विदेशी आक्रांताओं ने देश पर शासन किया। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की एकता ही भारत की सबसे बड़ी ताकत रही है। गोगा माढी के महंत स्वामी राम नरेश महाराज ने भगवान राम के आदर्शों और विचारों को जीवन में उतारने का आ]वान किया। सम्मेलन में नगर के , सामाजिक व्यापारिक धार्मिक संगठनो के कार्यकर्ताओं, युवाओं, महिलाओं सहित बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने सहभागिता की कार्यक्रम मे विमल आर्य अक्षय कुमार शिवम गुप्ता नगर खण्ड प्रचारक शंशाक कुमार हर्षित गोयल राजेश तिवारी राकेश काम्बोज मुकेश ठाकुर शालू राणा सचिन अग्रवाल संजय कश्यप कुशल सिंघल आदि मौजूद रहे।











# शहर की सड़कों पर डाक कांवड़ियों का उमड़ा सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** महाशिवरात्रि पर्व से एक दिन पूर्व शनिवार को शहर की सड़कों पर डाक कांवड़ियों का सैलाब उमड़ पड़ा। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे शिवभक्त हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष के साथ अपने-अपने शिवालयों की ओर बढ़ते दिखाई दिए। डीजे पर बजते भोले बाबा के भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और शहर शिवमय नजर आया।

शनिवार को हजारों की संख्या में कांवड़िए विभिन्न वाहनों, बाइक और सजाए गए कांवड़ वाहनों के साथ शामली से होकर गुजरे। कांवड़ यात्रियों के गुजरने के दौरान मुख्य मार्गों पर उत्साह का माहौल रहा। महाशिवरात्रि हिंदू धर्म का एक प्रमुख पर्व है, जो फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को भगवान शिव की आराधना के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था तथा शिवलिंग के रूप में भगवान शिव प्रकट हुए थे। इस अवसर पर श्रद्धालु रात्रि जागरण, पूजा-अर्चना और घ् नमः शिवाय के जाप के माध्यम से साधना करते हैं।रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा, जिसके लिए हरिद्वार से गंगा. जल लेकर आने वाले शिवभक्तों का तांता लगातार लगा रहा। प्रशासन की ओर से सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए गए, ताकि कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न हो सके। शहर के विभिन्न चौराहों पर ट्रेफिक पुलिसकर्मियों की डयूटी लगाई गई थी। वही महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शहर के प्रमुख शिव मंदिरों सिद्धपीठ भाकूवाला शिव मंदिर, सिद्धपीठ सदाशिव मंदिर, सिद्धपीठ गुलजारी वाला शिव मंदिर, गढमुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर, हनुमान धाम स्थित शिव मंदिर, गांधी चौक स्थित कुटी वाला मंदिर, बुढाना रोड स्थित बलभद्र मंदिर में साफ सफाई करने के साथ ही रंग बिरंगी लाईटों से सजाया गया। महाशिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक को लेकर शिव मंदिरों में तैयारियों की गई है। एसपी एनपी सिंह ने बताया कि महाशिव. रात्रि पर जलाभिषेक को देखते हुए जिलेभर के शिव मंदिरों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रहेगा।

### महाशिवरात्रि पर भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन



**शामली।** शनिवार को शहर के बीएसएम स्कूल में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह तथा उप प्रधानाचार्या आशु पंडित ने भगवान शिव के स्मरण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने शिव तांडव और शिव विवाह की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की आकर्षक वेशभूषा, भावपूर्ण अभिनय और नृत्य ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने कहा कि भगवान शिव त्याग, धर्म और करुणा के प्रतीक हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर हमें एक आदर्श नागरिक बनने का प्रयास करना चाहिए।

मैनेजर छाया सिंह और चेयरमैन सूर्यवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि महाशिवरात्रि केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण का अवसर है, जो हमें बुराइयों का त्याग कर सद्मार्ग अपनाने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने तीन पदाधिकारियों को सौंपी अहम जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जनपद शामली के तीन पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपे जाने पर शनिवार को स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ओमप्रकाश शर्मा के कैंप कार्यालय पर आयोजित हुआ, जहां नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया।

पार्टी नेतृत्व द्वारा दिनेश चन्द्र शर्मा को उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग का सचिव, परवेज जंग को जिला कांग्रेस विधि विभाग का अध्यक्ष, तथा डा। चयन सिंह पुण्डीर को जिला कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।



नियुक्ति के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर आयोजित समारोह में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ एवं मालाएं पहनाकर अभिनंदन किया तथा संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि पार्टी हाईकमान के निर्देश पर आगामी 17 फरवरी को मनरेगा बचाओ संग्राम की दूसरी कडी में उतर प्रदेश विधानसभा का घेराव उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी माननीय अविनाश पांडेय जी और माननीय अजय राय जी अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओ के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में शामली जनपद से काफी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता भाग लेंगे। इस अवसर पर बाबूखान, वैभव गर्ग, प्रवीण तरार, ओमवीर उपाध्याय, शेखरपाल, रविन्द्र आर्य, सोमदेव तोमर, पंडित ज्योति प्रसाद। पाल सिंह, विनोद कुमार अत्री, पंडित नरेन्द्र शर्मा, डा। उनेन्द्र कुमार शर्मा, चन्द्र कुमार शर्मा, बिजेन्द्रपाल वर्मा, अमित डिंपल शर्मा मौजूद रहे।

# 108 एंबुलेंस कर्मियों की सूझबूझ से बची वृद्ध की जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी एक वृद्ध व्यक्ति की शुक्रवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना देकर सहायता मांगी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए वृद्ध को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में वृद्ध महेंद्रदास की तबीयत और बिगड़ गई। स्थिति को भांपते हुए एंबुलेंस पर तैनात ईएमटी अभिषेक चौधरी व चालक नितिन मलिक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए एंबुलेंस में उपलब्ध उपकरणों की मदद से तुरंत उपचार शुरू किया।कर्मचारियों की तत्परता और मेहनत से वृद्ध की हालत में सुधार हुआ और उन्हें सुरक्षित जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। फिलहाल वृद्ध की हालत सामान्य बताई जा रही है।एक बार फिर 108 एंबुलेंस सेवा की उपयोगिता और विश्वसनीयता साबित हुई है। समय पर पहुंचने, आधुनिक सुविधाओं और प्रशिक्षित स्टाफ के कारण यह सेवा लगातार लोगों की जान बचाने में अहम भूमिका निभा रही है।कस्बा का क्षेत्र के लोगों ने एंबुलेंस कर्मियों की सराहना करते हुए उनके कार्य की प्रशंसा की है।



# शहीदों की स्मृति में वैदिक यज्ञ का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के आर्य समाज मंदिर द्वारा आयोजित ऋषि बोध उत्सव के सातवें दिन का कार्यक्रम शहीदों की स्मृति को समर्पित रहा। इस अवसर पर वैदिक यज्ञ, प्रवचन एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया तथा शहीदों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धापूर्वक आहुतियां अर्पित की गईं।

शनिवार प्रातः गगन विहार स्थित जेपी आर्य के आवास पर यज्ञ का आयोजन हुआ। यज्ञ के ब्रह्मा पुरो. हित सुदेशपाल आर्य ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत यज्ञ संपन्न कराया। मुख्य यजमान के रूप में डॉ। जनेश्वर प्रसाद आर्य व सुषमा आर्य, अशोक कुमार आर्य व मिथलेश आर्य, गौरव आर्य व शिखा आर्य तथा संयम आर्य व प्रिय दिव्यान दंपत्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आर्य भजन सम्राट कुलदीप आर्य ने शहीदों को समर्पित देशभक्ति गीत नमन उन शहीदों को जो खो गए, वतन को जगाकर स्वयं सो गए प्रस्तुत किया, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो उठा। वक्ताओं ने कहा कि मातृभूमि के लिए बलिदान देने वाले शहीदों की वीरता की गाथा सदैव हमारे हृदय में जीवित रहेगी और राष्ट्र सदैव उनका ऋणी रहेगा। इस अवसर पर राजपाल सिंह आर्य, दिनेश आर्य, रघुवीर सिंह, सुभाष गोयल, नितिन वर्मा, देवेन्द्र आर्य, राजीव धीमान, मीरा वर्मा, रामकुमार गुप्ता, सुभाष धीमान, रामेश्वर दयाल आर्य, राजेश धीमान, सुनीता पाल, आदि मौजूद रहे।

# शहीद अमित कोरी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वर्ष 2019 में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए शामली जिले के वीर सपूत अमित कोरी की सातवीं पुण्यतिथि पर कुड़ाना रोड स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएम अरविन्द कुमार चौहान, एडीएम सत्एन्द्र सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



डीएम ने कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए कहा कि देश की सेवा सभी करते हैं, लेकिन अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूत विरले ही होते हैं। उनका नाम इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। उन्होंने कहा कि देश के सैनिक कठिन परिस्थितियों में दिन-रात सीमाओं की रक्षा करते हैं, तभी हम सभी सुरक्षित वातावरण में जीवन यापन कर पाते हैं। डीएम ने कहा कि सैनिक का हौसला कभी कम नहीं होता, क्योंकि उसके भीतर देश सेवा का जज्बा होता है। देश सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। उन्होंने शहीद के परिवार. जनों को नमन करते हुए कहा कि ऐसे वीर सपूत को जन्म देने वाले परिवार भी सम्मान के पात्र हैं।

कहा कि जनपद शामली के युवाओं में देश सेवा की भावना कूट-कूटकर भरी है। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, शहीद के पिता सोहनपाल सिंह, माता उर्मिला देवी, पुनीत द्विवेदी, विजय कौशिक, विनय कुमार शर्मा कमांडेंट, सीआरपीएफ बटालियन से राकेश कुमार शर्मा, सरदार राजेन्द्र सिंह, अनुराग शर्मा, बिजेन्द्र सिंह एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



# मुकदमों से संबंधित जब्त शराब नष्ट करते समय लगी भीषण आग, चार झुलसे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** न्यायालय के आदेश पर मुकदमों से संबंधित जब्त अवैध शराब को नष्ट करने की कार्रवाई उस समय हादसे में बदल गई, जब अचानक ग्ड्ढे में डाली गई शराब में आग भड़क उठी। आग की चपेट में आकर दो पुलिसकर्मी, एक जेसीबी चालक और एक चौकीदार झुलस गए। घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से झुलसे चौकीदार को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया है। थाना परिसर में मेस के पीछे जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर वर्ष 2025 के 59 मुकदमों में जब्त शराब को नष्ट किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान एसडीएम ऊन संदीप कुमार त्रिपाठी, सीओ कैराना हेमंत कुमार, कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना तथा आबकारी विभाग की टीम मौजूद थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शराब को ग्ड्ढे में डालने के बाद चौकीदार नवाब ने एक कपड़े में आग लगाकर उसे गड्ढे में फेंक दिया। देखते ही देखते शराब ने आग पकड़ ली और तेज लपटें उठने लगीं। आग इतनी तेजी से फैली कि पास खड़े दो आरक्षी, जोनी व ललित, जेसीबी चालक सुनील पुत्र धर्मवीर, गांव लक्ष्मणपुर और चौकीदार नवाब पुत्र मुंशी,गांव तिसंग,उसकी चपेट में आ गए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कर्मचारियों ने किसी तरह आग पर काबू पाने का प्रयास किया। एसपी शामली एनपी सिंह ने बताया कि पुराने मुकदमों में जब्त शराब को न्यायालय के आदेश पर नष्ट किया जा रहा था। लापरवाही के चलते आग भड़क उठी। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। चौकीदार की हालत गंभीर होने पर उसे दिल्ली रेफर किया गया है।



# समाधान दिवस में भूमि विवाद से जुड़ी मिली चार शिकायतें, निस्तारण के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** शनिवार को शासन के निर्देश पर थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें राजस्व विभाग की टीम व पुलिस बल मौजूद रहा।समाधान दिवस के दौरान चार शिकायतें प्राप्त हुईं। कस्बा निवासी किसान सत्एंद्र सिंह ने बताया कि उसका खेत दक्षिण क्षेत्र में स्थित है। आरोप है कि उनका पड़ोसी ओमवीर लगातार चकरोड काटकर खेत को नुकसान पहुंचा रहा है। पूर्व में शिकायत पर राजस्व विभाग की टीम द्वारा खेत के चारों ओर पिलर लगवाए गए थे, जिन्हें आरोपी ने उखाड़ दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।आल्दी निवासी किसान राजपाल ने अपने पड़ोसी पर चकरोड काटने का आरोप लगाया। गांव मखमूलपुर निवासी किसान इरफान व प्रमोद ने पड़ोसी किसानों पर बार-बार मेड़ काटकर फसल को नुकसान पहुंचाने की शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा रसूलपुर गुजरान निवासी पुष्पेंद्र चौहान ने ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि समाधान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों की संयुक्त टीम गठित कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी मामलों का शीघ्र व निष्पक्ष समाधान कराया जाएगा।

# कुत्तों का आतंक, आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर एवं क्षेत्र में आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। नगर पालि. का द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़ने एवं बधियाकरण अभियान चलाने का दावा किया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद हमलों पर कोई रोक नहीं लग पा रही है।

आए दिन महिला, पुरुष और बच्चों पर कुत्तों के हमले हो रहे हैं।सोमवार को कस्बा निवासी सतीश कुमार, गुलअफशा, मोहम्मद कैफ, अर्जुन, ओवैस, किवाना निवासी अंशुल, महिला सविता, असदपुर निवासी विनय कुमार सहित कई लोग आवारा कुत्तों के हमले में घायल हो गए। सभी घायलों ने सरकारी अस्पताल पहुंचकर एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाई।नगर एवं क्षेत्र में बीते एक वर्ष से आवारा कुत्तों के हमले लगातार सामने आ रहे हैं। विगत दिनों नगर निवासी राजीव शर्मा और क्षेत्र के गांव ढुढार निवासी किशोर त्रिदेव की कुत्तों के काटने से मौत हो चुकी है, जिससे लोगों में भय और आक्रोश व्याप्त है। नगर एवं क्षेत्र में लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है।



नागरिकों ने जिला प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़कर उनका बधियाकरण कराने की मांग की है। चिकित्सा प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने लोगों से आवारा जानवरों से दूर रहने और सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कुत्ते के काटने की स्थिति में तुरंत अस्पताल पहुंचकर उपचार कराना जरूरी है।



## हत्या के प्रयास में वांछित आरोपियों को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पुलिस ने हत्या के प्रयास के अलग-अलग मामलों में वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग मामलों में हत्या के प्रयास के पांच वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उन्हे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरपाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि खेड़ी आसा गांव निवासी बनेक सिंह ने गांव के रोहित, ऋतिक, रणखंडी गांव निवासी राहुल और जनपद शामली के थानाभवन निवासी रवि के खिलाफ तहरीर दी थी। इसमें आरोप था कि चारों लोगों ने रंजिश के चलते बेटे विशाल के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने और जान से मारने की धमकी दी थी। चारों लोगों के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी, तभी से वह वांछित चल रहे थे। शनिवार को पुलिस ने नन्हेडा आसा गांव से चारों को गिरफ्तार किया है। जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। वहीं, हत्या के प्रयास में वांछित सुक. ेश उर्फ सुक्का को पुलिस ने हाईवे स्थित फ्लाईओवर के नीचे से गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुता. बिक रणखंडी पछाया पट्टी निवासी विपिन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि सुकेश ने घर में घुसकर तहेरे भाई मिंटू, अमरपाल, पिता किरणपाल और बहन अंकिता पर हमला कर घायल कर दिया था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## पुलिस ने हूटर लगी गाड़ी का किया चालान

**देवबन्द।** एक निजि संस्था में पद मिलने से गदगद फ्रूट मंडी आढ़त के पूर्व प्रधान सुलेमान फारुकी को कार में हूटर लगाकर जश्न मनाना भारी पड़ गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुई वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने उनसे दस हजार रुपये का जुर्माना वसूला है। फ्रूट मंडी आढ़त के पूर्व प्रधान सुलेमान फारुकी को केंद्रीय लोक शिकायत जांच आयोग संगठन (अल्पसंख्यक मोर्चा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम इस्लाम राणा ने उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया था। इसको लेकर दो दिन पूर्व सुल. ेमान फारुकी ने एक कार पर हूटर लगाकर जश्न मनाया था। हूटर बजाकर जश्न मनाने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो उच्चाधिकारियों ने इसका संज्ञान लेते हुए पुलिस ने सुलेमान की गाड़ी का दस हजार का चालान किया।

## विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने किया मॉडल्स का प्रदर्शन

### मेपल्स एकेडमी में रोबोटिक साइंस वर्ल्ड आफ वंडर टैलेंट प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**देवबन्द।** मेपल्स एकेडमी में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने सुंदर रोबोटिक मॉडल्स का प्रदर्शन कर अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मुजफ्फरनगर हाईवे स्थित मेपल्स एकेडमी प्रांगण में रोबोटिक साइंस वर्ल्ड आफ वंडर टैलेंट एक्सपो-3 के तहत आयोजित प्रदर्शनी में रोबोटिक साइंस को बढ़ावा देने के लिए छात्रों ने अपने रोबोटिक मॉडल्स की कार्यप्रणाली को सरल एवं रोचक तरीके से समझाया। छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए सुंदर माडलों ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों की अद्भुत प्रतिभा की सराहना की। प्रधानाचार्य डा. चित्रा जोशी ने कहा कि वर्तमान समय में रोबोटिक साइंस जैसी शिक्षा





बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। उन्होने बताया कि वैज्ञानिक सोच, नवाचार और तकनीकी कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं सहित एकेडमी का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

## क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन पर छात्रों ने खेलों में किया शानदार प्रदर्शन

**देवबन्द।** दून वैली पब्लिक स्कूल में चल रही वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता के दूसरे दिन कक्षा तीन से आठवीं तक के छात्रों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

इण्डस्ट्रीयल स्टेट स्थित दून वैली पब्लिक स्कूल प्रांगण में चल रही दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन्न हुआ। विद्यार्थियों ने वर्ल्ड कप थीम और लोटस डांस के साथ ही वंदे मातरम गीत पर प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। छात्रों ने विभिन्न प्रकार की दौड़ के अलावा अन्य स्पर्द्धाओं में उत्साह दिखाया। चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता व प्रधानाचार्या सीमा शर्मा ने




खेलों की महत्ता पर प्रकाश डाला और मैदान में सीखी गई अनुशासन, धैर्य और टीम भावना को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज की प्रतिस्पर्धा भरे दौर में पुस्तकीय ज्ञान के साथ ही आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और दृढ़ निश्चय होना जरूरी है। इस दौरान पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, योगेंद्र गोयल, तनुज कपिल व हरदीप सिंह आदि छात्र-छात्राएं व स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

## स्मार्ट मीटर व बिजली बिल राहत योजना के लिए जनता को करें जागरूक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर उपभोक्ताओं द्वारा किया जा रहा विरोध के चलते विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता रविंद्र बाबू ने स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें स्मार्ट मीटर एवं बिजली बिल राहत योजना में पंजीकरण कराए जाने के लिए जनता को जागरुक करने के निर्देश दिए।

नगर क्षेत्र में उपभोक्ताओं के आवास पर विद्युत निगम स्मार्ट मीटर लगा रहा है। लेकिन इसमें रीडिंग अधिक आने की बात कहते हुए लोग इसका विरोध कर रहे हैं। इसको देखते हुए शनिवार को निगम के अधीक्षण अभियंता रविंद्र बाबू ने स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी जनता के बीच जाएं और उन्हें स्मार्ट मीटर के प्रति जागरुक करें।

इसके साथ ही उन्हें यह निर्देश भी दिए गए कि जिन उपभोक्ताओं ने बिजली चोरी के मामले में बिजली बिल राहत योजना में पंजीकरण नहीं कराया, अधिकारी उन्हें पंजीकरण कराने के लिए जागरुक करने का काम करें। ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता योजना का लाभ उठा सकें। रविंद्र बाबू ने बताया नगर क्षेत्र में अभी तक तीन हजार स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। निर्देश दिए जो बिजली चोरी वाले उपभोक्ता योजना में पंजीकरण नहीं करा रहे हैं उनके खिलाफ कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाए।

## त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली शांति यात्रा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को नगर में शांति यात्रा निक. ाली गई। इसमें जनमानस को निराकार परमात्मा शिव के सत्य परिचय से अवगत कराया गया।

हाईवे स्थित मंगलौर रोड बस स्टैंड से शांति यात्रा को पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा कमला कॉलोनी, सफेद हवेली, सर्राफा बाजार, मेन बाजार, इंडस्ट्रियल एरिया और शिव कॉलोनी से होते हुए शिक्षक नगर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा दौरान भाई-बहनों ने मौन रहकर परमात्मा शिव की शांति की किरणें



नगर में फैलाई। राकेश शर्मा, अनुज, राहुल, अंकुर, दिनेश, शशि त्यागी, सुमन, ममता, अंशिका, तनिष्क आदि शामिल रहे।

## टूर्नामेंट में विद्यार्थियों ने खेल भावना, अनुशासन एवं टीम वर्क का किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में टूर्नामेंट में विद्यार्थियों ने खेल भावना, अनुशासन एवं टीम वर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा दिखाई।

एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में बीसीए एवं बीएससी (सीएस) विभागों के मध्य आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा एवं अंतिम दिन अत्यंत रोमांचक मुकाबलों तथा भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ। अंतिम दिन खेले गए निर्णायक मुकाबले में दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मैच का शुभारंभ प्राशांत गुप्ता द्वारा टॉस कराकर किये जाने उपरांत टीमों के कप्तानों को शुभकामनाएँ देते हुए खेल को पूर्ण अनुशासन एवं खेल भावना के साथ खेलने का आहवान किया। खिलाड़ियों ने उत्साह एवं ऊर्जा के साथ मैदान में अपना प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट के तीसरे दिन खेले गए मुकाबले में बीसीए श्बीश टीम ने टॉस जीतकर बी.एससी. (सी.एस.) टीम को पहले बल्लेबाजी करने का मौका मिला। बीसीए टीम के कसान ने रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाते हुए पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, ताकि लक्ष्य का पीछा करते समय स्थिति स्पष्ट रहे। बीएससी (सीएस) टीम मैदान में उतरते ही संयमित शुरुआत के साथ पारी को आगे बढ़ाने का प्रयास करती दिखाई दी, वहीं बीसीए टीम के गेंदबाजों ने सटीक लाइन और लेंथ से दबाव बनाने की कोशिश की। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने खेल भावना और अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे मुकाबला रोमांचक बन गया। टूर्नामेंट के तीसरे दिन खेले गए मुकाबले में बीसीए टीम ने टॉस जीतकर बीएससी (सीएस) टीम को पहले बल्लेबाजी करने का अवसर दिया। बीएससी (सीएस) टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्धारित ओवरों में 226 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के बल्लेबाजों ने आक्रामक एवं संयमित खेल का परिचय देते हुए मजबूत साझेदारियाँ कीं। लक्ष्य का पीछा करते हुए बीसीए टीम ने पूरा प्रयास किया, किंतु बीएससी (सीएस) टीम की सशक्त गेंदबाजी और सटीक क्षेत्ररक्षण के सामने वह 143 रन ही बना सकी। अंततः बीएससी (सी. एस.) टीम ने 83 रनों से शानदार जीत दर्ज की। मैच के दौरान खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और दर्शकों के उत्साह से मैदान में रोमांच चरम पर रहा। समापन समारोह के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करने के उपरांत कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं और ऐसे आयोजन व्यक्तित्व निर्माण में सहायक सिद्ध होते हैं। बीसीए टीम के मैनेजर अनुज गोयल एवं बीएससी (सीएस) टीम के मैनेजर हर्षित गोयल ने अपनी-अपनी टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। बीबीए विभागाध्यक्ष श्री राजीव पाल सिंह तथा बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव तायल ने सभी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया। टूर्नामेंट के आयोजक



रोहन त्यागी, खेल अधिकारी लवी वर्मा एवं समस्त प्राध्यापकगण के सहयोग से यह प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। अंत में प्रतिभागियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर बीबीए विभाग से, दीपक गर्ग, मोहम्मद अंजर, संजय शर्मा, बीसीए एवं बी.एससी. (सी. एस.) विभाग से, देवेश भारद्वाज, निरंकार शर्मा, हीमांशु शर्मा, मोहित गोयल, हर्षिता, रोबिन मलिक, पवन बालियान, शशांक भारद्वा, राहुल शर्मा, शेखर, अंकुर अग्रवाल चन्दना दीक्षित शामिल रहे।

## शिव भक्तों के लिए चिकित्सा शिविर

**नगीना।** शिव मंदिर गंगानगर कॉलोनी के सौजन्य से इस वर्ष भी विशाल भंडारा और नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिव मंदिर कमेटी द्वारा ये कार्य जोर-शोर से किए जा रहे हैं। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि महाशिवरात्रि पर हजारों की संख्या में कांवड़ती और श्रद्धालु नगीना पहुंचते हैं। इन सभी के लिए प्रसाद, जलपान, विश्राम स्थल तथा प्राथमिक उपचार की विशेष व्यवस्था की गई है। चिकित्सा शिविर में स्वास्थ्य जांच और आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। समिति ने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी के सहभाग से यह आयोजन भव्य और सेवा भाव से संपन्न होगा।

## शिवभक्तों के जयकारों से गूंजा क्षेत्र

### चेयरमैन व ईओ कर रहे कांवड़तियों की सेवा

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर पूरी तरह शिवमय नजर आया। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। शिवभक्तों और कांवड़ियों की टोलियां भक्ति भाव से ओतप्रोत होकर नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरती रहीं श्रद्धालुओं की आस्था और अनुशासन ने पूरे नगर को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया।

इस पावन अवसर पर नगर पालिका ने सेवा समर्पण और सुव्यवस्थित प्रबंधन की प्रेरणादायक मिसाल पेश की। पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी और अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल स्वयं व्यवस्थाओं की कमान संभाले नजर



आए। दोनों अधिकारियों ने शिवभक्तों को ठंडा पेयजल, फल, बिस्कुट एवं अन्य खाद्य सामग्री वितरित कर उनका स्वागत किया तथा यात्रा की मंगलकामना की। नगर पालिका द्वारा पूर्व तैयारी के तहत मुख्य मार्गों, मंदि. रों एवं कांवड़ मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सड़कों की धुलाई कर धूल-मिट्टी को नियंत्रित किया गया। रात्रि में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की गई ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पेयजल टैंकरों की व्यवस्था के साथ विभिन्न स्थानों पर अस्थायी जलपान केंद्र स्थापित किए गए। इसके साथ ही नगर में लगाए गए कांवड़ शिविरों में भी पालिका द्वारा समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। शिवि. रों में स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश, शौचालय और विश्राम की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया। शिविरों में कांवड़ियों की धार्मिक आस्थाओं के अनुरूप काली चुनरिया सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी भरपूर ध्यान रखा गया ताकि श्रद्धालु बिना किसी बाधा के अपने अनुष्ठान संपन्न कर सकें। पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने कहा कि शिवभक्तों की सेवा करना नगर पालिका का कर्तव्य ही नहीं बल्कि सौभाग्य भी है। स्योहारा सदैव भाईचारे और सौहार्द की मिसाल रहा है। धार्मिक अवसर समाज को जोड़ने का माध्यम होते हैं। अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि सफाई, जलापूर्ति, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रशासन और जनता के सहयोग से ही ऐसे आयोजन सफल होते हैं।

इस अवसर पर प्रधान लिपिक देवेंद्र कुमार, सभासद पति वसीम उर्फ बबली कुरैशी, श्वेत रस्तोगी, मौहम्मद अकरम अल्वी, नईम कुरैशी सहित अन्य सभासदगण एवं नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर सेवा कार्य को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई है।

## अवैध कच्ची शराब का तेजी से फल-फूल रहा कारोबार

### दो थानों की पुलिस अवैध करोबार के नेटवर्क को तोड़ने में असफल

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालागढ़।** नानपारा इलाके में अवैध कच्ची शराब का कार्य दिन-रात जारी है। कच्ची शराब माफिया पुलिस की मिलीभगत से पुरानी कालोनी कालागढ़ इस्लामनगर के हेड़ी बस्ती आदि में कच्ची शराब माफियों का नेटवर्क पूरे समूचे इलाके में पनपा हुआ है। जिसका जीता जागता सबूत पुलिस प्रशासन का इन माफियाओं की हिमायत करना है।

प्रशासन की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से माफियाओं के हौसलें बुलंद हो गए है। कालागढ़, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल एवं अफजलगढ़ थाना तहसील धामपुर बिजनौर क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब का कार्य पुलिस की मिली भगत से चल रहा है। रात में ही नहीं दिन में भी कालागढ़ सहित अन्य क्षेत्रों में अवैध कच्ची शराब का कारोबार करा रहे हैं। प्रशासन की तरफ से भी शराब माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। जिससे उनके अत्यधिक हौसले बुलंद है। कालागढ़ क्षेत्र के समेत आसपास के क्षेत्रों में अवैध कच्ची शराब का कारोबार चल रहा है।

पुलिस प्रशासन को अवैध कारोबार धंधों की पूर्ण जानकारी प्राप्त है। उसके बावजूद अवैध कारोबारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई जाती है। जिनका नेटवर्क पूरे इलाके में फैला हुआ है।

?सूत्र बताते है कि पुलिस में ही तैनात पुलिसकर्मी इन लोगों को पुलिस के आने की सूचना देते है और इनको नौ-दो ग्यारह कर देते है।

## नवनिर्मित श्री महादेव मंदिर से निकली कलश यात्रा

### श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया भंडारे का प्रसाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** महादेवपुरम दुर्गा विहार कॉलोनी फेज 2 पर नवनिर्मित श्री महादेव मंदिर पर त्रिदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में आज कलश यात्रा धूमधाम से निकाली गई, जिसमें पीत वस्त्र पहनकर महिला सर पर कलश लेकर चल रही थी। उनसे आगे बैंड बाजा ढोल बजाते हुए साथ में धर्म ध्वजा लिए हुए उत्साही युवक चल रहे थे। अंत में ट्रैक्टर ट्राली में मूर्तियां विराजमान चल रही थी।

कलश यात्रा मंदिर से आरंभ होकर कॉलोनी की परिक्रमा कर मंदिर पर आकर संपन्न हुई। उसके बाद सामूहिक हवन यज्ञ में आहुतियां दी गई। आचार्य डा. दिनेश चन्द्र भारद्वाज के विद्वान शिष्य काशी से पधारे आचार्य हिमांशु सत्यवली के साथ पांच बाह्मणों ने मंत्र जाप, स्तुति पाठ और वैदिक विधि से हवन यज्ञ में आहुतियां डलवाई गई। कलश यात्रा एवं हवन यज्ञ में सपना चौहान, अंशु चौहान, हेमलता चौहान, राखी चौहान, संगीता रानी, नीलम रानी, उमा देवी, हेमलता चौहान, निरुपमा रानी, श्रुति देवी, मोनिका, रितु चौहान, कुसुम देवी, नेहा, दीपेश, ज्योति, मनोज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, पदम सिंह, नरोत्तम कुमार राजपूत, मनोज चौहान, राजू मिस्त्री, गजेंद्र सिंह, राज बहादुर सिंह एडवोकेट, आंचल चौहान, महावीर सिंह आदि शामिल रहे। अंत में आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सबने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

## अफजलगढ़ में बिक रहा चाइनीज मांझा

**अफजलगढ़।** मुख्यमंत्री के कड़े निर्देश के बाद भी नगर में बेखौफ होकर चाइनीज मांझा बेचा जा रहा है।

नगर में चाइनीज मांझे के विक्रेताओं द्वारा नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से मांझा सप्लाई किया जा रहा है। पतंगबाज बच्चों, युवाओं के हाथ में चाइनीज मांझा हत्या के आला ए कत्ल के रूप में देखा जा रहा है। जिसको लेकर दो पहिया वाहन चालक खौफ के माहौल में वाहन चला रहे हैं। प्रदेश के अलग-अलग जनपदों के विभिन्न नगरों में लगातार चाइनीज मांझा के कारण कई लोगों की मौत तथा दर्जनों की संख्या में घायल हो गए है। चाइनीज मांझा के कारण मौतों की लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चाइनीज मांझे पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद नगर में खुलेआम चाइनीज मांझा की बिक्री और पतंग उड़ाने में उसके इस्तेमाल की शिकायतें सामने आ रही हैं। बताया जा रहा है कि नगर की कई दुकानों पर अब भी चाइनीज मांझा उपलब्ध है, जबकि प्रशासन द्वारा इसके बिक्री और उपयोग पर रोक लगाने के निर्देश दिए जा चुके हैं। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट आदेशों के बाद भी यदि यह मांझा बिक रहा है, तो यह प्रशासनिक लापरवाही या स्थानीय स्तर पर मिलीभगत की ओर इशारा करता है। चाइनीज मांझे के कारण पतंगबाज ही नहीं बल्कि



राहगीरों, बाइक चालकों और पक्षियों के लिए भी जानलेवा साबित हो रहा है। कई जगहों पर इससे गंभीर हादसे हो चुके हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर में दुकानों की सघन जांच कर चाइनीज मांझे की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि संभावित हादसों को रोका जा सकता है।

## हिंदी परीक्षा में सफलता का मंत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** वार्षिक परीक्षाओं की आहट के साथ ही विद्यार्थियों में तैयारी को लेकर उत्साह और हलचल तेज हो गई है।

इसी क्रम में जेपी पब्लिक स्कूल, चांदपुर की हिंदी शिक्षिका अनुपम अग्रवाल ने विद्यार्थियों को हिंदी विषय में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण और उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हिंदी कोई कठिन विषय नहीं बल्कि समझ, अभ्यास और प्रभावशाली प्रस्तुति का विषय है। यदि सही रणनीति अपनाई जाए तो इसमें शत-प्रतिशत सफलता संभव है। शिक्षिका ने विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक का गहन अध्ययन करने की सलाह देते हुए कहा कि प्रत्येक पाठ को ध्यानपूर्वक पढ़ें । व्याकरण को हिंदी की नींव बताते हुए उन्होंने कहा कि पद परिचय, अलंकार, रस, वाक्य शुद्धि और मुहावरों का नियमित अभ्यास जरूरी है। नियमों को केवल रटने की बजाय उदाहरणों के साथ समझने से बेहतर परिणाम मिलते हैं। लेखन कौशल पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि निबंध, पत्र का नियमित अभ्यास विद्यार्थियों को अधिक अंक दिला सकता है। उत्तर लिखते समय भाषा सरल, स्पष्ट और प्रभावशाली रखें तथा वर्तनी की शुद्धता का विशेष ध्यान दें। समय प्रबंधन को सफलता की कुंजी बताते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा में पहले 15 मिनट पूरा प्रश्नपत्र ध्यान से पढ़ने की सलाह दी। जो प्रश्न अच्छी तरह आते हों, उन्हें पहले हल करें। उत्तर पुस्तिका में साफ- सुथरी लिखावट, अनुच्छेदों का सही विभाजन और बिंदुवार उत्तर प्रस्तुति को बेहतर बनाते हैं। अंत में 10 मिनट उत्तरों की पुनः जांच अवश्य करें। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि पिछले वर्षों के प्रश्नपत्र हल करने से परीक्षा का पैटर्न समझने में सहायता मिलती है और आत्मविश्वास बढ़ता है।



**फोकस:** हिंदी परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण टिप्स बताते हुए कहा कि प्रश्न पत्र मिलने के बाद पहले 15 मिनट पूरा पेपर ध्यान से पढ़ें और लेखन (निबंध, पत्र, आवेदन) में भाषा सरल, साफ और प्रभावशाली रखें। व्याकरण के प्रश्नों पर विशेष ध्यान दें इनमें अच्छे अंक आसानी से मिलते हैं। साफ-सुथरी लिखावट और सही वर्तनी का ध्यान रखें। समय का सही प्रबंधन करें तथा उत्तर बिंदुवार लिखें ताकि प्रस्तुति आकर्षक लगे।

अनुपम अग्रवाल एक कर्मठ, मृदुभाषी और प्रेरणादायी हिंदी शिक्षिका हैं।

# विवादों से परे आज होगा भारत-पाक महामुकाबला

**● यह मुकाबला, जो पहले से ही अपने जोरदार खेल के लिए मशहूर है, मैदान के बाहर हुई जबरदस्त घटनाओं की बैकग्राउंड में हो रहा**

**कोलंबो, वार्ता।** रविवार को क्रिकेट में सबसे ज्यादा इंतज़ार किए जाने वाले मैचों में से एक होगा, जब भारत और पाकिस्तान पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप में यहां आर प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आमने-सामने होंगे। यह मैच, जो पहले से ही अपने ज़ोरदार खेल के लिए मशहूर है, मैदान के बाहर हुई ज़बरदस्त घटनाओं के बैकग्राउंड में हो रहा है, जिसने टूर्नामेंट में और भी दिलचस्प बातें जोड़ दी हैं।

बंगलादेश ने अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा चिताओं का हवाला देते हुए वर्ल्ड कप से नाम वापस ले लिया, और अपने ग्रुप-स्टेज मैचों के लिए भारत नहीं आने का फैसला किया। उनकी जगह, स्कॉटलैंड ने यह पक्का किया कि टूर्नामेंट आसानी से हो सके। शुरू में, खबर थी कि बंगलादेश के नाम वापस लेने के बाद पाकिस्तान भारत के खिलाफ अपने मैच का रिव्यू कर रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और आईसीसी के साथ बातचीत के बाद, पाकिस्तान ने कन्फर्म किया कि वे तय समय पर भारत के खिलाफ खेलेंगे, जिससे फैन बिना किसी रुकावट के इस बड़े मैच का इंतज़ार कर सकें। मैदान पर, भारत पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप में आठ मैचों में सात जीत के अपने शानदार रिकॉर्ड के दम पर फेवरेट के तौर पर उतरेगा, जिसमें पिछले साल एशिया कप में मिली जीत भी शामिल है। भारत की बैटिंग की ताकत जबरदस्त शुरुआत और मोमेंटम बनाए रखने में काबिल एक मज़बूत मिडिल ऑर्डर का कॉम्बिनेशन है। ईशान किशन ज़बरदस्त फॉर्म में हैं, 2026 में उनका स्ट्राइक रेट 220 से ज्यादा रहा है और उन्होंने हाल ही में 24 गेंदों पर 61 रन बनाए हैं। अगर वह जल्दी चल पड़ते हैं, तो भारत पावरप्ले पर कंट्रोल कर




सकता है और पाकिस्तान पर तुरंत प्रेशर डाल सकता है। सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा से बीच के ओवरों में पारी को संभालने की उम्मीद है, जबकि हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे और अक्षर पटेल डेथ ओवरों में तेज़ी लाने के लिए फायरपावर देंगे। भारत का बॉलिंग अटैक भी उतना ही बैलेंस्ड है। जसप्रीत बुमराह पेस यूनिट को लीड करते हैं, जिन्हें स्पिनर वरुण चक्रवर्ती, अक्षर और कुलदीप यादव का सपोर्ट मिलता है, जो कोलंबो की धीमी, टर्निंग पिच के लिए काफी सही हैं। पाकिस्तान ग्रुप स्टेज में लगातार मैच जीतकर अपने मोमेंटम के साथ आ रहा है। उनकी ताकत उनके स्पिन अटैक में है, जिसे शादाब खान और अनोखे उस्मान तारिक लीड कर रहे हैं, जो धीमी पिच पर अच्छा खेलते हैं और भारत के मिडिल ऑर्डर को परख सकते हैं। साहिबज़ादा फरहान, जो पिछले गेम में शानदार 73 रन की पारी खेलकर फेश हुए हैं, बाबर आज़म और उस्मान खान के साथ मिलकर पारी को संभालेंगे और भारत की बैटिंग की गहराई को चुनौती देने के लिए पार्टनरशिप बनाएंगे। अब जब मैदान के बाहर की अनिश्चितताएं दूर हो गई हैं, तो पाकिस्तान सिर्फ परफॉर्मेंस पर फोकस कर सकता है, जिससे उन्हें भारत के दबदबे का मुक.ाबला करने का एक भरोसेमंद मौका मिलेगा। इस मुकाबले में टॉस अहम भूमिका निभा सकता है। बीच-बीच में बारिश का अनुमान है, और आसमान में बादल छाए रहने से पारी की शुरुआत में सीमर्स को फायदा हो सकता है, जबकि धीमी होती पिच से मैच आगे बढ़ने पर स्पिनर्स को फायदा होगा। टी-20 क्रिकेट, खासकर इतने बड़े मैच में, अक्सर कुछ अहम पलों पर निर्भर करता है, एक शानदार पार्टनरशिप, अचानक हार, या एक अच्छी तरह से की गई डिलीवरी नतीजा तय कर सकती है। आखिर में, भारत पाकिस्तान के खिलाफ टी 20 वर्ल्ड कप मैच जीतने का सिल.सिला जारी रखने के लिए फेवरेट के तौर पर उतरेगा, लेकिन यह कोई सीधा मुकाबला नहीं होगा। किशन की ज़बरदस्त बैटिंग, पाकिस्तान का टैक्टिकल स्पिन अटैक, और बंगलादेश के हटने और पाकिस्तान के शेड्यूलिग रिव्यू के सुलझने के बाद साइकोलॉजिकल इंटेंसिटी यह पक्का करती है कि यह मैच ड्रामा, हाई-स्टेक कॉम्पिटिशन और यादगार पलों का वादा करता है। स्किल और इमोशन दोनों में, यह मुकाबला क्रिकेट के सबसे कड़े मुकाबलों में से एक जैसा नज़ारा पेश करने के लिए तैयार है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### नेपाल के खिलाफ वेस्टइंडीज की नजरें लगातार जीत पर

**मुंबई, वार्ता।** रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में जब अपरा.जित वेस्टइंडीज का सामना पुरुष टी 20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप सी के हाई-स्टेक मुकाबले में नेपाल से होगा, तो रोमांच देखने को मिलेगा। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 11 बजे शुरू होगा। कैरेबियाई टीम जबरदस्त फॉर्म में है, उसने शुरुआती दोनों गेम जीते हैं, जिसमें टूर्नामेंट की फेवरेट टीमों में से एक इंग्लैंड पर 30 रन की शानदार जीत भी शामिल है। शेरफेन रदरफोर्ड को कोई रोक नहीं सका, उन्होंने सिर्फ 41 गेंदों पर 76 रन बनाए, जबकि शिमरोन हेटमायर ने स्कॉटलैंड के खिलाफ पहले मैच में मैच जिताने वाली 64 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज के बॉलर्स ने भी गेंदबाजी का कमाल दिखाया है। रोमारियो शेफर्ड ने स्कॉटलैंड के खिलाफ 5/20 विकेट लिए, और गुडाकेश मोती ने इंग्लैंड के खिलाफ अहम तीन विकेट लिए।

### कपिल ने पहली गेंद से ही रन बनाने की काबिलियत के लिए अभिषेक शर्मा की तारीफ की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व महान क्रिकेटर कपिल देव ने टी-20 सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की पहली गेंद से ही बड़े शॉट मारने की काबिलियत की तारीफ की है।

कपिल ने शुक्रवार शाम को कुतुब गोल्फ कोर्स में डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप 2026 में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अगर आप पहली गेंद पर छक्का मार सकते हैं, तो क्यों नहीं इसके लिए आपको बहुत काबिलियत चाहिए। अगर वह दो साल, तीन साल तक ऐसा कर सकता है, तो हम कहेंगे कि वह कितना बढ़िया खिलाड़ी है। हालांकि उन्होंने अभिषेक को सावधान किया कि उसे लगातार बेहतर होते रहना होगा।

# टेलर, बेन, डेनिस और सिलिच सेमीफाइनल में

**● टेलर फिट्ज ने कड़े मुकाबले व चोट के डर से उबरते हुए सेबेस्टियन कोर्डा को 6-7(2) 6-4, 6-7(5) से हराया**

**डलास, वार्ता।** टेलर फिट्ज, बेन शेल्टन, डेनिस शापोवालोव और मारिन सिलिक ने अपने क्वार्टर-फाइनल मैच जीत कर नेक्सो डलास ओपन सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टेलर फिट्ज़ ने शुक्रवार को एक कड़े मुकाबले और चोट के डर से उबरते हुए सेबेस्टियन कोर्डा को 6-7(2), 6-4, 7-6(5) से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।

4-5, 30/15 पहले सेट में, फिट्ज ने एक अजीब बैकहैंड फ्लिक मारा जिससे तेज दर्द हुआ और उसी गेम में फिजियो को दिखाना पड़ा। पिछले साल लगी चोटों के बारे में पूरे हफ्ते बात करने के बाद, यह एक खतरनाक नज़ारा था। फिट्ज़ की चोट पर काम हुआ और उन्हें अभी भी दर्द महसूस हो रहा था, लेकिन उतना तेज नहीं। फिजियो ने उन्हें कई बार देखा, जिससे उन्हें मदद मिली। फिर भी, फिट्ज को कोर्डा से निपटना पड़ा, जिन्होंने आखिरी सेट के टाई-ब्रेक में 5/4 पर सर्व किया। लेकिन एटीपी रैंकिंग में पहले नंबर 15 के खिलाड़ी ने लगातार फोरहैंड गलतियां कीं, जिससे फिट्ज बच निकले। टॉप सीड खिलाड़ी ने 22 एस मारे और अपने सामने आए सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाए। फिट्ज़ का अगला मुकाबला पहले वर्ल्ड नंबर 3 मारिन सिलिच से होगा।

# बुमराह-कुलदीप भारत के प्रमुख हथियार

**पाक के खिलाफ मैच पर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टार मोईन अली ने दी बेबाक राय**




**दुबई, वार्ता।** मिस्टर क्रिकेट यूएई पॉडकास्ट ने आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप को समर्पित अपनी ऑफिशियल सीरीज के दूसरे एपिसोड में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टार मोईन अली का खास मेहमान के तौर पर स्वागत किया, जहां इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर ने बड़ी भविष्यवाणियां, टैक्टिकल जानकारी और भारतीय स्टार जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव की जमकर तारीफ की। अनीस साजन (मिस्टर क्रिकेट यूएई के फाउंडर) के साथ एक गहरी बातचीत में, मोईन ने टूर्नामेंट के पर्दे के पीछे की झलक दिखाई, जिसमें टीम कॉम्बिनेशन, खास मैच-अप और हालात पर चर्चा की, जिसमें खास तौर पर भारत बनाम पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले पर ध्यान दिया गया, जिसका बेसब्री से इंतज़ार है, जो दुनिया के खेलों में सबसे मशहूर मुकाबलों में से एक है।

मोईन अली की खास बातें

प्रेमदासा पिच पर:

आम तौर पर, प्रेमदासा में टर्न मिलता है। यह ऐसी सतह है जहां स्पिनरों को मदद मिल सकती है, लेकिन मुझे लगता है कि इस मैच के लिए एक अच्छा विकेट तैयार किया जाएगा ताकि दोनों टीमें अपना नैचुरल गेम खेल सकें और यह एक सही मुकाबला बन जाए।

भारत के खास खिलाड़ियों पर:

अगर आप भारत को देखें, तो सूर्यकुमार यादव वह बैटर हैं जिनके बारे में पाकिस्तान को सबसे ज्यादा चिता करनी चाहिए। वह बहुत तेज़ी से गेम बदल सकते हैं। और बॉलिंग के नज़रिए से, यह जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव ही हैं, वह किसी भी कंडीशन में मैच-विनर हैं।

पाकिस्तान के टीम कॉम्बिनेशन पर:

मुझे सच में लगता है कि पाकिस्तान को ऐसे कॉम्बिनेशन के साथ जाना चाहिए जिसमें फखर जमान खेलें। यह एक बोल्ड फैसला है, लेकिन मेरा मानना है कि वह बड़ा बदलाव ला सकते हैं। मैं शाहीन अफरीदी और ख्वाजा नफे को भी टीम में देखना चाहूंगा, और टीम का बैलेंस मजबूत करने के लिए विकेटकीपिग रोल में भी बदलाव कर सकता हूं। असल में, मुझे लगता है कि इस मैच के लिए बाबर आजम की जगह फखर जमान को लाना चाहिए ताकि पाकिस्तान को भारत की ताकत का मुक.ाबला करने का सबसे अच्छा मौका मिल सके और ख्वाजा को विकेटकीपर के तौर पर उस्मान खान की जगह भी लेना चाहिए।

भारत के टीम सिलेक्शन पर:

भारत के लिए, मैं निश्चित रूप से चाहूंगा कि कुलदीप यादव खेलें। वह पाकिस्तान के लिए किसी भी दूसरे भारतीय बॉलर से बड़ा खतरा होंगे।

पाकिस्तान की बॉलिंग से खतरा:

पाकिस्तान की तरफ से, मुझे लगता है कि अबरार अहमद ऐसे खिलाड़ी हैं जिनसे इंडिया को सच में सावधान रहना चाहिए। उनमें बैटर्स को परेशान करने की काबि.लियत है। मैं उस्मान तारिक का भी ज़िक्र करूंगा क्योंकि वह बहुत चालाक हैं, और इंडिया ने उनका ज्यादा सामना नहीं किया है, जो उन्हें खतरनाक बनाता है।

मैच के नतीजे पर:

आम तौर पर मुझे कहना होगा कि इंडिया पाकिस्तान के खिलाफ हमेशा जीत सकता है, ईमानदारी से, जैसे मैं पहली बार कह रहा हूं कि पाकिस्तान जीतेगाष

टूर्नामेंट के आउटलुक पर:

मेरे चार सेमीफाइनलिस्ट इंडिया, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड

# चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैने मुकाबला करना लीड करना और सपने देखना सीखा : कुंबले




**● भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले चिन्नास्वामी स्टेडियम की 50वीं सालगिरह मनाने के लिए स्टेडियम लौटे, और अपने करियर के बारे में बताया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत में कुछ ही ग्राउंड ऐसे हैं जो एम चिन्नास्वामी स्टेडियम जितनी यादें, जीत और दुख समेटे हुए हैं। भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले शुक्रवार को स्टेडियम की 50वीं सालगिरह मनाने के लिए स्टेडियम लौटे, और अपने करियर के बारे में बताया जो एक युवा दर्शक के तौर पर वहीं से शुरू हुआ और देश के सबसे मशहूर क्रिकेट ग्राउंड में से एक के साथ-साथ आगे बढ़ा।

कुंबले ने याद किया कि नौ साल की उम्र में वह बेंगलुरु की इस जगह पर रणजी ट्रॉफी मैच देखने के लिए पुलिस को चकमा देकर चुपके से निकल गए थे। उन्होंने याद करते हुए कहा कि मैं रोजर बिन्नी को सेंचुरी बनाते देखने आया था। मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन मैं यहां खेलूंगा, या इंडियन कैप भी पहनूंगा। किस्मत ने पलटा खाया, कुंबले के अपने रणजी डेब्यू में भी बिन्नी कप्तान थे, यह एक ऐसे करियर की शानदार शुरुआत थी जिसने इंडियन स्पिन के एक युग को तय किया। उन्होंने स्टेडियम को अपना दूसरा घर बताया, जहां क्रिकेट का हर सबक सीखा गया-एज-ग्रुप मैचों की मुश्किलों से लेकर रणजी ट्रॉफी मुकाबलों की तेज़ी तक। उन्होंने कहा कि यहीं पर मैंने मुक.ाबला करना, लीड करना और सपने देखना सीखा। स्टैंड्स ने गर्व, दिल टूटना और ऐसे यादगार पल देखे हैं जो हमेशा आपके साथ रहते हैं। कुंबले ने उन महान खिलाड़ियों को याद किया जिनके नाम अब पवेलियन में सजे हैं। राहुल द्रविड़, शांता रंगास्वामी, जवागल श्रीनाथ और डा. थिम्मापैय्या। उन्होंने कहा कि ए वो लोग हैं जिन्होंने कर्नाटक क्रिकेट को बनाया है, और उनके नाम पत्थर पर खुदे देखना बहुत दिल को छू लेने वाला है। अपनी पर्सनल खास बातों पर बात करते हुए, कुं.बले ने 2007 के टेस्ट में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कप्तानी, 1996 में सचिन तेंदुलकर के साथ टाइटन कप जीतना और 1995-96 में कप्तान के तौर पर रणजी ट्रॉफी उठाना याद किया। वह मुश्किल पलों से भी पीछे नहीं हटे, पाकिस्तान के खिलाफ 1996 के वर्ल्ड कप क्वार्टर-फाइनल के टेंशन को याद करते हुए, उस प्रेशर को ष्ऐसा बताया जैसा मैंने पहले कभी नहीं झेला।

# आयरलैंड ने ओमान को हराया

**कोलंबो, वार्ता।** कप्तान लोर्कान टकर (नाबाद 94), गैरेथ डेलेनी (56) तथा जॉर्ज डॉकरेल (नाबाद 35) की विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत आयरलैंड ने शनिवार टी-20 विश्वकप के 22वें मुकाबले में ओमान को 96 रनों से हराया। यहां 236 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान के अधिकतर बल्लेबाज आयरलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के बेबस नजर आए और उनकी पूरी टीम 18 ओवर में 139 के स्कोर पर सिमट गई। आमिर कलीम ने ओमान के लिए सर्वाधिक 50 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 29 गेंदों का सामना किया और पांच चौके और दो छक्के लगाए। इसके अलावा हम्माद मिर्जा ने 37 गेंदों में छह चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 46 रनों की पारी खेली। सुफियान महमूद 10 रन बनाकर आउट हुए। शेष आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। आयरलैंड के लिए जॉश लिटिल ने 16 रन देकर तीन विकेट झटके। मैथ्यू हम्फ्रीज और बैरी मक्कार्थी को दो-दो विकेट मिले। जॉर्ज डॉकरेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ओमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही उसने 64 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिए। टिम टेक्टर (पांच), रॉस ऐडेर (14), हैरी टेक्टर (14) और कर्टिस कैमफर 12 रन बनाकर आउट हुए। इनमें से तीन बल्लेबाजों को शकील अहमद ने आउट किया। ऐसे संकट के समय लोर्कान टकर और गैरेथ डेलेनी ने पारी को संभाला और विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए तेजी के साथ रन भी बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 101 रनों की साझेदारी हुई। 17वें ओवर में शाह फैसल ने गैरेथ डेलेनी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। गैरेथ डेलेनी ने 30 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 56 रन बनाए। आयरलैंड ने ओमान के खिलाफ निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 235 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। लोर्कान टकर ने 51 गेंदों में 10 चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 94 रनों की पारी खेली।

# पाक के खिलाफ शुरुआती विकेट लेने के लिए हो बुमराह का इस्तेमाल : संजय बांगर




**● कहा: पावरप्ले में विकेट बहुत मायने रखते है, खासकर पाक जैसी मजबूत टीम के खिलाफ**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व क्रिकेटर संजय बांगर का मानना है कि जसप्रीत बुमराह को पाकिस्तान के खिलाफ शुरुआती विकेट लेने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

'फॉलो द ब्लूज' कार्यक्रम में जियोस्टार विशेषज्ञ संजय बांगर ने टूर्नामेंट में स्पिन को लेकर भारतीय बल्लेबाजों के प्रदर्शन और पाकिस्तान के खिलाफ भारत की एकादश में संभावित बदलावों पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि आप जसप्रीत बुमराह का कहीं भी उपयोग करें, वह जाहिर तौर पर वैल्यू ऐड करेंगे। लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें शुरुआत में ही इस्तेमाल किया जा सकता है ताकि जल्दी विकेट मिल सकें और विरोधी टीम पर जल्दी अटैक किया जा सके। पावरप्ले में विकेट बहुत मायने रखते हैं, खासकर पाकिस्तान जैसी मजबूत टीम के खिलाफ। इसलिए, मुझे उम्मीद है कि बुमराह पाकिस्तान के खिलाफ गेंदबाजी की शुरुआत करेंगे।

उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की एकादश में बदलावों को लेकर कहा कि मुझे लगता है कि भारत अपने स्पिन अटैक को और मजबूत करेगा क्योंकि जब उन्होंने 50 ओवर की चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था, तो उन्होंने चार स्पिनरों का इस्तेमाल किया था। इसे देखते हुए, भारत को साफ तौर पर लगता है कि पाकिस्तानी बल्लेबाजों को स्पिन का सामना करने में परेशानी हो सकती है। इसलिए, मैं निश्चित रूप से एक सीमर की जगह कुलदीप यादव को शामिल करने का समर्थन करूंगा, और वह सीमर अर्शदीप सिंह होना चाहिए।

उन्होंने स्पिन खेलने में भारतीय बल्लेबाजों को हो रही दिक्कत के सवाल पर कहा कि हां, इस विश्वकप के पहले दो मैचों में, भारत ने बीच के ओवरों में स्पिन के कारण विकेट गंवाए हैं। लेकिन मुझे लगता है कि ऐसा इसलिए भी हो सकता है क्योंकि वे पहले बल्लेबाजी कर रहे थे और उनसे 200-220 रन से अधिक बनाने की उम्मीद थी। हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ मैच में, मुझे लगता है कि वे हालात को बेहतर तरीके से समझेंगे। बड़े मैदान पर उनका शॉट चयन थोड़ा अलग हो सकता है।

# मुचोवा-म्बोको में होगा खिताबी मैच




**● इस जीत ने कैरोलिना मुचोवा को उनके तीसरे डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में पहुंचा दिया**



**● विक्टोरिया म्बोको ने एलेना ओस्टापेंको को 6-3 6-2 से हराकर अपनी 13वीं जीत हासिल की**

**दोहा, वार्ता।** चेक की कैरोलिना मुचोवा शनिवार को दोहा में ग्रीस की मारिया सकारी पर तीन सेट की जीत के साथ कतर टोटलएनर्जीज़ ओपन के फाइनल में पहुंच गईं। इस जीत ने मुचोवा को उनके तीसरे डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में पहुंचा दिया, क्योंकि वह इस लेवल पर अपने पहले टाइटल की तलाश में हैं। डब्ल्यूटीए टूर पर पिछली चार मुलाकातों में मुचोवा सकारी से कभी नहीं हारी थीं, लेकिन यह सिलसिला खतरे में दिख रहा था जब सकारी ने लगातार पांच गेम जीतकर 6-3, 2-0 की बढ़त बना ली। मुचोवा ने अपना अग्रेसिव स्टाइल जारी रखते हुए लगातार पांच गेम जीते और दूसरे सेट में 5-2 से आगे हो गईं। हालांकि सकारी ने अंतर 5-4 कर दिया, लेकिन मुचोवा ने मजबूती से सेट 6-4 से जीता और फिर तीसरा सेट 6-1 से अपने नाम कर लिया। यह 29 साल की खिलाड़ी के लिए सीजन का दूसरा सेमीफाइनल था और साल की उनकी 11वीं जीत थी - सिर्फ 19 साल की कनाडाई विक्टोरिया म्बोको के बाद दूसरी जीत, जिन्होंने शनिवार को एलेना ओस्टापेंको को 6-3, 6-2 से हराकर अपनी 13वीं जीत हासिल की और अपने दूसरे डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में पहुंचीं। मुचोवा, जिनका एकमात्र डब्ल्यूटीए टूर सिगल्स टाइटल 2019 में सोल में आया था, शनिवार को पहली बार म्बोको का सामना करेंगी। कैनेडियन का अगले हफ्ते टॉप 10 में आना पक्का है।

# ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर देने उतरेगी भारतीय टीम

**● दुनिया की टॉप रैंक वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को मल्टी फॉर्मेट सीरीज में उसके घर में चुनौती देगी भारतीय महिला टीम**




**सिडनी, वार्ता।** भारत अपनी पहली वर्ल्ड कप जीत से उत्साहित है और दुनिया की टॉप रैंक वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को मल्टी-फॉर्मेट सीरीज में उसके घर में चुनौती देगी। भारत पहले ही ऑस्ट्रेलिया के पिछले ताजों में से एक हासिल कर चुका है। अब, वे पूरे आत्मविश्वास के साथ सिडनी पहुंचे हैं और उनके पास सभी फॉर्मेट की सबसे अच्छी टीम होने का दावा करने का मौका है। रविवार को सिडनी में पहला टी-20 मैच, पिछले साल के वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को चौंकाने के बाद दोनों कट्टर दुश्मनों के बीच पहली मुलाकात होगी, जिसमें भारत ने टूर्नामेंट की पसंदीदा टीम को बाहर कर दिया था और फिर अपना पहला सीनियर महिला आईसीसी खिताब जीता था। उस जीत के बाद, हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना सहित भारत की सीनियर खिलाड़ियों ने कहा कि वे एक ट्रॉफी से संतुष्ट नहीं हैं, और इसके बजाय उनकी नजर दुनिया पर राज करने पर है। ऑस्ट्रेलिया को - जो दोनों व्हाइट-बॉल फॉर्मेट में दुनिया की टॉप रैंक वाली टीम बनी हुई है (महिलाओं के लिए कोई टेस्ट रैंकिग नहीं है) - उनकी धरती पर हराना उस 'वर्ल्ड डॉमिनेशन' बॉक्स में एक सीरियस टिक होगा। शनिवार को सिडनी में कौर ने कहा कि हम अपने सभी टारगेट को पाने के लिए सच में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। वनडे वर्ल्ड कप जीतना उनमें से एक था, इसलिए हम सही रास्ते पर हैं। हम बस सच में कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और उम्मीद है कि जब भी हम खेलेंगे तो अपना बेस्ट देते रहेंगे। हम जानते हैं (ऑस्ट्रेलिया) बहुत मजबूत है। हमने देखा है कि वे इतने लंबे समय से बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। एक बात बहुत साफ है, जब भी आप एक अच्छी सोच और एक अच्छे, पॉज़ीटिव अप्रोच के साथ जाते हैं, तो आप हमेशा अपना बेस्ट दे सकते हैं। मल्टी-फॉर्मेट सीरीज़ फॉर्मेट, जिसमें तीन टी-20, तीन वनडे और एक टेस्ट शामिल हैं, यकीनन महिलाओं के खेल में सबसे बड़ी चुनौती है, जिसमें टीमों को अगले तीन हफ्तों में जल्दी-जल्दी एक के बाद एक फॉर्मेट बदलने पड़ते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 2021 में अपने घर पर दोनों टीमों के बीच पिछली पॉइंट्स-बेस्ड सीरीज़ में से सिर्फ 11-5 से जीत हासिल की थी। 2023 में भारत के उनके ऑल-फॉर्मेट दौरे में कोई ओवरऑल ट्रॉफी नहीं थी, लेकिन अगर पॉइंट्स दिए जाते, तो वे 10-6 से जीतकर जाते। आज तक, भारत ने ऑस्ट्रेलिया में सिर्फ एक सीरीज जीती है, जो दस साल पहले 2016 में तीन मैचों की टी-20 सीरीज थी। 2024 के आखिर में वनडे सीरीज के लिए अपने सबसे हालिया दौरे पर, वे 0-3 से हार गए थे। हालांकि, लंबे समय से महिलाओं के खेल की 'स्लीपिग जायंट' मानी जाने वाली टीम, विमेंस प्रीमियर लीग के बाद कॉन्फिडेंस के साथ सिडनी पहुंची है।

# जनपद को 6 जोन में बांटा, बनाए 89 परीक्षा केंद्र

## यूपी बोर्ड परीक्षा को निर्विघ्न, पारदर्शी एवं नकलविहिन संपन्न कराने के लिए डीएम ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल अगले सप्ताह आरम्भ हो रही उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड परीक्षा-2026 को निर्विघ्न, पारदर्शी एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए सम्बंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी श्री बंसल आज जीआईसी नेहरू मार्किट सभागार में प्रशिक्षण शिविर एवं बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने बोर्ड परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्रों को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने के संबंध में, परीक्षार्थियों की चे. कंग के सम्बन्ध में कक्षा कक्ष में भ्रमण एवं कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी के संबंध में व्यापक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रश्न पत्र स्ट्रांग रूम में डबल लॉक में रखे जाएंगे जिन्हें स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं वाह्य केंद्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में ही खोला जाएगा। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर 50 प्रतिशत कक्ष निरीक्षक वाह्य विद्यालय अथवा बेसिक शिक्षा से लगाए जाएंगे। सभी विद्यालयों पर प्रत्येक कक्षा




कक्ष एवं स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 3660 सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से मॉनिटरिंग की जाएगी। मॉनिटरिंग के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में मॉनिटरिंग सेल बना हुआ है। जिसके नोडल श्री अंकुर वर्मा उप जिलाधिकारी को बनाया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि सहारनपुर जनपद को कुल 6 जोन में बांटा गया है। जोनल अधिकारी के रूप में सिटी मजिस्ट्रेट को नगर क्षेत्र एवं अपने-अपने तहसील में उप जिला अधिकारी को जोनल अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार तहस. ीलदार एवं नायब तहसीलदार तथा जिला स्तरीय अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया गया है। एसपी ग्रामीण सागर जैन ने बताया गया कि प्रत्येक केंद्र पर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात रहेगी। साथ में सचल दल के लिए भी पुलिस तैनात रहेगी। कुल 6 सचल दलों का गठन किया गया है जो विभिन्न सेंटरों पर परीक्षा के समय चेकिंग करेंगे। प्रत्येक विद्यालय पर पुलिस विभाग की तरफ से चाक चौबंद पुलिस की व्यवस्थाकी गई है। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 89 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें इंटरमीडिएट में 30000 और हाई स्कूल में 35000 से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में प्रतिभा करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा अनुपस्थित स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों का वेतन रोकने के आदेश निर्गत किए गए हैं एवं परीक्षा अवधि में यदि कोई स्टेटिक मजिस्ट्रेट या वह केंद्र व्यवस्थापक अनुपस्थित होता है तो उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफ आई आर के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, एसडीएम सदर सुबोध कुमार, एसडीएम बेहट मानवेंद्र सिंह, एसडीएम रामपुर मनिहारान पूर्वा, एसडीएम अंकुर वर्मा, समाज कल्याण अधिकारी श्रीमती अर्चना, सभी पुलिस उपाधीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक अरविंद कुमार पाठक एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय हर्ष देव स्वामी समेत सभी केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

# श्मशान घाट का रास्ता बंद करने का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** सहारनपुर विकास नगर मार्ग पर कंस्ट्रक्शन कम्पनी के द्वारा डिवाइडर लगाकर श्मशान घाट का रास्ता बंद किए जाने को लेकर आस पास के ग्रामीणों मे रोष व्याप्त हो गया।



डिवाइडर द्वारा श्मशान घाट के रास्ते को बन्द किए जाने को लेकर ग्राम सुलतानपुर माली प्रधान हाजी मुमताज हसन ,पूर्व प्रधान जसराज सिंह, पूर्व प्रधान मो.इमरान, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजकुमार,मरवा के ग्राम प्रधान मा.सूरत सिंह व इशहाकपुर चेंची के ग्राम प्रधान जोगेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को शांत किया।

ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों का आरा. ेप है कि यदि उक्त स्थान पर डिवाइडर बनाया गया तो ग्रामीणों को अंतिम संस्कार करने को लेकर गंदेवड चौक को होकर करीब 5 किलोमीटर का चक्कर लगाकर अंत्येष्टि स्थल तक पहुंचना पड़ेगा।इतना ही नहीं क्षेत्र वासियों एवं ग्रामीणों का कहना है कि उक्त मार्ग से करीब चार गांव जुड़े हुए हैं जिन्हें आवागमन में खासी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है इसीलिए जनहित में उक्त मार्ग पर डिवाइडर न लगाये जाए।

जन प्रतिनिधियोंने ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों की मांग पर डिवाइडर न लगाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह को दिया गया और एस डी एम से मांग की गई कि श्मशान घाट तक जाने के लिए सड़क पर डिवाइडर न बनाया जाये।

एस डी एम ने जन प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया है कि वे कंपनी के लोगों से वार्ता कर समस्या का निस्तारण कराया जायेगा।

# स्कूल का वार्षिकोत्सव उत्साह से मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आज उच्च प्राथमिक विद्यालय कुतुबपुर लबडौला में वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत जनपद स्तर से आए अतिथि जिला समन्वयक विकास, स्टेट रिसोर्स पर्सन सरफराज एवं कपिल दुआ द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्चात जनपद स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी में 10 वे स्थान प्राप्त करने वाले विवेक तथा मीना मंच के अंतर्गत बाल समारोह में कॉमिक्स निर्माण में विद्यालय से मरयम साहिमा ने बालिकाओं की शिक्षा पर अपने विचार रखे। साथ ही बालिका गुनगुन व किरण ने शानदार देश भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया। तत्पश्चात प्रदर्शनी में अतिथियों ने सभी छात्र छात्राओं द्वारा स्वनिर्मित माडल्स का अवलोकन कर बच्चो के बेहतरीन कार्य की प्रशंसा की। अंत में अतिथियों द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय आए बच्चो को ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। पुरस्कृत होने वाले बच्चों में नम्रा इस्मी फैयाजा, विवेक, रूपाली सदफ, कृष्णा आदि रहे।

कार्यक्रम में कृपाल मलिक, संजीव कुमार, इंदु, राजेंद्र, आशीष शर्मा, नागराज, सारिका, निशांत अंजुम, अंजली, विक्रांत, राकेश, अनिल, संगीता, पूनम सहित समस्त स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन एवं कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की प्रेरणा से आयोजित वार्षिक खेल सप्ताह मेराकी के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में प्रतियोगिताओं का आयोजन अत्यंत उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। प्रतिभागियों ने अनुशासन और सौहार्द का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



आज आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा, जिसमें विजेता टेक्नोलॉजी स्कूल की टीम एवं उपविजेता ग्लोकल लॉ स्कूल की टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। बैडमिंटन (छात्र वर्ग) में आयुर्वेद कॉलेज के अभिनव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि टेक्नोलॉजी कॉलेज के सायम द्वितीय स्थान पर रहे।

कबड्डी के फाइनल मुकाबले में ग्लोकल लॉ स्कूल की टीम विजेता रही तथा पैरामेडिकल कॉलेज की टीम उपविजेता घोषित हुई। टग ऑफ वॉर (छात्रा वर्ग) में भी प्रतिभागियों ने अद्भुत समन्वय और शक्ति का प्रदर्शन करते हुए प्रथम आयुर्वेद कॉलेज एवं द्वितीय स्थान यूनानी कॉलेज ने प्राप्त किया।

छात्रा वर्ग के मुकाबले विशेष रूप से रोमांचक रहे, जहाँ प्रतिभागियों ने सशक्त रक्षात्मक एवं आक्रामक रणनीतियों का प्रदर्शन किया। छात्र वर्ग में भी प्रतिस्पर्धा अत्यंत कड़ी रही, जिसमें खिलाड़ियों की फुर्ती, संतुलन, तकनीकी दक्षता एवं टीम भावना दर्शनीय रही।

इस अवसर पर कार्यकारी समिति के सदस्य जमीरुल इस्लाम, डॉ. शोभा त्रिपाठी, बिलाल अहमद, जोगिंदर रोहिला सहित क्रिकेट प्रतियोगिता के फैकल्टी कोऑर्डिनेटर सलमान, डॉ. जावेद, डॉ. असगर अली, बैडमिंटन कोऑर्डिनेटर अनुराग, इरशाद, कबड्डी और टग आफ वार कोऑर्डिनेटर शशांक, डॉ असगर अली, डॉ इमलाक उपस्थित रहे।

एम्पायर मंडल में डॉ. मोहम्मद वाजिद खान, शहजाद आलम, अमजद, एवं शबनम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कमेंटेटर के रूप में मुस्तहाब चौधरी, नूर आलम एवं असजद चौधरी ने आयोजन को और भी रोचक बनाया।

खेल प्रतिनिधि सयान शाहिदी, अफजल, कार्यक्रम अध्यक्ष समसुद्दीन तथा छात्र अधिकारीगणख्रमुदस्सिर पटेल,अनस, अभिषेक, परवेज, अहकाम, एलीना, सलमा, कोमल एवं डीएसडब्ल्यू टीम सहित विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षकगण, अधिकारीगण एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को सफल बनाया।

# सड़क हादसे में घायल की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सडक हादसे में घायल हुए व्यक्ति की देहरादून के एक अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गयी। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं परिजनों ने किसी प्रकार की कानूनी कार्यवाही करने से इंकार कर दिया। जिसके बाद नम आंखों के बीच मृतक के शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

ज्ञात हो कि शुक्रवार को कस्बा चिलकाना के मोहल्ला जाकिर हुसैन निवासी हाजी तासीन पुत्र यामीन अपनी मोटरसाईकिल पर सवार होकर सहारनपुर से चिलकाना आ रहा था। जैसे ही वह गांव दमकडी जाने वाले कच्चे पक्के रास्ते के निकट पहुंचा तो सड़क हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल को राहगीरों द्वारा जिला अस्पताल भर्ती कराया गया था जहां चिकित्सकों द्वारा उसकी गंभीर हालत के चलते हायर सैंटर रैफर कर दिया गया था।

परिजन घायल को देहरादून के एक अस्पताल में ले गये, जहां पर शनिवार की सुबह हाजी तासीन की उपचार के दौरान मौत हो गयी। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने किसी प्रकार की कानूनी कार्यवाही करने से इंकार करते हुए देर शाम के समय शव को रिश्तेदारों व नगर के गणमान्य लोगों की मौजूदगी में सुपुर्दे खाक कर दिया।


# अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज अंकुर का स्वागत

## एशियन राइफल पिस्टल चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जीता स्वर्ण व रजत पदक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज अंकुर गोयल ने एशियन राइफल पिस्टल चैंपियनशिप 2026 में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण व कांस्य पदक जीते। उनका नगर आगमन पर स्वागत किया गया।

अंकुर गोयल ने सेंटर फायर 25 मीटर इवेंट में टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक तथा व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश और जनपद का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के पश्चात नगर आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उनके पिता एडवोकेट दिनेश कुमार गोयल, ताऊजी चंद्रभान गोयल, पत्नी शबनम कुमारी, पुत्र ग्रैंड मास्टर प्रणव गोयल, पुत्र राघव गोयल, अमित छाबड़ा, शुभम शर्मा, विंदुल शर्मा, अमित मित्तल, विनोद आर्य एवं विख्यात निशानेबाज अमित पुंडीर, फैसल नवाब, मो उमर, अफजल अहमद, राव तल्हा फरहत, सैयद रेहान सहित समाज के सभी



गणमान्य लोगों व खेल प्रेमियों द्वारा पुष्पवर्षा एवं शुभकामनाओं के साथ अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज स्वर्ण व कांस्य पदक विजेता अंकुर गोयल जोरदार अभिनंदन किया गया।

# सोमवार को आएंगे क्षेत्रीय अध्यक्ष तिरसपाल: चौ नीरपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष तिरसपाल मलिक का सहारनपुर आगमन पर स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा।



चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि रालोद के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष तिरसपाल मलिक सोमवार 16 फरवरी को सहारनपुर आ रहे हैं,जिनका दिल्ली रोड पार्टी कार्यालय पर प्रातः 11 बजे रालोद कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया जाएगा। तिरसपाल मलिक क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रथम बार सहारनपुर आ रहे है। साथ साथ ही उन्हें क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी हाईकमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का आभार प्रकट किया जाएगा।

चौधरी नीरपाल सिंह ने सभी रालोद के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि स्वागत समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का कष्ट करें।

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने निकाली रैली




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गुरु नानक इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा ग्राम चक्र आदमपुर के विशेष कैंप में पर्यावरण सुरक्षा व, पौधारोपण कार्यक्रम किया गया।

अतिथि के रूप में सोनवीर सिंह डीजीसी व प्रधानाचार्य मोहन सिंह चौहान उपस्थित रहे। सोमवीर सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया गया। उसके बाद स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम में घर-घर जाकर पर्यावरण के बारे में लोगों को जागरूक किया गया उनको यह भी बताया गया कि पर्यावरण की रक्षा करना केवल सरकार का ही नहीं बल्कि हम सभी की जिम्मेदारी है क्योंकि इससे ही मानवता का भविष्य सुरक्षित है उसके बाद सोमवीर सिंह व प्रधानाचार्य मोहन सिंह द्वारा पौधारोपण किया गया।

कार्यक्रम में मनोज कुमार, दिग्विजय सिंह, नरेंद्र शर्मा व स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# कस्बे में सजाए गए मंदिर

**गंगोह।** महा शिव रात्रि को लेकर मंदिरों में सजावट कर दी गई है। रविवार को जलाभिषेक होने के कारण शनिवार को सैंकड़ों कावडिए नगर को होकर अपने गंतव्य की और बढ़ गए।

शिव रात्रि को लेकर शिव मंदिरों में कई दिन से तैयारियां चल रही थी। गुड़छप्पर, बरसी, शिव चौक, महादेव कुटी, पुरूषार्थी धर्मशाला, बड़ा शिवालय, सर्राफ बाजार स्थित शिव मंदिर आदि मंदिरों में सजावट का काम कर लिया गया है। शनिवार को शिव मंदिर जगमगा उठे। बाजार में व्रत की सामग्री की बिक्री भी आरंभ हो गई है। पर्व को लेकर बाजार में भी चहल-पहल रोजाना से कुछ ज्यादा रही। मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ के आयोजनों की तैयारियां भी पूरी कर ली गई है। पुरूषार्थी धर्मशाला शिव मंदिर में रात्रि जागरण में भगवान शिव का गुणगान भी होगा। शिव रात्रि पर्व को देखते हुए कावड़ लाने वालों का सिल. सिला भी तेज हो गया। दौलतपुर यमुना पुल आवागमन चल रहा है। इसलिए इस बार कावंडियों ने इस मार्ग पर आवाजाही बढ़ा दी है। रास्ते में अनेक स्थानों पर सेवा शिविर भी लगाए गए। इन शिविरों में सैंकड़ों शिव भक्त रात्रि में विश्राम करने को ठहरे। सुबह हर-हर, बम-बम के उद्घोष के साथ कावडिए अपने गंतव्य की और रवाना हो गए। अधिकतर कावडिए हरियाणा की और रवाना हो गए है।

# ओलम्पियाड के पदक विजेता सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर के एम. आर. एस एकेडमी स्कूल में ओलम्पियाड पदक विजेताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।




नवादा रोड स्थित स्कूल परिसर में आयोजित ओलंपियाड पदक वितरण समारोह में इंडियन हाउस की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना अग्रवाल, पार्षद संजय सैनी, श्रीमती रेणू शर्मा, प्रबंधक विनीत कुमार सैनी, श्रीमती सुनीता सैनी और प्रधानाचार्या श्रीमती अंबिका जाम्वाल ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को गोल्ड, सिल्वर और कांस्य पदक प्रदान किए। इस, ओलंपियाड में 119 छात्र छात्राओं ने पदक जीते। जिसमे 21 छात्र छात्राएं जिला स्तर से राज्य-स्तरीय परीक्षा के लिए चयनित हुए।

इंडियन हाउस की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना अग्रवाल ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है और स्कूल की ओर से उन्हें गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देकर आगे बढाया जा रहा है जो कि एक अच्छा कदम है।

प्रबंधक विनीत कुमार सैनी ने कहा कि हमारा उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से बच्चों को उज्जवल भविष्य प्रदान करना है, ताकि वह बडे होकर अपने स्कूल, माता पिता और जनपद का नाम रोशन कर सके।

गोल्ड पदक के साथ 600, सिलवर विजेताओं को 500 तथा कांस्य पदक विज. ेताओं को 400 रुपये का बाउचर प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# भारतीय संस्कृति बचाए रखना चुनौती: डा.अशोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भगवती देवी मेमो. रियल पब्लिक स्कूल में श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा मातृ पितृ पूजन का कार्यक्रम बड़ी भव्यता के साथ मनाया गया

पूजा कार्यक्रम में विशेष रूप से लक्ष्य मलिक ने अपने पिता शिक्षक नेता डॉक्टर अशोक मलिक कुमारी वंशिका मलिक ने श्रीमती सुषमा मलिक गुरु इकबाल पुत्र श्रीमती बलजीत कौर कुमारी सिमरन की माता गीता भारत पुत्र प्रिया कवातरा कृष्णा अंशुल श्रीमती कुसुम नारायण पुत्र श्रीमती सरिता राधिका पुत्री श्रीमती आशा कुमारी अवनी श्रीमती निरमा विहान पुत्र श्रीमती मंजू कुमारी लक्ष्मी पुत्री भावना कुमारी अविका अन्य पुत्री श्रीमती मीनू देवी आदि बच्चों ने माता-पिता की पूजा अर्चना की।प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक मलिक ने कहा कि आज भारतीय संस्कृति और सभ्यता को बचाए रखना एक चुनौती है।



इस अवसर पर श्री योग वेदानत सेवा समिति के सेवादारो में राजेश्वर सैनी डॉक्टर सुशील धीमान धनुराम शर्मा एस कंबोज रविंदर धीमान यशपाल सुशील कुमार श्रीमती शशि बाला श्रीमती पूनम सैनी का विशेष सहयोग रहा

इस अवसर पर संघ के मंडल अध्यक्ष अशोक सैनी महामंत्री हंस कुमार श्रीमती सरिता डिंपल चौधरी श्रीमती मीनू श्रीमती मंजू रविंद्र शरद अनंत वैभव अनिल सचदेवा अमरीश शर्मा हरेंद्र कुमार जोरा सिंह कुमारी शिवानी कुमारी मुस्कान श्रीमती सुनीता देवी और राजन डबराल आदि उपस्थित रहे।

# प्रथम स्थान पाने वाले पुरस्कृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 'मीना मंच' की योजना 'सेल्फ स्टीम' के अंतर्गत प्रगति-स्वाभिमान और सफलता की ओर 2.0" थीम पर बाल उत्सव का आयोजन किया गया।



शुभारंभ मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी कु. कोमल, नीरज एवं नगर शिक्षा अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) श्रीमती श्रेया के नेतृत्व में जनपद के सभी ब्लॉकों के नोडल अधिकारी, मीना मंच की सुगमकर्ता एवं 'सेल्फ स्टीम' के मास्टर ट्रेनर्स ने सहभागिता की। थीम के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर चयनित 'दस बदलाव की कहानी' तथा 'दस कॉमिक्स बुक्स' का प्रदर्शन किया गया। मीना मंच की छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक चार्ट्स एवं प्रभावी प्रस्तुतियाँ देकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मेयर डॉ. अजय कुमार ने बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। अंत में बीएसए द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा प्रथम पाँच स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत किया गया। अधिकारियों एवं शिक्षकों ने आगामी मंडल स्तरीय कार्यक्रमों को और अधिक सफल बनाने का आह्वान किया।

# माता पिता पूजन दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** गांव रादौर के कई विद्यालयों में वैलेंटाइन डे को माता-पिता पूजन दिवस के रूप में मनाया गया।

योग वेदांत समिति के द्वारा आर्य वैदिक इंटर कॉलेज, गीता विद्या मंदिर, भारत विद्यापीठ परिसर में आयोजित कार्यक्रम में माता-पिता सम्मान दिवस धूमधाम से मनाया गया। गणेश वंदना एवं पूजा अर्चना की गई।

आरएसएस के खंड व्यवस्था प्रमुख योगेश चौधरी ने बच्चों को माता-पिता के पैर छूना, गुरु की पूजा एवं सम्मान करना बड़ों तथा अतिथियों का सत्कार करना सबसे बड़ा धर्म बताया। विजयपाल, राहुल कुमार, मास्टर नाथीराम, रामकुमार, सोनू कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# बीएसएफ ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा से करोड़ों की हेरोइन बरामद

■ प्रत्येक पैकेट में हेरोइन जैसा मादक पदार्थ पाया गया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ संयुक्त अभियान में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट करोड़ों रुपये की हेरोइन बरामद की है। यह नशीला पदार्थ जम्मू के रणबीर सिंह पुरा (आरएस पुरा) सेक्टर में ड्रोन के माध्यम से गिराए जाने की आशंका है।

आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए जम्मू पुलिस और बीएसएफ ने जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास लगभग 40 करोड़ रुपये मूल्य की बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई है कि यह खेप ड्रोन के जरिए गिराई गई थी। बीएसएफ से अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध ड्रोन गतिविधि की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जम्मू कश्मीर पुलिस और बीएसएफ ने शुक्रवार देर रात को संयुक्त रूप से घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि यह अभियान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट आरएस पुरा सेक्टर के बासपुर क्षेत्र के नई बस्ती करोटाना में चलाया गया। शनिवार सुबह तलाशी के दौरान नई बस्ती करोताना स्थित गेहूं के खेत से पीले रंग के दो पैकेट बरामद किए गए। बरामद सामग्री के पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भारतीय क्षेत्र में गिराए जाने की आशंका है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पैकेट में हेरोइन जैसा मादक पदार्थ पाया गया है।

# अमेरिका ने दुनिया के सबसे बड़े युद्धपोत को मिडिल-ईस्ट भेजा

## वेनेजुएला में ऑपरेशन में शामिल था यूएस जेराल्ड आर. फोर्ड, ईरान से तनाव के बीच दूसरा एयरक्राफ्ट कैरियर रवाना हुआ



■ ईरान को डराकर उसकी परमाणु नीति नहीं बदली जा सकती और अमेरिका की मंशा पर हमें भरोसा नहीं: ईरानी विदेश मंत्री

**वाशिंगटन।** अमेरिका मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहा है। अमेरिका अब अपना सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर यूएस जेराल्ड आर. फोर्ड वहां भेज रहा है। यह एक न्यूक्लियर-पावर्ड कैरियर एयरक्राफ्ट है। रायटर्स को दो अमेरिकी अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ रहा है।

अधिकारी के मुताबिक, जेराल्ड को मिडिल ईस्ट पहुंचने में एक हफ्ता लगेगा। वहां पहले से अब्राहम लिंकन कैरियर और दूसरे युद्धपोत तैनात हैं। जेराल्ड अपने साथी जहाजों के साथ कैरिबियन सागर में तैनात था। यह इस साल वेनेजुएला में हुए अमेरिकी अभियानों में हिस्सा ले चुका है। इसके अलावा हाल के हफ्तों में कई गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रायर, फाइटर जेट और निगरानी विमान भी मिडिल ईस्ट में भेजे गए हैं। अमेरिका का यूएस जेराल्ड आर. फोर्ड दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट है। अमेरिकी नौसेना के पास कुल सिर्फ 11 एयरक्राफ्ट कैरियर हैं, इसलिए ये बहुत कीमती संसाधन हैं और इनकी तैनाती का कार्यक्रम पहले से तय होता है। पिछले साल जून में ईरान के न्यूक्लियर साइट्स पर हमलों के समय भी अमेरिका के पास क्षेत्र में दो कैरियर थे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस हफ्ते कहा था कि अगर ईरान के साथ कोई समझौता नहीं हुआ तो वे दूसरा कैरियर भेजने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले एक महीने में ईरान के साथ समझौता हो सकता है, नहीं तो स्थिति बहुत गंभीर और दर्दनाक हो सकती है। जेराल्ड आर. फोर्ड पिछले साल जून से लगातार समुद्र में तैनात है। इसे पहले यूरोप में तैनात होना था, लेकिन नवंबर में अचानक इसे कैरेबियन सागर में भेज दिया गया। आमतौर पर एयरक्राफ्ट कैरियर की तैनाती नौ महीने की होती है, लेकिन सैन्य गतिविधि बढ़ने पर इसे बढ़ाया भी जाता है। फोर्ड परमाणु रिएक्टर से संचालित है और इसमें 75 से ज्यादा सैन्य विमान तैनात किए जा सकते हैं। इनमें एफ-18 सुपर हार्नेट फाइटर जेट और ई-2 हाकआई जैसे अर्ली वार्निंग विमान शामिल हैं। इसमें अत्याधुनिक रडार सिस्टम भी लगा है, जो हवाई यातायात और नेविगेशन को नियंत्रित करने में मदद करता है। अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन ने बुश एयरक्राफ्ट कैरियर को भेजने पर भी विचार किया था। हालांकि वह अभी सर्टिफिकेशन प्रक्रिया में है और उसे मिडिल ईस्ट पहुंचने में एक महीने से ज्यादा समय लग जाता। ट्रम्प ने फरवरी की शुरुआत में एक अलग इंटरव्यू में कहा था कि ईरान के साथ स्थिति अभी बदल रही है। उन्होंने दावा किया कि ईरान अब बातचीत के लिए तैयार हो सकता है। ट्रम्प ने कहा कि 'ईरान के पास वेनेजुएला से बड़ा आर्मडा (बेड़ा) है।

### यूरेनियम संवर्धन समझौते का मुद्दा नहीं: ईरान

**ईरान** को डराकर उसकी परमाणु नीति नहीं बदली जा सकती और अमेरिका की मंशा पर हमें भरोसा नहीं है। अराघची ने साफ कहा था कि यूरेनियम संवर्धन ईरान के लिए किसी भी हालत में समझौते का मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी देश को यह अधिकार नहीं है कि वह ईरान को बताए कि उसे क्या करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य तैनाती ईरान को डराने में नाकाम रहेगी। उन्होंने दोहराया कि ईरान ऐसा कोई समझौता नहीं करेगा जो उसकी आजादी और सम्मान के खिलाफ हो। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर प्रतिबंधों में राहत मिलती है तो ईरान भरोसा बढ़ाने वाले कुछ कदमों पर विचार कर सकता है, लेकिन यह सब आपसी सम्मान पर निर्भर करेगा। अमेरिकी जंगी जहाज यूएसै अब्राहम लिंकन अरब सागर में ईरान पहुंच चुका है। ईरान के कई शहर इसकी स्ट्राइक रेंज में हैं।

# भारत से रिश्तों में बांग्लादेश का हित जरूरी: तारिक रहमान

## बीएनपी अध्यक्ष ने कहा: आज से सभी आजाद, लोगों ने मुश्किलें उठाकर लोकतंत्र का रास्ता बनाया



■ भारत-बांग्लादेश रिश्तों से जुड़े सवाल पर कहा कि हम बांग्लादेश के हितों को सबसे ऊपर रखेंगे

**ढाका।** बांग्लादेश आम चुनाव में जीत के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष तारिक रहमान ने शनिवार को पहली बार मीडिया से बात की। उन्होंने भारत-बांग्लादेश रिश्तों से जुड़े एक सवाल पर कहा कि हम बांग्लादेश के हितों को सबसे ऊपर रखेंगे। तारिक रहमान ने देशवासियों से एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि रास्ते और विचार अलग हो सकते हैं, लेकिन देश के हित में सभी को साथ रहना होगा। उनके मुताबिक, राष्ट्रीय एकता ही देश की ताकत है और बंटवारा कमजोरी। तारिक ने कहा कि आज से देश में सच्चे अर्थों में आजादी और अधिकार बहाल हुए हैं। उन्होंने बांग्लादेश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि लोगों ने सभी मुश्किलों को पार कर देश में लोकतंत्र की राह बनाई है। बीएनपी अध्यक्ष ने कहा कि देश अब एक नई शुरुआत करने जा रहा है, लेकिन उसे कमजोर अर्थव्यवस्था, कमजोर संविधान और खराब कानून-व्यवस्था जैसी चुनौतियों का सामना करना होगा। तारिक रहमान ने कहा कि डेढ़ दशक से ज्यादा समय बाद जनता के सीधे वोट से ऐसी संसद और सरकार बनी है, जो लोगों के लिए जवाबदेह होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी बुरी ताकत को दोबारा तानाशाह बनने से रोकने और देश को बचाने के लिए सभी को एकजुट रहना होगा और जनता की इच्छा का सम्मान करना होगा। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में कुल 51 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया। रिजल्ट चाहे जो भी रहे हों, सभी पार्टियों को बधाई। तारिक ने कहा कि लोकतांत्रिक सिस्टम में राजनीतिक दल ही लोकतंत्र की असली ताकत होते हैं। अगर सरकार और विपक्ष दोनों अपनी-अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएं, तो देश में लोकतंत्र मजबूत होगा। आखिर में उन्होंने चुनाव में हिस्सा लेने वाले सभी राजनीतिक दलों से राष्ट्र निर्माण की प्रोसेस हिस्सा लेने और सुझाव देने की अपील की। बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बीएनपी ने बड़ी जीत दर्ज की है। प्रथोम ओलो के मुताबिक बीएनपी+गठबंधन ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल की। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को 77 सीटें मिलीं। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनेगी। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। तारिक रहमान की जीत पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेरे भाई तारिक, उनकी टीम और बाकी सभी को बधाई। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में पूर्व पीएम शेख हसीना और खालिदा जिया का दबदबा रहा। ये दोनों ही प्रधानमंत्री बनती रहीं। चुनाव परिणाम के बाद तारिक रहमान ने शुक्रवार को मस्जिद में नमाज अदा की और अपने माता-पिता को श्रद्धांजलि दी। तारिक रहमान पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे हैं। उन्होंने 1988 में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) जाइन की। 2001 के चुनाव में संगठनात्मक काम से उन्हें पहचान मिली, लेकिन 2006 के बाद उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे और 2007 में उन्हें गिरफ्तार किया गया। 2008 में इलाज के लिए वे लंदन चले गए और करीब 17 साल तक देश से बाहर रहे। इस दौरान वे पार्टी के सीनियर उपाध्यक्ष और बाद में कार्यकारी अध्यक्ष बने। उन पर कई मामले दर्ज हुए, लेकिन बाद में अदालतों ने उन्हें बरी कर दिया। पिछले साल वे बांग्लादेश लौटे और मां के निधन के बाद पार्टी की कमान संभाली। हालिया चुनाव में बीएनपी की जीत के बाद तारिक रहमान अब देश के प्रधानमंत्री पद के प्रमुख दावेदार बन गए हैं।

### पीएम के अधिकार सीमित, बढ़ेगी राष्ट्रपति की ताकत

**ढाका।** बांग्लादेश में 13वां आम चुनाव इस लिहाज से काफी अलग था कि लोगों ने सिर्फ नई सरकार चुनने के लिए ही वोट नहीं डाला बल्कि यह फैसला भी सुनाया कि सत्ता की राजनीति का स्वरूप क्या होना चाहिए। इसके बाद देश में राष्ट्रपति की ताकत बढ़ना तय माना जा रहा है। दरअसल, लोगों ने जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह का बड़े पैमाने पर समर्थन करके जता दिया है कि नए प्रधानमंत्री के अधिकार सीमित होने चाहिए और संसद में ऊपरी सदन की व्यवस्था भी होनी चाहिए। बांग्लादेश में संसदीय चुनाव के साथ एक जनमत संग्रह भी कराया गया। इसमें लोगों से पूछा गया था कि वे जुलाई चार्टर को लागू करने में पक्ष में हैं या नहीं। ताजा नतीजों के मुताबिक, वोट देने वालों में से 68 फीसदी से अधिक लोगों ने इस पर सहमति जताई। दो दिग्गज महिला राजनेताओं शेख हसीना व खालिदा जिया के सियासी परिदृश्य से बाहर होने के बाद हुए इस चुनाव में लोगों ने जिस जुलाई चार्टर का खुलकर समर्थन किया, उसमें यह भी कहा गया है कि संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई जानी चाहिए। जुलाई चार्टर सांविधानिक बदलावों पर अमल करने के जुड़ा 28 पृष्ठ का एक राजनीतिक समझौता है जिस पर 25 राजनीतिक दलों और मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने हस्ताक्षर किए थे।

### बांग्लादेश में देशी बम बनाने के दौरान धमाका, 2 मरे

**ढाका।** बांग्लादेश के चापाइनवाबगंज जिले में शनिवार सुबह करीब 5 बजे देशी बम बनाते समय विस्फोट हो गया। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। घटना चर बगडांगा यूनियन के पाथापाड़ा गांव की है। सदर पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी नुरे आलम ने बताया कि घर के अंदर कथित तौर पर देशी बम तैयार किए जा रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज धमाका हुआ। मृतकों की पहचान तत्काल नहीं हो सकी है। घायलों की पहचान पाथापाड़ा गांव के मिनहाज (52) और बाजलुर रहमान (20), तथा रानीहाटी के धूमी गांव निवासी मोहम्मद शुवो (20) के रूप में हुई है। सभी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि मकान की ईंटों की दीवारें ढह गई और टिन की छत उड़कर दूर जा गिरी। आसपास के इलाके में भी अफरातफरी मच गई। पुलिस ने क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी है। यह पता लगाया जा रहा है कि विस्फोटक सामग्री किस उद्देश्य से तैयार की जा रही थी।

# ईरान में सत्ता परिवर्तन सबसे अच्छी बात होगी: ट्रम्प

■ ट्रम्प ने ये टिप्पणियां उत्तरी कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग में सैनिकों से मुलाकात के तुरंत बाद कीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान में सत्ता परिवर्तन 'सबसे अच्छी बात होगी जो हो सकती है'। जो देश के धार्मिक नेतृत्व को हटाने के समर्थन में उनके अब तक के सबसे स्पष्ट बयानों में से एक को दर्शाता है।

ट्रम्प ने ये टिप्पणियां उत्तरी कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग में सैनिकों से मुलाकात के तुरंत बाद कीं और इससे पहले दिन में उन्होंने पुष्टि की थी कि वह मध्य पूर्व में दूसरा विमानवाहक पोत समूह तैनात कर रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने चेतावनी दी कि ईरान के साथ परमाणु समझौता न होने पर 'बेहद भयावह' परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने अतीत के सैन्य हमलों और संभावित परिणामों का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ हमें समझौता करना ही होगा, अन्यथा यह बेहद-बेहद भयावह होगा। उन्हें पहली बार में ही समझौता कर लेना चाहिए था लेकिन उन्हें इसके बजाय 'मिडनाइट हैमर' मिला। उन्होंने दशकों की कूटनीति की आलोचना करते हुए कहा कि पिछले 47 वर्षों से वे सिर्फ बातें करते रहे हैं। इस बीच हमने बहुत सी जानें गंवाई हैं-पैर, हाथ, चेहरे सब उड़ गए। यह संघर्ष बहुत लंबा चल रहा है। उन्होंने पुष्टि की कि वे पश्चिम एशिया में दूसरा विमानवाहक पोत भेज रहे हैं और कहा कि अगर इस्लामिक गणराज्य के साथ हमारा कोई समझौता नहीं होता। जब उनसे पूछा गया कि ईरान का नेतृत्व कौन संभालेगा, तो उन्होंने कहा कि कुछ लोग हैं लेकिन कोई विशिष्ट जानकारी नहीं दी।ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अभी तक राष्ट्रपति ट्रम्प की टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ उनकी मुलाकात के बाद कोई संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग नहीं हुई, मुलाकात का एकमात्र रिकॉर्ड ओवल ऑफिस में हाथ मिलाना था, जिसे इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा वितरित किया गया। सोशल मीडिया ट्रुथ पर ट्रम्प के बयान में निरंतर वार्ता की उनकी इच्छा पर जोर दिया गया, जो प्रधानमंत्री नेतन्याहू के परमाणु समझौते के विरोध और ईरान के खिलाफ सैन्य विकल्पों पर चर्चा करने में उनकी कथित रुचि के विपरीत था। ट्रम्प ने अपनी विदेश नीति के रिकॉर्ड का भी बखान किया, यह दावा करते हुए कि उन्होंने कहा कि 10 महीनों में आठ युद्ध समाप्त किए और रूस-यूक्रेन संघर्ष को 'सबसे कठिन' बताया।



श्रीनगर। शालीमार परिसर में एसकेयूएएसटी-के द्वारा आयोजित कृषि-तकनीक मेले 'गोंगुल' में एक उद्यमी पिरामिड के आकार के स्टॉल में कश्मीरी सेबों को सजाते हुए।

### रूस के साथ रिश्ते टूटने की वजह से फिनलैंड मुश्किल में है: कुजनेत्सोव

**हेलेंस्की।** फिनलैंड में रूस के राजदूत पावेल कुजनेत्सोव ने कहा है कि रूस के साथ संबंध टूटने के कारण फिनलैंड संकट का सामना कर रहा है। देश में रिकॉर्ड बेरोजगारी, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में शून्य वृद्धि, तेजी से बढ़ता राज्य ऋण और बजट घाटा बहुत ज्यादा है। कुजनेत्सोव ने कहा कि फिनलैंड अपने आधुनिक इतिहास के सबसे कठिन दौर में से एक से गुजर रहा है।

# वेनेजुएला में सीक्रेट हथियार का इस्तेमाल किया: ट्रम्प

## रूस-चीन के डिफेंस सिस्टम फेल हो गए, अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा: एक दिन सब पता चलेगा



■ अमेरिकी राष्ट्रपति का दावा: वेनेजुएलाई सैनिकों को एक भी गोली चलाने का मौका नहीं मिला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला में 3 जनवरी को हुए सैन्य ऑपरेशन में अमेरिका ने एक सीक्रेट हथियार का इस्तेमाल किया। ट्रम्प के मुताबिक इस हथियार की वजह से रूस और चीन के डिफेंस सिस्टम काम नहीं कर पाए। नार्थ कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग सैन्य बेस पर सैनिकों को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने इस हथियार को 'डिसकम्बोबुलेटर' कहा।

हालांकि उन्होंने इसके बारे में ज्यादा जानकारी देने से इन्कार किया। ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएलाई सैनिकों को एक भी गोली चलाने का मौका नहीं मिला। रूसी उपकरण काम नहीं किए। चीनी उपकरण काम नहीं किए। सब यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि ऐसा क्यों हुआ। एक दिन आपको इसके बारे में पता चलेगा। यह पहली बार है जब ट्रम्प ने किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में इस सीक्रेट हथियार का जिक्र किया है। इससे पहले वह एक बार जिक्र कर चुके थे। पिछले हफ्ते न्यूयार्क पोस्ट को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि मुझे इसके बारे में बात करने की अनुमति नहीं है। लेकिन इतना बता दूं, सब कुछ गड़बड़ा दिया गया था। अमेरिकी जाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन एयर फोर्स जनरल डैन केन के मुताबिक, वेनेजुएला पर हमले के लिए 20 ठिकानों से 150 से ज्यादा विमानों ने उड़ान भरी। इनमें बाम्बर्स, फाइटर जेट, इंटेलिजेंस और सर्विलांस प्लेटफार्म शामिल थे। इस ऑपरेशन में अमेरिकी सैनिक रात के अंधेरे में हेलीकॉप्टर से वेनेजुएला की राजधानी कराकास पहुंचे। उन्होंने भारी सुरक्षा के बीच तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार किया। वेनेजुएला के अधिकारियों के मुताबिक, हमले की शुरुआत अमेरिकी बमबारी से हुई थी, जिसमें सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इस कार्रवाई में 83 लोगों की मौत हुई और 112 से ज्यादा लोग घायल हुए। ट्रम्प ने बताया कि किसी भी अमेरिकी सैनिक की मौत नहीं हुई, लेकिन तीन हेलिकॉप्टर पायलट घायल हुए हैं। अमेरिका पर वेनेजुएला में सोनिक हथियार इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इस ऑपरेशन के दौरान अमेरिकी सेना ने एक बेहद शक्तिशाली और अब तक न देखे गए हथियार का इस्तेमाल किया, जिससे वेनेजुएला के सैनिक पूरी तरह बेबस हो गए थे। एक वेनेजुएलाई सिक्योरिटी गार्ड ने पिछले महीने बताया कि ऑपरेशन शुरू होते ही उनके सभी रडार सिस्टम अचानक बंद हो गए। इसके कुछ ही सेकेंड बाद उन्होंने आसमान में बड़ी संख्या में ड्रोन उड़ते देखे। गार्ड के मुताबिक, उन्हें समझ ही नहीं आया कि इस हालात में क्या किया जाए। गार्ड ने आगे दावा किया कि ऑपरेशन के दौरान अमेरिकी सेना ने एक सीक्रेट इक्विपमेंट का इस्तेमाल किया। यह किसी बहुत तेज आवाज या तरंग (साउंड वेब) जैसा था। इसके तुरंत बाद उसे ऐसा महसूस हुआ जैसे उसका सिर अंदर से फट रहा हो। कई सैनिकों की नाक से खून बहने लगा और कुछ को खून की उल्टियां हुईं। सभी सैनिक जमीन पर गिर पड़े और कोई भी खड़ा होने की हालत में नहीं था।

# यूरोप की आजादी की गारंटी नहीं: फेडरिक मर्ज

## जर्मन चांसलर मर्ज बोले: अमेरिका से रिश्तों में गहरी दरार, नियमों से चलने वाली दुनिया खत्म



■ दुनिया अब बड़ी शक्तियों की प्रतिस्पर्धा से चल रही है, सम्मेलन में कई यूरोपीय नेता और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद रहे

**म्यूनिख।** जर्मनी के चांसलर फेडरिक मर्ज ने कहा है कि यूरोप की आजादी की अब गारंटी नहीं है। मर्ज के मुताबिक यूरोप अब यह मानकर नहीं चल सकता कि उसे अपने-आप सुरक्षा मिलती रहेगी। म्यूनिख में सिक्योरिटी कान्फ्रेंस (एमएससी) को संबोधित करते हुए मर्ज ने माना कि यूरोप और अमेरिका के रिश्तों में गहरी दरार आ गई है।

उन्होंने कहा कि नियमों से चलने वाली दुनिया खत्म हो गई है, वैश्विक व्यवस्था अब उस रूप में मौजूद नहीं रही। मर्ज ने कहा कि दुनिया अब बड़ी शक्तियों की प्रतिस्पर्धा से चल रही है। सम्मेलन में कई यूरोपीय नेता और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद रहे। फेडरिक मर्ज ने जर्मनी के म्यूनिख में 13 से 15 फरवरी तक हो रहे म्यूनिख सिक्योरिटी कान्फ्रेंस को संबोधित किया। मर्ज ने कहा कि सेकेंड वर्ल्ड वार के बाद जो वैश्विक व्यवस्था बनी थी, वह अब खत्म हो गई है। उन्होंने बताया कि उस समय देश आपसी नियमों और समझ के आधार पर काम करते थे, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। मर्ज ने कहा कि ऐसे माहौल में यूरोप यह मानकर नहीं चल सकता कि उसकी सुरक्षा और आजादी अपने-आप बनी रहेगी। यूरोपीय देशों को अब ज्यादा जिम्मेदारी लेनी होगी। जरूरत पड़े तो त्याग भी करना होगा और अपनी रक्षा व अर्थव्यवस्था खुद मजबूत करनी होगी। मर्ज के मुताबिक, अब फैसले साझा नियमों से नहीं, बल्कि ताकत और अपने-अपने हितों के आधार पर लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, मर्ज ने कहा कि आज की दुनिया में अमेरिका भी अकेले नहीं चल सकता। उनके मुताबिक, अब हालात ऐसे हो गए हैं कि कोई भी बड़ी ताकत अपने दम पर हर चुनौती का सामना नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि महाशक्तियों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के इस दौर में अमेरिका को भी सहयोगियों की जरूरत है। सुरक्षा, रक्षा, तकनीक और व्यापार जैसे बड़े मुद्दों पर साझेदारी जरूरी है। सिर्फ ताकत के भरोसे आगे बढ़ना अब संभव नहीं है। मर्ज ने साफ किया कि नाटो सिर्फ यूरोप के लिए नहीं, बल्कि अमेरिका के लिए भी फायदेमंद है। यह गठबंधन दोनों पक्षों को मजबूत बनाता है। इसलिए उन्होंने कहा कि आइए, हम मिलकर ट्रांस-अटलांटिक भरोसे को फिर से मजबूत करें। मर्ज के मुताबिक, यूरोप नाटो के भीतर ही एक मजबूत ताकत बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है, ताकि साझेदारी बराबरी की हो। मर्ज ने पिछले साल म्यूनिख में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के बयान का जिक्र करते हुए उन पर खुलकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मेगा आंदोलन की सांस्कृतिक लड़ाई हमारी नहीं है।

### अमेरिका में विमान हादसे में चार की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कोलोराडो के एमराल्ड पहाड़ी के एक दूर-दराज के इलाके के पास एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके कारण चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अखबार स्काई-हाई न्यूज ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में राउट काउंटी शेरिफ डग शेरार के हवाले से कहा गया कि यह हादसा गुरुवार रात को हुआ। मरने वालों के शव उसी रात बरामद कर लिए गए और अब उनकी पहचान की जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त विमान एपिक विमान ई1000 था और यह हादसा आधी रात के करीब हुआ। इसके उघन सारणी का पता नहीं चल पाया है। हालांकि, रिपोर्ट में बताया गया है कि दुर्घटनाग्रस्त विमान स्टीमबोट स्प्रिंग्स शहर में बॉब एडम्स हवाई अड्डा के पास उड़ रहा था।

# अमेरिका में लापता भारतीय छात्र की तलाश के लिए अभियान तेज

■ स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाले भारतीय विद्यार्थी के परिवार के साथ लगातार संपर्क में है

**बेंगलुरु।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कर्नाटक निवासी 22 वर्षीय विद्यार्थी साकेत श्रीनिवासैया के लापता होने पर गहरी चिंता जताई है। दूतावास ने कहा है कि वह स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाले भारतीय विद्यार्थी के परिवार के साथ लगातार संपर्क में है और उसे ढूंढने में अमेरिका के अधिकारियों की मदद कर रहा है।

श्रीनिवासैया भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के पूर्व छात्र है और अमेरिका बर्कले में रासायनिक एवं जैवआणविक इंजीनियरिंग से स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे हैं। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, वह मंगलवार से लापता हैं। आखिरी बार उन्हें बर्कले में ड्वाइट वे के 1700 ब्लॉक के पास देखा गया था। बर्कले पुलिस विभाग ने उसके गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है और लोगों से उनके बारे में कोई भी जानकारी देने की अपील की है। ईस्ट बे रीजनल पार्क डिस्ट्रिक्ट की मदद से लेक अंजा और बर्कले हिल्स के आस-पास के इलाकों में तलाश की कोशिशें की जा रही हैं। सामुदायिक और पुलिस सूत्रों के मुताबिक, श्रीनिवासैया का बैकपैक (जिसमें उनका पासपोर्ट और लैपटॉप था) टिल्डेन रीजनल पार्क के पास एक घर के पास मिला, जिससे तलाश अभियान और तेज हो गई है।



# प्यार, सस्पेंस और एक्शन का संगम है ओ रोमियो

**मुंबई।** अंडरवर्ल्ड पर बनी फिल्मों की कमी नहीं है, लेकिन कुछ कहानियां ऐसी होती हैं जो शोर नहीं मचाती, बल्कि धीरे धीरे अपनी पकड़ बनाती हैं। ओ रोमियो भी वैसी ही फिल्म है। यह एक ऐसी कहानी है जो पहले आपको किरदारों के करीब लाती है और फिर दूसरे हिस्से में उनके बीच छिपे राज खोलती है। विशाल भारद्वाज और शाहिद कपूर की जोड़ी एक बार फिर दर्शकों को एक गंभीर, भावनात्मक और रहस्यमय सफर पर ले जाती है। आज ओ रोमियो सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म की लेंथ 2 घंटा 59 मिनट है। फिल्म की कहानी 1995 के मुंबई में सेट है, जहां अपराध और सत्ता का खेल खुलेआम खेला जा रहा है। शाहिद कपूर उस्तरा नाम के एक खतरनाक सुपारी किलर बने हैं, जो समुद्र किनारे एक पुराने जहाज में रहता है। वह अपराधियों को मारता है, लेकिन उसके अपने नियम हैं। इंस्पेक्टर खान यानि नाना पाटेकर के साथ उसका रिश्ता भी सीधा नहीं है, बल्कि जरूरत और मजबूरी से जुड़ा हुआ है। उसकी असली वजह फिल्म के पहले हिस्से में पूरी तरह सामने नहीं आती। यहीं से कहानी में सस्पेंस पैदा होता है। उस्तरा और अफशां के बीच एक अजीब सा रिश्ता बनता है, जिसमें भरोसा भी है और शक भी। फिल्म का दूसरा हिस्सा इसी रिश्ते के असली मायने खोलता है। अफशां का मकसद, उस्तरा की कमजोरी और दोनों का अतीत जब सामने आता है, तब कहानी पूरी तरह रंग पकड़ती है। यही सस्पेंस फिल्म को साधारण गैंगस्टर कहानी बनने से रोकता है।

**एक्टिंग**- शाहिद कपूर ने उस्तरा के किरदार को बेहद असरदार तरीके से निभाया है। उनके चेहरे की खामोशी, आंखों का गुस्सा और एक्शन सीन में उनकी आक्रामकता किरदार को मजबूत बनाती है। कई दृश्य ऐसे हैं जहां शाहिद बिना बोले ही भावनाएं जाहिर कर देते हैं। यह उनके करियर के बेहतरीन अभिनय में से एक माना जा सकता है। तृप्ति डिमरी अफशां के किरदार में चौंकाती हैं। पहले हिस्से में वह शांत और संयमित नजर आती हैं, लेकिन दूसरे हिस्से में जब उनके किरदार की परतें खुलती हैं, तब उनका आत्मविश्वास और आक्रोश साफ दिखाई देता है। शाहिद और तृप्ति के बीच की केमिस्ट्री बनावटी नहीं लगती और कहानी को आगे बढ़ाती है।

विशाल भारद्वाज कहानी को जल्दबाजी में नहीं दौड़ाते। पहला हिस्सा जानबूझकर धीमा रखा गया है ताकि किरदारों की परतें तैयार हो सकें। यही तैयारी दूसरे हिस्से में काम आती है। जब कहानी अपने मोड़ लेती है, तब दर्शक भावनात्मक रूप से पहले से जुड़ा होता है। छायांकन मुंबई के उस दौर को जीवंत करता है। अंधेरे रंग, समुद्र का किनारा और तंग गलियां कहानी के मूड को मजबूत करती हैं। संपादन संतुलित है और पटकथा में भावनाओं, सस्पेंस और हिंसा के बीच तालमेल बना रहता है। संवाद कम हैं, लेकिन असरदार हैं। शाहिद कपूर का सधा हुआ और दमदार अभिनय दिखा है। शाहिद और तृप्ति के किरदारों के बीच छुपा सस्पेंस दूसरे हिस्से की कहानी में खुलता है। संगीत और संवादों के बीच का संतुलन अच्छा है। फिल्म का पहला हिस्सा कुछ दर्शकों को धीमा लग सकता है, कुछ गैंगस्टर किरदार ज्यादा विस्तार मांगते हैं।

**फिल्म का संगीत**- फिल्म का संगीत कहानी के साथ बहता है। विशाल भारद्वाज का संगीत और गुलजार के बोल गानों को फिल्म का हिस्सा बनाते हैं, न कि अलग से जोड़ा गया तत्व। रोमांटिक गीतों में सादगी है और नृत्य गीतों में ऊर्जा। पृष्ठभूमि संगीत कई अहम दृश्यों में तनाव और भावनाओं को गहराता है।

**फाइनल वर्डिक्ट**- ओ रोमियो ऐसी फिल्म है जो धैर्य मांगती है और उसका इनाम भी देती है। अगर आप केवल तेज रफ्तार की उम्मीद लेकर जाएंगे, तो पहला हिस्सा भारी लग सकता है, लेकिन अगर कहानी और किरदारों में रुचि रखते हैं, तो दूसरा हिस्सा आपको बांध लेगा। शाहिद कपूर फिल्म को मजबूती से संभालते हैं और तृप्ति डिमरी उनके साथ बराबरी का असर छोड़ती हैं। विशाल भारद्वाज की कहानी कहने की शैली इस फिल्म को खास बनाती है।

**अंडरवर्ल्ड पर बनी फिल्मों की कमी नहीं है, लेकिन कुछ कहानियां ऐसी होती हैं जो शोर नहीं मचाती, बल्कि धीरे धीरे अपनी पकड़ बनाती हैं। ओ रोमियो भी वैसी ही फिल्म है। यह एक ऐसी कहानी है जो पहले आपको किरदारों के करीब लाती है और फिर दूसरे हिस्से में उनके बीच छिपे राज खोलती है। विशाल भारद्वाज व शाहिद कपूर की जोड़ी एक बार फिर धमाल मचाएगी।**

## कृतिका और गौरव ने शादी के लिए चुना सादगी भरा जश्न

**मुंबई।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर इस मार्च अपने जीवन की नई शुरुआत करने जा रहे हैं। इस खास मौके के लिए दोनों ने भव्य और दूर स्थान पर होने वाली बड़ी शादी की जगह एक आधुनिक और सादगी भरा समारोह चुनने का फैसला किया है। शादी की पूरी तैयारी में दोनों खुद सक्रिय रूप से शामिल हैं और हर छोटी-बड़ी बात को ध्यान में रखकर योजना बना रहे हैं। उनका मकसद अपनी शादी को बिना दिखावे के, सादगी और अर्थपूर्ण



तरीके से मनाना है। अपनी सादगी भरी सोच के लिए पहचाने जाने वाले कृतिका और गौरव चाहते हैं कि उनकी शादी उनके स्वभाव और उनकी सोच को दर्शाए। साफ-सुथरी, सुंदर और आधुनिक शैली को अपनाने का उनका फैसला किसी चलन के कारण नही, बल्कि अपनी असली पहचान को बनाए रखने के लिए है। सूत्रों के अनुसार, कृतिका और गौरव के लिए शादी कभी भी बड़े स्तर का प्रदर्शन नही थी, बल्कि उसका महत्व ज़्यादा है। उन्होंने दूर स्थान पर शादी करने के बजाय मुंबई में एक सादा, निजी और आधुनिक समारोह रखने का फैसला किया है। वे चाहते हैं कि यह जश्न उनकी सोच और मूल्यों को दिखाए। हर चीज़ को बहुत सोच-समझकर चुना जा रहा है। सजावट से लेकर पहनावे तक, हर बात में उनकी सादगी और सच्चाई झलकेगी। शादी का यह समारोह आत्मीयता और अपनेपन पर केंद्रित होगा। सजावट और पूरी व्यवस्था में सादगी और सुंदरता पर घेर दिया जाएगा, जिससे माहौल व्यक्तिगत और दिल के करीब महसूस हो।




## नमित मल्होत्रा ने बताई रामायण बनाने की वजह

**मुंबई।** फिल्म निर्माता नमित मल्होत्रा ने फिल्म रामायण बनाने की वजह बताई है। नमित मल्होत्रा की आने वाली फिल्म रामायण भारतीय सिनेमा में अब तक की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। इसके टाइटल-रिवील वीडियो के साथ, दर्शकों को इसकी भव्य दुनिया की एक झलक दिखाई गई, जिसमें पावरफुल म्यूजिक और एक शानदार स्टार कास्ट नज़र आई, जो भारत के सांस्कृतिक इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण अध्यायों में से एक को बड़े पर्दे पर पहले कभी न देखे गए अंदाज़ में लाने के लिए साथ आए हैं।जैसे-जैसे इस सिनेमैटिक स्पेक्टेकल को लेकर उत्साह बढ़ रहा है, नमित मल्होत्रा ने हाल ही में रामायण के युग को फिर से रचने के अपने विजन और उस स्केल के बारे में बात की जिस पर फिल्म को बनाया जा रहा है। नमित मल्होत्रा ने बताया, यहां मौजूद हर किसी के लिए, रामायण हमारी संस्कृति, हमारी कहानियों और हमारे इतिहास की बुनियाद है। मैंने हॉलीवुड में अपनी जगह बनाने की कोशिश में करीब दो दशक बिताए हैं। फाइनेंस, टेक्नोलॉजी या मेडिसिन जैसे दूसरे अमेरिकी सेक्टरों के उलट, जहां भारतीयों ने बड़ी कामयाबी हासिल की है, हॉलीवुड में हमारी कोई खास पहचान नही थी। हमारी इंडस्ट्री, हमारे इतिहास या हमारी संस्कृति को वहां उतनी अहमियत नहीं दी जाती थी। उस सफर के दौरान, मुझे यह सोचकर चिढ़ होती थी कि हमें अक्सर एक उभरते हुए देश के नजरिए से देखा जाता है।






## सलमान खान स्टारर फिल्म बैटल ऑफ गलवान का गाना मैं हूं हुआ रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान स्टारर फिल्म बैटल ऑफ गलवान का गाना मैं हूं रिलीज़ हो गया है। मातृभूमि को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, जिसने सभी प्लेटफॉर्म्स पर 50 मिलियन व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है, अब सलमान खान फिल्म्स ने बैटल ऑफ गलवान से सबसे ज्यादा इंतेज़ार किया जाने वाला वैलेंटाइन स्पेशल रोमांटिक ट्रैक मैं हूं पेश किया है। सलमान खान और चित्रांगदा सिह पर फिल्माया गया यह पूरा गाना अब रिलीज हो चुका है और यह फिल्म की भावनाओं को खूबसूरती से समेटे हुए है। सोशल मीडिया हैंडल पर गाना शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, मैं हूं एक रिश्ते के भीतर के प्यार को बखूबी दर्शाता है, जिसमें परिवार के साथ बिताए हंसी-खुशी के पलों से लेकर अकेलेपन और खामोश इंतज़ार तक का सफर दिखाया गया है। यह गाना एक फौजी के परिवार की जिदगी के उतार-चढ़ाव को बड़ी कोमलता से पेश करता है।घर पर बिताए खुशनुमा दिनों की गर्माहट और फिर ड्यूटी की पुकार पर होने वाली जुदाई का वो मीठा सा दर्द। यह इमा. शनल बदलाव कहानी में इस तरह पिरोया गया है कि गाना दिल को छू लेने वाला और बेहद मार्मिक बन जाता है। अयान लाल, जो इस फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर और कंपोजर भी हैं, उन्होंने एक ऐसी सुकून देने वाली धुन दी है जो गाना खत्म होने के बाद भी ज़हन में बनी रहती है। श्रेया घोषाल और अयान लाल की आवाज़ ने इस ट्रैक की भावनाओं को और भी गहरा बना दिया है। वही, अयान लाल और शब्बीर अहमद के लिखे बोल बहुत ही सटीक और दिल को छू लेने वाले हैं, जो एक फौजी के पीछे खड़े उसके परिवार की कुर्बानियों और उनकी खामोश ताकत को बयां करते हैं।

# रागिनी 3 में तमन्ना भाटिया और जुनैद खान की जोड़ी आएगी नजर

**मुंबई।** बालाजी मोशन पिक्चर्स ने थ्रिलिंग डेट नाइट हॉरर फिल्म रागिनी 3 का ऐलान किया है। इस फिल्म में लीड रोल में तमन्ना भाटिया होंगी और उनके साथ जुनैद खान नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन शशांक घोष करेंगे।

रागिनी 3 एक नए और रोमांचक चैप्टर की शुरुआत है, जिसमें एक शानदार टीम एक साथ आई है। शशांक घोष निर्देशक के तौर पर शामिल हैं, जबकि साहिर रजा अभी भी प्रोजेक्ट की क्रिएटिव ताकत बने हुए हैं। इस सहयोग से फिल्म का स्केल नई ऊंचाइयों तक पहुंच गया है और इसे इस जॉनर की सबसे प्रत्याशित फिल्मों में से एक बना दिया है।

यह शशांक घोष और बालाजी मोशन पिक्चर्स की फिर से साथ आनाभी है, जिन्होंने पहले वीरे दी वेडिग और फेडी जैसी सफल फिल्मों पर साथ काम किया था। ऐसे में रागिनी 3 के साथ टीम का मकसद एक बोल्ड, फेश और स्टाइलिश डेट नाइट हॉरर एक्सपीरियंस देना है।

तमन्ना भाटिया, जो अपनी अलग-अलग भूमिकाओं और स्क्रीन पर मजबूती के लिए जानी जाती हैं, लीड रोल में होंगी और कहानी में ग्लैमर, इंटेंसिटी और रोमांच जोड़ेंगी। फिल्म के लिए वह हमेशा ही सही चॉइस थी। जुनैद खान उनके साथ जुड़ रहे हैं, जो अपने अलग और खास रोल्स के लिए पसंद किए जाते हैं। कहना गलत नही होगा कि यह जोड़ी स्क्रीन पर नया और मज़ेदार अनुभव देने वाली है।

एकता कपूर की बालाजी मोशन पिक्चर्स, जो बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का हिस्सा है, द्वारा प्रोड्यूस की जा रही रागि. नी 3 पहले ही जोरदार चर्चा में है। प्रोजेक्ट के बारे में और जानकारी अभी नही दी गई है, लेकिन इस डेट नाइट हॉरर को लेकर उत्सुकता लगातार बढ़ती जा रही है।